राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 80
लखनऊ, गुरुवार 20 नवम्बर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जनता के सबसे निकट होते हैं विधायक : सतीश महाना 03

13 माह बाद भी नहीं लिखा गया मुकदमा 12


# देशभर में 29 हजार से अधिक उन्नत शौचालयों को मंजूरी

▸ विभिन्न राज्यों में जनप्रतिनिधियों ने कई उन्नत शौचालयों का किया उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्वच्छता सुविधाओं को और मजबूत करने के लिए देशभर में 3,920 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) को 29,276 उन्नत शौचालयों को मंजूरी दी है।

साथ ही पूरे देश के विभिन्न राज्यों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कई उन्नत शौचालयों का उद्घाटन किया गया, जबकि कई स्थानों पर नए शौचालयों का शिलान्यास भी हुआ।

इन शौचालयों की स्वीकृति केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 1 यूएलबी को 8 सीटें, आंध्र प्रदेश में 123 यूएलबी को 780 सीटें, अरुणाचल प्रदेश में 48 यूएलबी को 20 सीटें, असम में 96 यूएलबी को 204 सीटें, बिहार में 13 यूएलबी को 224 सीटें, छत्तीसगढ़ में 156 यूएलबी को 1002 सीटें और गोवा में 13 यूएलबी को 142 सीटें स्वीकृत की गई हैं।

गुजरात में 201 यूएलबी को 2627 सीटें, हिमाचल प्रदेश में 51 यूएलबी को 56 सीटें, जम्मू-कश्मीर में 80 यूएलबी को 375 सीटें, झारखंड में 49 यूएलबी को 765 सीटें, कर्नाटक में 313 यूएलबी को 1223 सीटें, केरल में 93 यूएलबी को 1138 सीटें और मध्य प्रदेश में 220 यूएलबी को 5131 सीटें दी गई हैं। महाराष्ट्र में 356 यूएलबी को 4385 सीटें, मणिपुर में 27 यूएलबी को 29 सीटें, मिज़ोरम में 23 यूएलबी को 86 सीटें, नगालैंड में 19 यूएलबी को 16 सीटें, ओडिशा में 114 यूएलबी को 355 सीटें, पंजाब में 166 यूएलबी को 1912 सीटें, राजस्थान में 72 यूएलबी को 888 सीटें और सिक्किम में 6 यूएलबी को 26 सीटें आवंटित की गई हैं। तमिलनाडु में 649 यूएलबी को 3762 सीटें, तेलंगाना में 141 यूएलबी को 1357 सीटें, उत्तर प्रदेश में 762 यूएलबी को 1307 सीटें और पश्चिम बंगाल में 128 यूएलबी को 1458 सीटें स्वीकृत की गई हैं।

## केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मिले यूपी के औद्योगिक मंत्री नंदी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी की अध्यक्षता में मंगलवार को वाणिज्य भवन दिल्ली में उद्यमी एवं व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश के हर राज्य व केंद्र शासित प्रदेश से अलग-अलग उद्योग व व्यापार जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अग्रणी भूमिका निभाकर उद्योग एवं व्यापार जगत को और अधिक ऊंचाई प्रदान करने के लक्ष्य पर विस्तृत चर्चा हुई।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,25,010/ |
| 22 कैरेट | = | 1,14600/ |
| 18 कैरेट | = | 93,790/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 168,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### आईएसआईएस नेटवर्क से जुड़े दो नाबालिगों की पहचान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आईएसआईएस के नेटवर्क को लेकर आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने बड़ा खुलासा किया है। रायपुर एटीएस ने 2 ऐसे लड़कों की पहचान की है जिन्होंने इंस्टाग्राम के जरिए पाकिस्तानी हेंडलर्स ने संपर्क बनाया था। जानकारी के मुताबिक, जिन दो नाबालिगों की पहचान की गई है, उनमें एक रायपुर और दूसरा भिलाई का रहने वाला है। खुफिया एजेंसी करीब डेढ़ साल से इन पर नजर रख रही थी। जांच एजेंसियों को इनके पास मिले मोबाइल से कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाले कई मैसेज और वीडियो संदेश मिले हैं। इन नाबालिगों के जरिए से अंदरूनी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहा था। जांच में पता चला है कि ये दोनों लड़के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए पाकिस्तान स्थित हैंडलरों के संपर्क में थे। इस मामले में एटीएस ने बीती देर रात गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम, 1967 (यूएपीए) के तहत पहली एफआईआर दर्ज की है।

### पीएम ने दी पहली महिला पीएम इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी 108वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखआ, श्श्पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि। भारत की पहली और एकमात्र महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी 1966 से 1977 तक और फिर 1980 से 1984 में उनकी हत्या होने तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। उन्हें भारत में उनके सशक्त नेतृत्व एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के लिए याद किया जाता है। उनकी विरासत आज भी भारतीयों को प्रेरित करती है और देश के विकास एवं समृद्धि में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है।

### मारेडुमिली वन क्षेत्र में मुठभेड़ में कई नक्सली हुए ढेर

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश इंटेलिजेंस के एडीजी महेश चंद्र लड्डा ने मारेडुमिली वन क्षेत्र में बुधवार की सुबह हुई मुठभेड़ की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि मृतकों में श्रीकाकुलम का नक्सली जोगाराव उर्फ टेक शंकर भी शामिल है। हालांकि अन्य नक्सलियों के मारे जाने के बारे में पूरी जानकारी अभी नहीं मिली है। मुठभेड़ घने जंगलों में हुई है, ऐस में मृतकों की पहचान में समय लगना स्वाभाविक है। हालांकि मुठभेड़ में छत्तीसगढ़ के बस्तर में सुरक्षा बलों के 131 जवानों की हत्या का आरोपित नक्सली थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवजी के मारे जाने की खबर है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। एडीजी लड्डा बुधवार सुबह 11 बजे विजयवाड़ा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि बेहतर होगा कि बाकी नक्सली आत्मसमर्पण कर दें। आत्मसमर्पण करने वे तेलंगाना की पुलिस के समक्ष भी जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नक्सली छत्तीसगढ़ और तेलंगाना से आंध्र प्रदेश में आने की कोशिश कर रहे हैं। ऐस में कड़ी निगरानी की जा रही है।

# किसानों को 18,000 करोड़ जारी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की जारी

एजेंसी

**कोयंबटूर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के तहत 9 करोड़ किसानों को 18,000 करोड़ रुपये जारी किए।

किसान सम्मान निधि की राशि जारी करने के बाद श्री मोदी ने यहां आयोजित कोडिसिया व्यापार मेला परिसर में दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में दक्षिणी राज्यों के 5,000 से अधिक किसान और विभिन्न किसान संघों के सदस्य शामिल हुए। इससे पहले प्रधानमंत्री ने एक किसान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया, जिसमें विभिन्न कृषि उत्पादों और नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर उन्होंने किसान संगठनों के सदस्यों के साथ व्यापक बातचीत की। सदस्यों ने उन्हें कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों के बारे में अवगत कराया। किसान संगठन के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन और अन्य गणमान्य हस्तियां मौजूद रही।



### योगी ने पीएम का जताया आभार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का उपहार देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोयम्बटूर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी की। इससे देश के 9 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18000 करोड़ रुपये आए। वहीं इससे उत्तर प्रदेश के भी 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए। सशक्त कृषि-आत्मनिर्भर किसान के संकल्प को किया और मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार अन्नदाता किसानों के सम्मान एवं कल्याण के लिए निरंतर समर्पित भाव से कार्यरत है।

### श्री सत्य साईं बाबा की शताब्दी शांति और सेवा का उत्सव : मोदी

**प्रधानमंत्री ने बाबा को समर्पित 100 रुपये का स्मारक सिक्का व विशेष डाक टिकट भी किया जारी**

**पुट्टापर्थी (आंध्र प्रदेश)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि श्री सत्य साईं बाबा का शताब्दी वर्ष केवल एक धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि सार्वभौमिक प्रेम, शांति और सेवा की भावना का एक विराट उत्सव है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साईं बाबा ने अपने जीवन और कार्यों से 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भारतीय विचार को वैश्विक रूप दिया और आज भी उनकी शिक्षाएं करोड़ों लोगों की प्रेरणा बनी हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी यहां श्री सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने बाबा को समर्पित 100 रुपये का स्मारक सिक्का और विशेष डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा का जीवन मानवता के लिए एक संदेश था, जिसमें सेवा, प्रेम और करुणा सर्वोच्च स्थान पर थे। पुट्टापर्थी की यह पावन भूमि हमेशा से आध्यात्मिक चेतना का केंद्र रही है और यहां होना उनके लिए एक भावनात्मक अनुभव है। मोदी ने बताया कि समारोह में शामिल होने से पहले उन्हें श्री सत्य साईं बाबा की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता की जड़ें सेवा से जुड़ी हुई हैं और यह भावना हमारे धर्म, दर्शन और परंपराओं में रची-बसी हैं। चाहे भक्ति का मार्ग हो, ज्ञान का मार्ग हो या कर्म का- हर मार्ग सेवा के मार्ग पर ही ले जाता है। इसी परंपरा को श्री सत्य साईं बाबा ने अपने संपूर्ण जीवन में जिया।

### मोदी जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 से 23 नवंबर तक दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग का दौरा करेंगे। वे वहां दक्षिण अफ्रीका द्वारा आयोजित 20वें जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह लगातार चौथी बार है जब जी20 शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ में आयोजित हो रहा है, और इस बार भी प्रधानमंत्री मोदी वैश्विक मुद्दों पर भारत की स्पष्ट और प्रभावशाली दृष्टि दुनिया के सामने रखेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री शिखर सम्मेलन के तीनों प्रमुख सत्रों में अपने विचार व्यक्त करेंगे। पहला सत्र समावेशी और सतत आर्थिक विकास—किसी को पीछे न छोड़ना पर केंद्रित रहेगा, जिसमें अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण, व्यापार की भूमिका, विकास के लिए वित्तपोषण और ऋण बोझ जैसे विषयों पर चर्चा होगी। दूसरा सत्र एक सक्षम और लचीली दुनिया—जी20 का योगदान पर आधारित होगा

### ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट 2021 की धारा 3, 5 व 7 असंवैधानिक करार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 की धारा 3, 5 एवं 7 को असंवैधानिक करार देते इसे निरस्त कर दिया है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने स्पष्ट किया कि संसद केवल उन प्रावधानों को दोबारा लागू नहीं कर सकती जिन्हें कोर्ट पहले ही निरस्त कर चुका है, जब तक उनके मूल संवैधानिक दोषों को दूर न कर दिया जाए। कोर्ट ने कहा कि 50 वर्ष की न्यूनतम आयु सीमा, चार साल का कार्यकाल और सर्च सह चयन समिति की प्रक्रिया से जुड़े प्रावधान शक्तियों के पृथक्करण और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं। जस्टिस के विनोद चंद्रन ने टिप्पणी की कि ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट रद्द किए गए अध्यादेश की ही एक प्रति है। कोर्ट ने कहा कि यह नई बोतल में पुरानी शराब है। यह मामला ट्रिब्यूनलों की स्वतंत्रता को लेकर चल रही लंबी कानूनी लड़ाई का हिस्सा है। उच्चतम न्यायालय ने अपने पहले के फैसलों में ट्रिब्यूनल के सदस्यों के कार्यकाल और आयु सीमा से जुड़े नियमों को निरस्त किया था। इसके बावजूद, संसद ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 पारित किया, जिसमें पुराने प्रावधानों को फिर से शामिल किया गया।

## रेलवे डिप्टी चीफ इंजीनियर सहित चार लोग 98 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के डिप्टी चीफ इंजीनियर (निर्माण) आलोक कुमार सहित चार लोगों को 98 लाख 81 हजार 500 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोप है कि रेलवे अधिकारी ठेकेदार कंपनी को घटिया निर्माण सामग्री इस्तेमाल करने की छूट देकर सरकारी खजाने को करोड़ों का चूना लगा रहे थे। सीबीआई के अनुसार, एजेंसी ने 17 नवंबर को जाल बिछाया था। डिप्टी चीफ इंजीनियर के दफ्तर के ठीक बाहर से पूरी रकम 8 अलग-अलग लिफाफों, पैकेटों और थैलियों में बंद मिली, जिन पर अलग-अलग कोड-नेम लिखे हुए थे।

एजेंसी ने ऑफिस सुपरिंटेंडेंट आलोक कुमार दास को ठेकेदारों से रिश्वत लेते मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अन्य आरोपित के नाम ठेकेदार कंपनी एम/एस जेपीडब्ल्यू इंफ्राटेक के प्रोजेक्ट मैनेजर गोविंद भुल्लर उर्फ अमन भुल्लर और कर्मचारी सूरज प्रसाद है। ट्रैप के फौरन बाद डिप्टी चीफ इंजीनियर आलोक कुमार को भी हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया। चारों आरोपितों को बुधवार को विशेष सीबीआई अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने सभी को पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इसके बाद सीबीआई ने बिहार में 5, झारखंड में 1, छत्तीसगढ़ में 3 और पश्चिम बंगाल में 2 स्थानों समेत कुल 11 ठिकानों पर छापेमारी की है। तलाशी अभी जारी है।

### दिनदहाड़े 7.11 करोड़ की लूट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में बुधवार को एक बड़ी आपराधिक वारदात सामने आई, जहां जयदेव डेयरी सर्किल फ्लाईओवर पर अज्ञात लुटेरों ने एक एटीएम कैश वैन को रोककर 7 करोड़ 11 लाख रुपये लूट लिए। लुटेरों ने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का अधिकारी बताकर वारदात को अंजाम दिया। घटना तब हुई जब कैश वैन साउथ एंड सर्कल से एक एटीएम में पैसे डालने जा रही थी। रास्ते में एक इनोवा कार में आए 6-7 लोगों ने वैन को रोक लिया, स्टाफ को नीचे उतारकर धमकाया और ड्राइवर को गाड़ी समेत डेयरी सर्किल तक ले गए। वहां फ्लाईओवर पर कैश वैन से पैसे इनोवा में डालकर आरोपी फरार हो गए। घटना के समय वैन में कुल चार सीएमएस कर्मचारी, ड्राइवर, दो बंदूकधारी सुरक्षा कर्मी और एक नकदी जमा करने वाला व्यक्ति मौजूद था।

### रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में ईडी ने लालू परिवार के करीबी को किया गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुग्राम में घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के एक मामले में राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार के करीबी माने जाने वाले रियल एस्टेट कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कात्याल को एजेंसी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया। गुरुग्राम की एक विशेष अदालत ने उसे छह दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया। यह जांच गुरुग्राम के सेक्टर-70 में 14 एकड़ में बने 'क्रिश फ्लोरेंस एस्टेट' में फ्लैट्स को न सौंपने के आरोपों से संबंधित है।

## नीतीश कुमार आज 10वीं बार लेंगे बिहार के सीएम पद की शपथ

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री के रुप में नीतीश कुमार गुरुवार को पटना के गांधी मैदान में 10वीं बार शपथ लेंगे। पटना के गांधी मैदान में सुबह 11.30 बजे सेशपथ ग्रहण समारोह होगा। यह एक भव्य समारोह होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई शीर्ष नेता शामिल होंगे। उनके साथ ही भाजपा के कोटे से दो उपमुख्यमंत्री भी शपथ लेंगे।

साल 2000 के 03 मार्च में विधानसभा चुनाव में न राजद और न ही राजग को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। इसके बावजूद राज्यपाल ने नीतीश कुमार (तत्कालीन समता पार्टी-राजग) को सरकार बनाने का न्यौता दिया। उन्होंने 3 मार्च 2000 को पहली मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हालांकि, विश्वास मत से पहले ही बहुमत साबित न कर पाने की स्थिति में उन्होंने 10 मार्च 2000 को इस्तीफा दे दिया। ये सरकार सिर्फ 7 दिन चली।?

### उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष पद के लिए 10 दिसंबर तक आवेदन

**लखनऊ।** यूपी शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग-5 द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग संशोधन अध्यादेश के प्राविधानों के अंतर्गत आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आयोग में अध्यक्ष का 1 पद रिक्त है, निर्धारित प्रारूप में बायोडाटा सहित 10 दिसम्बर सायं 6 बजे तक आवेदन भेज सकते हैं। निर्धारित अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। विशेष सचिव गिरिजेश त्यागी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पंजीकृत डाक द्वारा विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-5, नवीन भवन, कक्ष संख्या-40, उप्र शासन, लखनऊ के नाम से भेजें।

## गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से लाये जाने पर एनआईए ने किया गिरफ्तार

एजेंसी





**नयी दिल्ली।** खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से प्रत्यर्पित कर दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर उतरते ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अनमोल पर हत्या, अपहरण और जबरन वसूली जैसे गंभीर आरोप हैं और वह लंबे समय से फरार था।

वर्ष 2022 से फरार और अमेरिका में रह रहा अनमोल बिश्नोई जेल में बंद अपने भाई लॉरेंस बिश्नोई की अगुवाई वाले आतंकी सिंडिकेट में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार होने वाला 19वां आरोपी है। मामले की जाँच के बाद यह स्थापित हुआ कि अनमोल ने 2020-2023 की अवधि के दौरान देश में विभिन्न आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने में नामित आतंकवादी गोल्डी बरार और लॉरेंस बिश्नोई की सक्रिय रूप से सहायता की थी। एनआईए ने मार्च 2023 में अनमोल के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। गौरतलब है कि अनमोल पर सिद्धू मूसेवाला और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड और बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर फायरिंग सहित गंभीर मामले दर्ज हैं।एनआईए ने उस पर दस लाख का ईनाम घोषित किया था। अनमोल पर कुल 18 मामले दर्ज हैं, जिनमें जबरन वसूली, हत्या और हथियार तस्करी शामिल हैं। गिरोह के विभिन्न सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुये अनमोल ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए अमेरिका से आतंकवादी सिंडिकेट चलाना और आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देना जारी रखा। इसके लिए उसने जमीनी स्तर पर अपने गुर्गों का इस्तेमाल किया।

बैठक

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की सिंचाई व जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा

# नहर व्यवस्था को मजबूत बनाने को 95 नई परियोजनाएं मंजूर

राज्य ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक में नहर व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 95 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की।

उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं प्रदेश के कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने और किसानों को समयबद्ध सिंचाई उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। अधिकारियों के अनुसार कुल 39453.39 लाख की लागत वाली इन परियोजनाओं के पूर्ण होने पर 36 हजार हेक्टेयर भूमि में सिंचाई क्षमता पुनर्स्थापित होगी, जिससे लगभग नौ लाख किसान और ग्रामीण आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। साथ ही 273 हेक्टेयर विभागीय राजकीय भूमि को संरक्षित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी स्वीकृत कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण हों और गुणवत्ता पर किसी भी स्थिति में समझौता न किया जाए।

अधिकारियों ने बैठक में बताया कि नहर पुनर्स्थापना से जुड़ी इन 95 परियोजनाओं में नहर प्रणाली के गैप्स में नहर निर्माण, हेड रेगुलेटर, क्रॉस रेगुलेटर, साइफन, फॉल तथा अन्य पक्की संरचनाओं का निर्माण शामिल है। अधिकारियों के मुताबिक नहरों के आंतरिक एवं बाह्य सेक्शन के सुधार, फिलिंग रीच में लाइनिंग के कार्य, क्षतिग्रस्त कुलाबों के पुनर्निर्माण, नहरों पर पुल-पुलियों के निर्माण एवं मरम्मत तथा नहर पटरियों पर खड़ंजा निर्माण को भी परियोजनाओं में शामिल किया गया है।

### सिंचाई के अभाव में फसल प्रभावित न हो यही सरकार का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य केवल निर्माण नहीं बल्कि जल प्रबंधन की दक्षता, किसान हित, कृषि उत्पादन वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई भी किसान सिंचाई के अभाव में अपनी फसल प्रभावित न होने पाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभाग को अनुपयोगी पड़ी भूमि के सर्वेक्षण और उसके सदुपयोग हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय भूमि का सुविचारित उपयोग विभाग की आय संवर्द्धन में सहायक होगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रबंधन से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आगामी वर्ष की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां जनवरी माह से प्रारंभ कर दी जाएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि समय रहते आगे की कार्यवाही सुनिश्चित हो सके।

## तैयारी पूरी : अयोध्या धाम में 25 से निरंतर गूंजेगी राम धुन

▸ सजाए जाएंगे चौक-चौराहे, सप्ताह भर चलेगा विशेष स्वच्छता अभियान

प्रदीप कुमार श्रीवास्तव

**अयोध्या।** धाम नगरी अयोध्या नगर निगम ने आगामी 25 नवंबर को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर प्रस्तावित धर्म ध्वजारोहण कार्यक्रम को भव्य बनाने की पूरी तैयारी की है। नगर निगम के पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से भगवान राम के भजन एवं हनुमान चालीसा का पाठ निरंतर प्रसारित किया जाएगा। नगर के सभी चौराहों एवं अंडर पास को फूलों से सजाया जाएगा।

महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने बुधवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए इसकी जानकारी दी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक चौराहे को फूलों से सजाया जाएगा और सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा, ताकि अयोध्या आने वाले अति विशिष्ट जन, श्रद्धालु, स्थानीय नागरिक सुखद अनुभूति कर सकें। नगर निगम ने सफाई के लिए 1546 स्वच्छता कर्मी लगाया गया है। अयोध्या धाम में 470 अस्थाई एफआरपी टॉयलेट 29 मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार से एक सप्ताह के लिए नगर क्षेत्र के 60 वार्डों में विशेष सफाई एवं प्लास्टिक मुक्त अभियान छेड़ा गया है।

# निरीक्षण में 10 डग्गामार वाहन किए गए सीज

## आईजी रेंज देवीपाटन अमित पाठक के नेतृत्व में डग्गामार वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई

**गोण्डा के प्रमुख चौराहों- गुरुनानक चौराहा, एलबीएस चौराहा, रोडवेज बस स्टॉप तथा बहराइच रोड पर डग्गामार वाहनों द्वारा अवैध रूप से सवारियाँ बिठाने, रोड अतिक्रमण करने तथा यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चला कर कार्रवाई**



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** बुधवार की सुबह आईजी रेंज देवीपाटन अमित पाठक के नेतृत्व में डग्गामार वाहनों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान पाया गया कि डग्गामार कार/बस चालक शहर के मुख्य चौराहों पर वाहन खड़ा कर अवैध टैक्सी स्टैण्ड बना कर सवारियां बिठा रहे थे, जिससे वहाँ पर लगातार यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी, जिससे आमजनमानस को असुविधा होने के साथ-साथ उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम को भी राजस्व की हानि हो रही थी। अतएव इन समस्याओं के दृष्टिगत इस कार्रवाई में 02 प्राइवेट बसें तथा 08 छोटे सवारी वाहनों के विरुद्द वैधानिक कार्रवाई करते हुए सभी को सीज किया गया है।

वाहनों की चेकिंग के दौरान एक निजी कार में नियम विरुद्द लाल-नीली फ्लैशर बत्ती लगी पाई गई, जिसके विरुद्द भी नियम संगत कार्यवाही की गयी। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा बताया गया कि शहर में यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, रोड अतिक्रमण तथा सवारी ढोने के नाम पर होने वाली अव्यवस्थाओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगे भी ऐसे अभियानों को निरंतर रूप से चलाया जाएगा एवं इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों की भी जवाबदेही तय की जायेगी। इस दौरान रोडवेज विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे।



### सुबह की अनियमितता के क्रम में पूरी चौकी लाइन हाजिर

तत्क्रम में पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा गुरुनानक पुलिस चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों की लापरवाही परिलक्षित होने पर 05 पुलिसकर्मियों क्रमशः उ0नि0 विकास गुप्ता, आरक्षी समरपाल वर्मा, आरक्षी विपिन कुमार गौतम, आरक्षी आदित्य कुमार एवं आरक्षी मदन कुमार को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर किये जाने के निर्देश दिए गए।

# पीएम किसान सम्मान निधि हस्तान्तरण का सजीव प्रसारण संपंन, किसानों को राशि हस्तांतरित



समृद्धि न्यूज

**मनकापुर/गोंडा।** कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में बुधवार को प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सजीव प्रसारण का कार्यक्रम कृषकों को दिखाया गया। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री भारत सरकार ने कृषकों के खाते में रुपया 18 हजार करोड़ रुपए की धनराशि हस्तांतरित की तथा कृषकों से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सदुपयोग का आवाह्न किया।डॉ. एस.के. वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने कृषकों से वैज्ञानिक खेती करने का आवाह्न किया । डा. राम लखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने दलहनी तिलहनी फसलों की वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक, डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे मृदा वैज्ञानिक, डा. ज्ञानदीप गुप्ता मत्स्य वैज्ञानिक, डॉ. दिनेश कुमार पांडे फॉर्म मैनेजर सहित निखिल सिंह कार्यालय अधीक्षक एवं लेखाकार, उत्कर्ष विजय सिंह, विक्रम सिंह यादव चालक उपस्थित रहे । रवि प्रताप सिंह एडीओ एजी ने राजकीय कृषि बीज भंडार एवं कृषि रक्षा इकाई में उपलब्ध कृषि निवेशों की जानकारी दी । इस अवसर पर कृषि विभाग के राजेश जायसवाल बीटीएम, कॉमलेंद्र सिंह एटीएम, मनोज कुमार पांडे ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की । प्रगतिशील कृषकों राजेश तिवारी, राजेश कुमार वर्मा, अकील अहमद, विनोद कुमार तिवारी आदि ने प्रतिभाग कर प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना।

## खबरें एक नजर में

### अवैध मिट्टी खनन में पोकलैंड मशीन सहित डंपर जब्त

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। खनन विभाग और नवाबगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने नवाबगंज-अयोध्या रिंग रोड निर्माण की आड़ में चल रहे अवैध मिट्टी और बालू खनन का भंडाफोड़ किया। इस दौरान गोकुला गांव में छापेमारी कर एक पोकलैंड मशीन, एक जेसीबी और सात डंपर जब्त किए गए है। यह कार्रवाई तब सामने आई जब खनन विभाग के सर्वेयर मनोज कुमार बालू के नए ठेके के लिए जमीन का निरीक्षण करने आए थे। इसी दौरान उन्हें अवैध मिट्टी खनन की जानकारी मिली, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई। खान निरीक्षक डॉ. अभय रंजन ने बताया कि टीम को लंबे समय से रिंग रोड परियोजना के बहाने अवैध खनन की सूचनाएं मिल रही थीं। पकड़े गए लोगों के पास मिट्टी खनन की कोई अनुमति या वैध कागजात नहीं थे। उन्होंने जोर दिया कि बिना अनुमति के मिट्टी और बालू का उत्खनन खनन किया गया तो शख्त कारवाही की जाएगी।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर कोतवाली क्षेत्र के मकार्थी गंज निवासी 35 वर्षीय अजय कुमार पुत्र भगाती प्रसाद का शव बंद कमरे में पाया गया।युवक घर में अकेला रहता था। मंगल वार की देर रात्रि में घर आया था। खाना खा कर सो गया। सुबह देर तक नहीं उठा तो आसपास के लोगों ने इस की सूचना उस की बहन को दिया।बुधवार के दिन उस की बहन घर पर आई। दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विवेक त्रिवेद ने बताया कि दरवाजे को तोड़ कर शव बाहर निकला गया। पंचायत नामा भर कर पोस्ट मार्टम को भेजा गया है। मृतक की बहन ने बताया कि उस का भाई प्रति दिन दारू पीता था। दारू पीने की वजह से उसकी मौत हो गई।

### लावारिस घूम रहे बच्चों को पुलिस ने माता पिता से मिलवाया

**गोंडा,समृद्धि न्यूज।** रोड बेज चौकी प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि तीन बच्चे नाबालिक जिनके नाम, राजन 11वर्ष,गुडिया 9 वर्ष, रोशनी 6 वर्ष ये बच्चे लावारिस अवस्था में बस स्टाप पर घूम रहे थे जिन्हे मिशन शक्ति केन्द्र, नगर ।कोतवाली मे लाया गया। बच्चों की काउंसलिग की गयी और पता व नाम पूछा गया बच्चों ने अपनी माता, का नाम संतोला पत्नी साहेब उर्फ राजकुमार निवासी खरगूपुर बाजार बताया गया । मोबाइल नंबर से बच्चे की माँ को मिशन शक्ति केंन्द्र नगर कोतवाली बुलाया गया। तीनों बच्चो को मां को सुपर्द कर दिया गया।

### भरी बाजार से बाइक चोरी, पुलिसिया तामझाम फेल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र में चोरों का तांडव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। चोर बेखौफ हो गए हैं। थाना क्षेत्र के कोटवा बाजार में साग सब्जी लेने गए कोतवाली नानपारा क्षेत्र के बेतनिया ग्राम पंचायत के लखैया गांव निवासी सिपाही लाल पुत्र मुनेश्वर ने अपनी बाइक यूपी 40 एएम 2787 बाजार के बाहर खड़ी कर। बाजार में सामान खरीदने चले गए। इसी बीच अज्ञात चोर बाइक लेकर फुर्र हो गए। सिपाही लाल ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक को भेजकर जांच करवाई जा रही है। जल्द ही राजफाश किया जाएगा।

### किशोर पर जानलेवा हमला, पुलिस जांच में जुटी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** थाना सुजौली क्षेत्र के ग्राम कारीकोट में 15 वर्षीय प्रीतम, पुत्र सुरेंद्र, पर गांव के ही एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर युवक पीड़ित का पड़ोसी रिश्तेदार बताया जा रहा है। हमले में किशोर का गला रेता गया है, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए पीएचसी सुजौली ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद, किशोर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सीएचसी मिहीपुरवा रेफर कर दिया गया। उसकी स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली गई पदयात्रा



**बलरामपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती के अवसर पर बुधवार को एकता पदयात्रा व जनसभा आयोजित की गई। पूर्व विधायक गैसड़ी शैलेश कुमार सिंह शैलू के नेतृत्व में भोजपुर संतरी से निकली गई, जॉकी एचडी बाजार में जनसभा के बाद समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि सचेतक विधान मंडल भाजपा व कुर्सी विधायक साकेंद्र वर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने आजादी के बाद 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता और एकता को सुदृढ़ किया। उन्होंने राष्ट्र को सर्वोपरि माना। विशिष्ट अतिथि देवरिया विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरदार पटेल के सपनों को डबल इंजन की सरकार पूरा करने का कार्य कर रही है।

# निरीक्षण में आंगनबाड़ी केंद्र व पंचायत भवन में मिली कमियां

**▸ सीडीओ ने किया विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र तथा पंचायत भवन का निरीक्षण कर दिए निर्देश**



समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने विकासखण्ड झंझरी अंतर्गत ग्राम पंचायत पूरे शिवा बख्तावर आंगनबाड़ी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नामांकित बच्चों के सापेक्ष कम बच्चे उपस्थित मिले, तथा बच्चों के पढ़ाई से संबंधित पर्याप्त मात्रा में एजुकेशन किट नहीं पायी गयी, बच्चों के वजन करने हेतु मशीन भी मौके पर उपलब्ध नहीं पायी गयी। जिसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को उपरोक्त कार्यों में लापरवाही के लिए संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

वहीं प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवा बख्तावर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया, जिसमें श्री अरविंद कुमार मिश्र, शिक्षामित्र अनुपस्थित पाए गए। जिसके लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी को उपरोक्त तिथि का वेतन अग्रिम आदेशों तक आहरित न करें तथा अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त कर नियमानुसार उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान कक्षा 1 से 5 तक नामांकित बच्चों के सापेक्ष कम बच्चे उपस्थित पाये गये, तथा कुछ बच्चे यूनिफॉर्म में नहीं थे जिसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बच्चों के अभिभावकों से समन्वय स्थापित कर बच्चों के विद्यालय में शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के साथ-साथ बच्चों को विद्यालय यूनिफार्म में भेजने के लिए अभिभावकों को प्रेरित करें। इसके साथ ही विकास खण्ड झंझरी अंतर्गत पंचायत भवन झंझरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें पंचायत भवन संचालित मिला। निरीक्षण के दौरान पंचायत सहायक उपस्थित मिले किन्तु उनके पास पंचायत भवन में रखे जाने वाले योजनावार पंजिका उपलब्ध नहीं थी, तथा पंचायत भवन में ग्राम सचिव का रोस्टर नहीं लिखा पाया गया एवं साफ सफाई की भी व्यवस्था समुचित नहीं पाई गई। इसके लिए खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक अधिकारी पंचायत झंझरी को निर्देशित किया गया कि पंचायत सहायक द्वारा पंचायत भवन पर सुचारू रूप से कार्य न किए जाने के लिए संदीप यादव, पंचायत सहायक ग्राम पंचायत झंझरी का मानदेय कार्य प्रणाली में सुधार होने तक बाधित किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन में पायी गई कमियों को यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खंड झंझरी अंतर्गत एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन आरआरसी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आरआरसी केंद्र अपेक्षा के अनुरूप संचालित नहीं पाया गया। इसके संबंध में जिला पंचायत अधिकारी गोंडा को निर्देशित किया गया कि आरआरसी केंद्र झंझरी का सुचारू रूप से संचालन न होने के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं ग्राम पंचायत सचिव झंझरी को कारण बताओ नोटिस निर्गत करते हुए नियमित रूप से संचालित कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में बने शौचालय एवं विद्यालय परिसर की साफ सफाई की व्यवस्था समुचित ढंग से नहीं पाई गई तथा कंपोजिट पंजिका में किस मद में कितनी धनराशि व्यय की गई है, इसका उल्लेख नहीं किया गया है। इसके संबंध में खण्ड शिक्षा अधिकारी झंझरी को निर्देशित किया गया कि विद्यालय की नियमित रूप से साफ सफाई करवाना सुनिश्चित करें।

# तिलक समारोह से लौट रहे पिता की ट्रक की टक्कर से मौत, पुत्र, भतीजा घायल

**▸ अजय शुक्ला की हालत खराब होने की वजह से उसे मेडिकल कॉलेज किया गया रेफर**

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** बलरामपुर जिले के हरैया थाना क्षेत्र में हरिहर गंज ग्राम के पास मंगलवार की देर रात्रि में तिलक समारोह से एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौटते समय ट्रक की टक्कर से पिता की मौत हो गई और पुत्र भतीजा घायल हो गया।

जिन का इलाज बलराम पुर के जिला अस्पताल में हो रहा है। बलराम पुर जिले के हरैया थाना क्षेत्र के लाबेद पुर गांव के निवासी 40 वर्षीय अजय शुक्ला पुत्र माता प्रसाद शुक्ला और उस के पुत्र आकाश शुक्ला भतीजा भास्कर शुक्ला के साथ तिलक समारोह से घर लौट रहे थे।

हरैया से बलराम पुर की तरफ जा रही ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दिया। जिस से अजय शंकर शुक्ला और उस के पुत्र आकाश शुक्ला भतीजा भास्कर तीनो घायल हो गए। इलाज के लिए बलराम पुर जिला अस्पताल लाया गया।

अजय शुक्ला की हालत खराब होने की वजह से उसको मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। परिजन मेडिकल कालेज न ले जाकर गोंडा के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। इलाज के दौरान ही अजय शुक्ला की की मंगलवार की देर रात्रि में मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट को भेजा है। मृतक के भाई दिवाकर शुक्ला ने बताया कि उस के भतीजे का तिलक बलराम पुर जिले के तेंदुआ ग्राम में गया हुआ था। तिलक चढ़ाने के बाद वहीं से तीनों एक बाइक पर सवार हो कर घर जा रहे थे।

# सरदार पटेल की जयंती पर आयोजित तिरंगा यात्रा में शामिल हुए कृषि मंत्री



समृद्धि न्यूज

**कैसरगंज, बहराइच।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष पर विधानसभा स्तर पर तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम संपन्न। उपरोक्त कार्यक्रम के अवसर पर जनपद में आए प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही को भाजपा कार्यालय कैसरगंज पर जनप्रतिनिधियों सहित आमजनता ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।

इसके बाद यह तिरंगा यात्रा पावर ट्रैक्टर एजेंसी बरखुरद्वारापुर पहुंची। जहां पर यात्रा में शामिल सभी गणमान्य लोगों का जलपान का आयोजन पावर ट्रक एजेंसी के मलिक राहुल वर्मा के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

इसके बाद तिरंगा यात्रा देवलखा के लिए रवाना हुई। उपरोक्त कार्यक्रम के अवसर पर विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह रैकवार, भाजपा नेता अरविन्द कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख संदीप कुमार सिंह बिसेन, सुवेद वर्मा,बृजेश कुमार सिंह, शिवानंद सिंह, शिव सहाय सिंह मुनीम जी,नीरज श्रीवास्तव, अनिल कुमार वर्मा, बाल कुमार मौर्य, मनोहर लाल एडवोकेट, राम सतीश वर्मा सहित तमाम लोगों की गरमाई उपस्थिति रही।

### डेढ़ साल की बच्ची पर कुत्ते का हमला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**बहराइच।** जिले के मूर्तिहा इलाके में एक डेढ़ साल की बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी यह घटना हुई। परिजनों ने लाठी-डंडों के साथ दौड़कर बच्ची को बचाया और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना पसियन कुट्टी ग्राम में हुई, जो माधवपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है। ग्रामीण अक्षय लाल की डेढ़ साल की बेटी जया अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। जया की चीख सुनकर उसके परिजन और अन्य ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। उन्हें आता देख कुत्ता बच्ची को छोड़कर भाग गया। परिजन तुरंत बच्ची को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बच्ची के पिता अक्षय लाल ने बताया कि इलाके में आवारा कुत्तों के हमले की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों पर कुत्ते हमला कर चुके हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है।

# महसी इलाके में फिर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**▸ वन विभाग ने पकड़ने के लिए लगाए पिंजरे और कैमरे, अकेले खेत न जाने की अपील**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** जिले की महसी तहसील के रेहुआ ग्राम में तेंदुआ देखे जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। वन विभाग ने जानवर को पकड़ने के लिए खेत में पिंजरे और कैमरे लगाए हैं।

दो दिन पहले रेहुआ मंसूर ग्राम निवासी विशाल नामक ग्रामीण के खेत में तेंदुआ देखा गया था। ग्रामीणों ने तेंदुए की चहलकदमी का वीडियो बनाकर वन विभाग को सूचना दी थी। इसके बाद वन विभाग जानवर को पकड़ने के प्रयास में जुट गया। ग्राम में स्थित गन्ने के खेत में विभाग द्वारा पिंजरे लगाने के साथ कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि जंगली जानवर को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए गए हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अकेले खेतों की ओर न जाने की अपील की है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत, बीमार बेटे को अस्पताल ले जा रही थी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के रामगांव इलाके में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। वह अपने बीमार बेटे को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रही थी, तभी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतका की पहचान रामगांव थाना क्षेत्र के खसहा मोहमदपुर गांव निवासी सुनीता के रूप में हुई है। वह अपने एक रिश्तेदार के साथ बेटे को अस्पताल दिखाने जा रही थी। मेटकहा इलाके के पास पहुंचने पर अचानक वह बाइक से गिर गई।आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सुनीता को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के जेठ ओंकार ने बताया कि बाइक से गिरने के कारण ही सुनीता की मौत हुई है। पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## रमपुरवा में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 160 मरीजों का हुआ इलाज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** डॉक्टर सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर के संयुक्त तत्वाधान में नि-शुल्क चिकित्सा शिविर एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन तेजवापुर ब्लाक के ग्राम पंचायत रमपुरवा में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेजवापुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय रहें। शिविर में आयुष चिकित्सक डा. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, डा. पवन वर्मा, डा. मनीष शुक्ला व डा.संदीप वर्मा द्वारा 160 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निश्शुल्क दवाएं दी गई। शिविर में मरीजों की खून जांच, शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, नाप की जांच की गई। इस मौके पर महेंद्र शुक्ला, गुरू प्रसाद शुक्ला, राबिया, अंकित प्रजापति, अशन, नूर आलम, अमित, वीरेंद्र,सुनील, अंजली, आराध्या, प्रीति, धर्मेंद्र शुक्ला, अरुण कुमार, नितेश अवस्थी, प्रधान पंकज पाठक, गुड्डू अवस्थी, गंगेश अवस्थी अन्य मौजूद रहे।

### बाइक-ई-रिक्शा की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सुजौली थाना क्षेत्र में बीती रात बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। यह घटना तेढ़िया नई बस्ती से 200 मीटर दूर कैलाशपुरी मार्ग पर रात करीब आठ बजे हुई। मृतक की पहचान बभनिया फांटा मधवापुर निवासी 26 वर्षीय चंद्रभान पुत्र श्रीपत के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार, चंद्रभान की शादी 12 दिन पहले ही तेढ़िया नई बस्ती में हुई थी। वह शाम को अपने एक संबंधी के साथ ससुराल आया था। ससुरालजनों से मुलाकात के बाद चंद्रभान अपनी बहन से मिलने मंझरा पूरब, जिला लखीमपुर जा रहा था। तभी तेढ़िया नई बस्ती से 200 मीटर आगे कैलाशपुरी मार्ग पर सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। राहगीरों की मदद से चंद्रभान को एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया जा रहा था, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति, 35 वर्षीय उदय पुत्र तेज बहादुर, गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस की मदद से रामियाबेहड़ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेज दिया गया। सुजौली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### डीएम ने किया तुलसीपुर में गौ आश्रय स्थल जयनगरा व सहकारी समिति का निरीक्षण

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने आज विकास खंड तुलसीपुर क्षेत्र अंतर्गत गौ आश्रय स्थल जयनगरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। डीएम ने निर्देश दिए कि गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा, स्वच्छ पेयजल, नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ठंड से बचाव हेतु गौ आश्रय स्थल पर तिरपाल, छायादार शेड एवं हवा रोकने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सहकारी समिति कौवापुर का भी निरीक्षण किया । उन्होंने समिति में सभी कार्यों को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, एआर कोऑपरेटिव, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1338/ई.ई.-3/जी.एल.-7/2025-26 दिनांक- 19.11.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 26.11.2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 26.11.2025 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायं काल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of 250 mm dia sewar line 40 mtr from H.No. 1/143 to H.No.1/104 Sec-J Jankipuram Lko | 6800.00 | 400 | 30 दिवस |
| 2. | Laying of 250 mm dia sewar line 30 mtr from H.No. 3/79 to H.No.3/89 Sec-J Jankipuram Lko | 5400.00 | 300 | 30 दिवस |
| 3. | Laying of 250 mm dia sewar line 50 mtr from H.No. 1/919 to H.No.1/929 Sec-J Jankipuram Lko | 7400.00 | 400 | 30 दिवस |


नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

# केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो विकास

## मुख्यमंत्री योगी ने की मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन की विकास कार्ययोजना की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के समग्र नगरीय विकास की कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इन नगरों का विकास केवल सड़कों और इमारतों के निर्माण तक सीमित न हो, बल्कि उनका स्वरूप ऐसा बने जिसमें स्थानीय पहचान, इतिहास, संस्कृति और आधुनिक सुविधाओं का संतुलन दिखे।

उन्होंने निर्देश दिया कि योजनाएं चरणबद्ध ढंग से लागू हों, कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरे किए जाएं और नागरिकों को इसका प्रत्यक्ष लाभ दिखे।

मुख्यमंत्री ने मेरठ में प्रस्तावित बिजली बम्बा बाईपास को लखनऊ ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर पीपीपी मोड में विकसित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए।

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीनों मंडलों के मंडलायुक्तों ने बारी-बारी से अपनी कार्ययोजना से अवगत कराया। बताया गया कि अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज की तर्ज पर अब मेरठ, कानपुर और मथुरा-वृंदावन के लिए भी समेकित विकास मॉडल अपनाया जा रहा है।

### समन्वय के आधार पर शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा की गई तैयार

जनप्रतिनिधियों से विमर्श और विभागों के बीच समन्वय के आधार पर इन शहरों में कुल 478 परियोजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई है। इनमें मेरठ में 111, कानपुर में 109 और मथुरा-वृंदावन में 258 परियोजनाओं का विकास प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक श्रेणी में विभाजित कर स्पष्ट समयसीमा तय की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के लिए नवाचार, बेहतर प्रबंधन और वित्तीय संयोजन पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर निजी क्षेत्र का सहयोग लेने और जहां संभव हो वहां पीपीपी मोड अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास का उद्देश्य ऐसा शहरी ढांचा तैयार करना है जो यातायात को सुगम बनाए, पैदल यात्रियों और सार्वजनिक परिवहन को प्राथमिकता दे, हरे-भरे शहरों की दिशा में आगे बढ़े और स्थानीय पहचान को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के लिए यदि अतिरिक बजट की आवश्यकता होगी तो उसे उपलब्ध कराया जाएगा।

# निरीक्षण : मंडलायुक्त ने घटिया सड़क निर्माण पर धामी कन्ट्रेक्शन पर लगाया जुर्माना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** चिनहट द्वितीय वार्ड के विकल्प खंड में हाल ही में निर्मित सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवालों ने प्रशासन को हरकत में ला दिया है।

पार्षद शैलेन्द्र वर्मा तथा क्षेत्रवासियों की लगातार शिकायतों के बाद शासन के निर्देश पर मंगलवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत व नगर आयुक्त गौरव कुमार ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान तीस लाख की लागत से निर्मित सड़क उखड़ी मिलने पर नगर आयुक्त ने धामी कन्ट्रेक्शन पर 50 हजार का जुर्माना ठोक दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण से प्राप्त धनराशि तथा ई-निविदा प्रतिस्पर्धा में हुई बचत राशि कुल 27.58 लाख रुपये से यह कार्य प्रगतिधीन है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, स्थानीय पार्षद शैलेंद्र वर्मा, अपर नगर आयुक्त नम्रता सिंह, जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी, अधिशासी अभियंता (सिविल) जोन-4, स्थानीय पार्षद और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान लोगों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए तथा अधिकारियों के सामने अपनी शिकायतें रखीं। अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर अभी केवल पैचवर्क के रूप में डीबीएम की परत डाली गई थी, जबकि अंतिम परत अर्थात बीसी बिछाना अभी बाकी था। इसी बीच कुछ स्थानों पर उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता अधोमानक पाई गई, जिसे नगर निगम ने अपने विभागीय गैंग के माध्यम से तत्काल हटवा दिया है। नगर निगम द्वारा निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर ठेकेदार पर 50,000 रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। ठेकेदार को एक वर्ष के लिए डिबार (प्रतिबंधित) करने की कार्रवाई भी की गई है, जिससे वह आगामी किसी भी निगम कार्य में भाग नहीं ले सकेगा।

## खबरें एक नजर में

### तीन नशेड़ियों ने युवक को बेल्टों से पीटा, जांच शुरु

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र में एक युवक को बेल्टों से पीटने का मामला सामने आया है। काजी खेड़ा निवासी अशोक चंद्रा ने ऐन गांव के चन्नू, चंदू पटेल और अभिनव मिश्रा पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एनसीआर (गैर-संज्ञेय रिपोर्ट) दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अशोक चंद्रा ने बताया कि मंगलवार शाम वह लखनऊ से अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक की चेन टूट गई, जिसके बाद वह पैदल ही गाड़ी लेकर घर जा रहे थे। इस दौरान उनके चाचा बृजभान चंद्रा भी उनके साथ थे। काजी खेड़ा निवासी अशोक चंद्रा ने ऐन गांव के चन्नू, चंदू पटेल और अभिनव मिश्रा पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। काजी खेड़ा निवासी अशोक चंद्रा ने ऐन गांव के चन्नू, चंदू पटेल और अभिनव मिश्रा पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, कंजाखेड़ा चौराहे पर पहुंचते ही चन्नू, चंदू पटेल और अभिनव मिश्रा ने उनसे बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अशोक चंद्रा ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उन्हें बेल्टों से बुरी तरह पीटा, जिससे उन्हें चोटें आईं। फिलहाल, पीड़ित की शिकायत के आधार पर बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दिव्यांग महागठबंधन का प्रदर्शन, नियुक्ति पर उठाए सवाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर दिव्यांगों ने प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि सरकारी विभागों में उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की भर्ती परीक्षा पास करने के बावजूद दिव्यांग होने के कारण उन्हें नौकरी नहीं मिली। दिव्यांगों ने पेंशन, आवास और मेडिकल सुविधाओं की भी मांग उठाई। दिव्यांग महागठबंधन के महासचिव अरविंद सिंह के मुताबिक दिव्यांगों के साथ भर्ती, पुनर्वास और अन्य मूलभूत सुविधाओं में भेदभाव किया जा रहा है। ज्ब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएंगी, हमारा प्रदर्शन जारी रहेगा।अरविंद सिंह ने स्पष्ट किया कि केवल नौकरी नहीं, पेंशन, आवास और मेडिकल जैसी बुनियादी सुविधाएं भी दिव्यांगों के अधिकारों में शामिल हैं, लेकिन सरकार की ओर से अनदेखी की जा रही है।

### फल की दुकान में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में गुडंबा थाना क्षेत्र के 23 नंबर चौराहा स्थित एक दुकान में मंगलवार देर रात करीब 2:15 बजे आग लग गई। उसके बाद स्थानीय थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकान में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। पुलिस के मुताबिक आग लगने वाली दुकान आदिल नगर निवासी आमीन पुत्र रमजान अली की फल की दुकान थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मान्यता प्राप्त पत्रकार पर हमला, पुलिस ने दर्ज किया केस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के मानकनगर क्षेत्र में मंगलवार देर रात बेखौफ हमलावरों ने सुदर्शन न्यूज के कार्यरत और उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार सुशील अवस्थी पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल अवस्थी को पुलिस और परिजनों ने लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सूचना के अनुसार सुशील अवस्थी रात करीब 10 बजे घर पर थे, तभी कुछ लोग उनसे बात करने के बहाने घर आए। आरोप है कि वे लोग अवस्थी को जबरन अपनी कार में बैठाकर ले गए और रास्ते में पांच लोगों ने उन पर लगातार हमला किया। काफी देर तक लौटकर न आने पर उनका बेटा श्रवण अवस्थी घर से बाहर निकला। लगभग सौ मीटर दूरी पर शारदा मंगल भवन के पास सुशील अवस्थी एक अज्ञात बाइक सवार के कंधे पर हाथ रखे घायल अवस्था में लड़खड़ाते हुए दिखाई दिए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मानकनगर थाने में अज्ञात आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपितों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### भारत के सांस्कृतिक विश्व धरोहर स्थलों पर आधारित प्रदर्शनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर राज्य संग्रहालय द्वारा कराए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज भारत के सांस्कृतिक विश्व धरोहर स्थलों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय के साथ संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश के राज्य संरक्षित धरोहर स्थलों पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रो. मांडवी सिंह, कुलपति, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। भारत की सांस्कृतिक विश्व धरोहरों पर आधारित प्रदर्शनी में यूनेस्को द्वारा चयनित 36 धरोहर स्थलों को छायाचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। उत्तर प्रदेश के राज्य संरक्षित धरोहरों पर आधारित प्रदर्शनी में गोवर्धन की छतरियां, संतकबीर निर्वाण स्थली, गुप्तार घाट, बटेश्वर मंदिर, छतर मंजिल, कुसुम वन सरोवर एवं छतरियां आदि धरोहर स्थलों को चित्रों के माध्यम से दर्शाया गया है। इस अवसर पर डा. सृष्टि धवन, निदेशक, उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय, उमा द्विवेदी, संयुक्त सचिव, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, रेनू द्विवेदी, निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय, डॉ. विनय कुमार सिंह, निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ, अल शाज फातमी, डॉ. मीनाक्षी खेमका, डॉ. कृष्ण ओम सिंह, डॉ उत्तर प्रदेश संग्रहालय निदेशालय एवं लोक कला संग्रहालय के कार्मिक एवं विद्यालयों के बच्चे एवं उनके गुरुजन उपस्थित रहे।

### विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विधायी व्यवस्था की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा

# जनता के सबसे निकट होते हैं विधायक

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन कानपुर के अध्यक्ष एसपी सिंह, महासचिव अवनीश मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल का उद्देश्य यूपी विधानसभा की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के संचालन की प्रक्रियाओं को नजदीक से समझना था।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए विधायी व्यवस्था की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, विधायक हमेशा जनता के सबसे निकट होते हैं। इसी कारण उनकी जवाबदेही भी अधिक होती है और वे अक्सर आलोचना के केंद्र में आ जाते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अन्य संस्थाओं का जनता से प्रत्यक्ष संपर्क कम होता है, जबकि विधायिका सीधे जनता के बीच कार्य करती है। ऐसे में विधायिका के प्रति नकारात्मक सोच लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं है। जब नागरिक इस भव्य और ऐतिहासिक विधानसभा भवन का भ्रमण करते हैं और इसके स्वरूप, इतिहास एवं गरिमा को समझते हैं, तब सदन की वास्तविक महत्ता का अनुभव होता है।

**▸ विधायिका के प्रति नकारात्मक सोच लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए उचित नहीं**

### प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा परिसर का किया भ्रमण

मुझे विश्वास है कि 18वीं विधानसभा अपने कार्य, अनुशासन और योगदान के लिए आने वाले समय में विशेष रूप से उल्लेखित की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा परिसर का भ्रमण किया। विधानसभा स्टाफ ने उन्हें मुख्य सभा कक्ष, समिति कक्ष, सेंट्रल हॉल, प्रेस गैलरी एवं अभिलेखागार की संरचना और उपयोगिता के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रश्नकाल, विधेयक निर्माण, समितियों की भूमिका, विधानसभा की दैनिक कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न पहलुओं को निकट से समझा। प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरक और लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति समझ को और गहरा करने वाला रहा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराना ही हॉफेड की प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज

**▸ डॉ. सर्वेश कुमार ने संभाला हॉफेड के नये प्रबंध निदेशक का कार्यभार**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की बागवानी क्षेत्र की शीर्ष संस्था राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ हॉफेड के नये प्रबन्ध निदेशक का प्रभार ग्रहण करते हुए संयुक्त निदेशक उद्यान डॉ सर्वेश कुमार ने हॉफेड के सभापति नवलेश प्रताप सिंह से शिष्टाचार भेंट की।

शासन के आदेश 14 नवम्बर के तहत उन्हें अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ प्रबन्ध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।भेंट के दौरान प्रबन्ध निदेशक एवं सभापति ने प्रदेश की 1044 औद्यानिक सहकारी समितियों तथा 14 जिला औद्यानिक सहकारी संघों के माध्यम से बागवान किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रभावी रणनीति पर चर्चा की। फसल तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन को सुदृढ़ कर किसानों को लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराना हॉफेड की प्राथमिकता है। हॉफेड द्वारा हाई-टेक हॉर्टीकल्चर को बढ़ावा देने, किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने तथा आम और आलू जैसी प्रमुख फसलों के विपणन एवं बाजार विस्तार हेतु प्रदेश से बाहर विभिन्न राज्यों में बायर सेलर मीट लगातार आयोजित की जा रही हैं।

# अखिलेश यादव व नेताजी मुलायम सिंह के खिलाफ लगातार हो रहा दुष्प्रचार

समृद्धि न्यूज

**▸ राजधानी में सपाइयों का हंगामा, प्रदर्शन पुलिस से नोकझोंक**

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में हजरतगंज चौराहे पर समाजवादी पार्टी का जोरदार हंगामा-प्रदर्शन किया। सपा युवजन सभा, सपा छात्र सभा, लोहिया वाहिनी, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारी और सदस्यों ने पोस्टर, बैनर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एक संस्थान के खिलाफ था। कार्यकर्ताओं ने कहा ज्यादती बर्दाश्त नहीं करेंगे।

हंगामे के दौरान पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। प्रदर्शन में शामिल सपा नेता अनीस राजा ने कहा कि समाजवादी पार्टी को लगातार टारगेट किया जा रहा है। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव और नेताजी मुलायम सिंह के खिलाफ लगातार दुष्प्रचार हो रहा है। पार्टी के खिलाफ नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा है जिसका हम लोग विरोध कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी में सभी लोगों का सम्मान है, अखिलेश यादव हमारे नेता है जो पार्टी के संस्थापकों से लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा सम्मान और अधिकार देते हैं। जो दुष्प्रचार किया जा रहा है, हम लोग उसके खिलाफ सड़कों पर उतरे हैं और आगे भी ये विरोध जारी रहेगा।

### सात वर्षों में मत्स्य उत्पादन में दोगुने से अधिक की वृद्धि

**लखनऊ ।** प्रधानमंत्री ने आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त की धनराशि लगभग 18000 करोड़ डीबीटी के माध्यम से लगभग 9 करोड़ किसानों के बैंक खाते में हस्तांतरित की। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम, उद्बोधन का मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य चेतना केन्द्र मत्स्य निदेशालय सहित मंडलीय एवं जनपदीय कार्यालयों में प्रोजेक्टर, एलईडी के माध्यम से सीधा लाइव स्ट्रीमिंग, प्रसारण किया गया। महानिदेशक मत्स्य धनलक्ष्मी के. की अध्यक्षता में कार्यक्रम में लगभग 150 किसानों,मत्स्य पालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मंडलों एवं जनपदों में आयोजित कार्यक्रम में 5000 से अधिक मत्स्य पालकों एवं किसानों ने प्रतिभाग किया।

# गंगा आरती के साथ हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव शुरु

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मां गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव -2025 गंगा आरती के साथ मान्यवर काशीराम सांस्कृतिक स्थल, (महोत्सव स्थल) स्मृति उपवन, आशियाना, बंगला बाजार, लखनऊ में शुभारंभ हुआ। लखनऊ में महोत्सव 19 नवम्बर से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा।

महोत्सव का मुख्य उद्देश्य प्रदेश एवं केंद्र सरकार की नीतियों को बढ़ावा देते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करना एवं भारत से विलुप्त होती लोककला, लोकसंस्कृति को नवजीवन प्रदान करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर प्रदान करते हुए भारतीय कलाकृतियों को आगे बढ़ाना है। हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा, पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा, मंत्री उद्यान एवं कृषि वि. उ.प्र. सरकार दिनेश प्रताप सिंह डॉ राजेश्वर सिंह विधायक सरोजिनी नगर, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. रीता बहुगुणा जोशी पूर्व सांसद प्रयागराज,पवन सिंह चौहान एमएलसी, पूर्व विधायक सुरेश चंद्र तिवारी मुकेश शर्मा एमएलसी, अपर्णा यादव उपाध्यक्ष उ.प्र. राज्य महिला आयोग, सुषमा खर्कवाल महापौर लखनऊ, विधायक योगेश शुक्ला, विधायक डॉ नीरज बोरा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, मुकेश बहादुर सिंह, पूर्व आईजी आरके चतुर्वेदी, दूरदर्शन के प्रोग्राम प्रमुख आत्मकथा मिश्रा, संदीप बंसल अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, भोजपुरी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय, संतोष श्रीवास्तव, समीर शेख आदि अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया।

# विद्युत सखियों को मिला 33.05 करोड़ का कमीशन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन मे ग्रामीण महिलाओ के आजीविका संवर्धन, उन्हे आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनाये जाने की दिशा मे बहुत ही कारगर, ठोस व प्रभावी कदम उठाये गये हैं।

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वयं सहायता समूहो की महिलाओ के बेहतर भविष्य निर्माण हेतु सततरूप से प्रयासरत है और विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से महिलाओ की आमदनी मे बड़े पैमाने पर इजाफा हुआ है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विद्युत सखी कार्यक्रम में नई उपलब्धियां हासिल की है। कार्यक्रम से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने योजना के प्रारंभ वर्ष 2020 से विद्युत सखियों ने विद्युत बिल वितरण कंपनियों डिस्काम के लिए 2400 करोड़ से अधिक का राजस्व कलेक्शन करने में सफलता पाई है।विद्युत सखियों ने विद्युत बिल कलेक्शन कर 33.05 करोड़ से अधिक का कमीशन अर्जित किया है।इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक कलेक्शन की बात की जाय, तो बाराबंकी के रामनगर विकास खण्ड की राजश्री शुक्ला टाप पर है, अमेठी के जगदीशपुर ब्लाक की सोनी द्विवेदी दूसरे व रामपुर के स्वार ब्लाक की मिशार जहाँ तीसरे स्थान पर हैं। आगरा के खन्दौली ब्लाक की कुसुमलता चौथे, बाराबंकी के फतेहपुर ब्लाक की लक्ष्मी देवी पांचवें, रामपुर के स्वार ब्लाक की सविता देवी छठवें, बागपत की रजनी सातवें, मेरठ के राजपुरा ब्लाक की संगीता आठवें, बुलन्दशहर की गीतारानी नवें व आगरा के फतेहपुर सीकरी ब्लाक की विनेश दसवें स्थान पर हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजश्री शुक्ला ने 10 माह मे 28567 बिलों की 701 लाख से अधिक की धनराशि का कलेक्शन कर 7 लाख 54 हजार से अधिक का कमीशन अर्जित किया, वही सोनी द्विवेदी ने 18416 बिलो की 680 लाख से अधिक की धनराशि का कलेक्शन कर 7 लाख 22 हजार से अधिक कमीशन अर्जित किया।

### मंत्री आवास के पास मां-बेटे ने सल्फास खाया, मथुरा से आए थे, हालत गंभीर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पर्यटन मंत्री के आवास के पास बुधवार दिन में 11.30 बजे मां-बेटे ने सल्फास खा लिया। वे सड़क पर गिर गए। हालत बिगड़ने लगी तो लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। बेटे को भर्ती कर लिया गया, लेकिन मां की हालत लगातार बिगड़ रही थी इसलिए उन्हें कजीएमयू रेफर किया गया। मां का नाम मुनेश सिंह (56) और बेटे का नाम बलजीत सिंह (38) है। वह मथुरा के बरसाना के रहने वाले हैं। दोनों के पास एक बैग मिला है जिसमें सल्फास के 2 पाउच और 1 मोबाइल फोन था। बेटे की जेब से एक एप्लिकेशन मिली है। इसमें लिखा है- भूमाफिया ने 43 लाख रुपए लेकर प्लॉट नहीं दिया। मकान से भी निकाल दिया।

# खाद्य प्रसंस्करण के कार्यो के प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाएं

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम मेअपर मुख्य सचिव, उद्यान, खाद्य प्रसंस्करण एवं रेशम विभाग बी एल मीणा की अध्यक्षता में फील्ड के विभागीय अधिकारियो की वर्चुवली बैठक की गई।

बैठक में निदेशक खाद्य प्रसंस्करण, उप निदेशक गीता महिपाल, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कंचन भारती, सलाहकार डा अरविन्द्र कुमार सिंह, निदेशक आर फ्रैंक एवं निदेशालय के अधिकारियों के साथ फील्ड में कार्यरत खाद्य प्रसंस्करण के अधिकारियों कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण केन्द्रों को पूर्व में क्रमशः रूपये 15 लाख एवं 5 लाख की धनराशि पालसी-2023 में निर्गत की गयी है, उससे संबन्धित कार्य कराने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के निर्देश अपर मुख्य सचिव द्वारा दिये गये। निर्देश दिये गये कि विभाग के सभी अधिकारियों के दस-दस के बैच बना करके मुख्यालय पर एक माह में प्रशिक्षण प्रदान किया जाय। आगामी बजट में सीआईसी एवं फल संरक्षण अनुरक्षण केन्द्रों के रख रखाव का प्रस्ताव दिया जाय। श्री मीणा ने विभागीय कार्यो की गति बढ़ाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये।यदि प्रश्नगत प्रकरण जिला पंचायत से संबन्धित नहीं है, तो संबन्धित विभाग से संमन्वय कर निस्तारण करवाया जाय।

# सरदार पटेल के विचारों से जन-जन को जोड़ने में सफल हो रही हैं पदयात्राएं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** सरदार वल्लभ भाई पटेल 150वीं जयन्ती समारोह अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक व उत्तर प्रदेश के प्रभारी सतीश उपाध्याय तथा प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को अभियान की प्रगति, प्रभाव तथा आगामी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को लेकर प्रदेश टोली के साथ बैठक में चर्चा की।

अभियान के राष्ट्रीय सह सयोंजक सतीश उपाध्याय ने कहा कि पूरे देश में यूनिटी मार्च पदयात्राएं लोकसभा स्तर पर निकली, वहीं उत्तर प्रदेश संगठन नेतृत्व ने एक कदम आगे बढ़कर विधानसभा स्तर पर यूनिटी मार्च पदयात्राएं निकालने का निर्णय लिया। उत्तर प्रदेश में विधानसभा स्तर पर पदयात्राएं सरदार पटेल के विचारों से जन-जन को जोड़ने में सफल हो रही है। सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्व समावेशी यूनिटी मार्च पदयात्राओं ने अधिकतम क्षेत्रों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों तक राष्ट्र प्रथम का संदेश पहुंचाया है।

पदयात्राओं की संख्या, उनकी पहुंच तथा जनता की भागीदारी में उत्तर प्रदेश पूरे देश प्रथम स्थान पर है। शेष विधानसभाओं में भी पदयात्राएं पूरे उत्साह के साथ सरदार पटेल के विचारों और राष्ट्र प्रथम के भाव को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगी। पदयात्राओं के लिए अभियान के प्रदेश टीम को बधाई।

प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश में युनिटी मार्च पदयात्राएं केवल कदमों का चलना नहीं, बल्कि जन-जन से संपर्क व संवाद का सतत माध्यम बन रही है। सरदार पटेल के विचार सभी नागरिकों तक पहुंचे और राष्ट्र की एकता के लिए समग्र प्रयास में सभी जुटे इस भाव के साथ पदयात्राएं जनमानस के मर्म को स्पर्श कर रही हैं।

**नई पहल**

### बेसिक शिक्षा मंत्री की पहल से भटके हुए बच्चों की शिक्षा को आधुनिक बनाने के लिए अभिनव प्रयोग

# शिक्षा का 'नवारम्भ' : मुख्य धारा से जुड़ेंगे संरक्षण गृहों के बच्चे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।**उत्तर प्रदेश में पहली बार बाल एवं किशोर संरक्षण गृहों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बड़ा और अभिनव कदम उठाया गया है। महिला कल्याण विभाग, यूनिसेफ और एससीईआरटी के सहयोग से 'नवारम्भ' नाम से विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल शुरू किया गया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग के 46 चयनित शिक्षकों को आधुनिक रूप से एक्सपर्ट बनाया जा रहा है।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और निर्देशन पर यह विशेष कार्यक्रम इस लक्ष्य के साथ शुरू किया गया है कि संरक्षण गृहों के बच्चे भी सामान्य बच्चों की तरह अपनी रुचि के अनुसार मुख्य धारा में आगे बढ़ सकें।

संदीप सिंह ने कहा है कि हर बच्चे को सही दिशा दिखाना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। 21 नवंबर तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम में चार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बताया कि संरक्षण गृहों में रहने वाले बच्चों की जिम्मेदारी शिक्षक के कंधों पर होती है। उन्होंने कहा कि हमें इन बच्चों को भी सामान्य बच्चों की तरह ही आत्मनिर्भर और सक्षम बनाएंगे। थोड़े प्रयास और सही मार्गदर्शन से ही वे मुख्य धारा में लौट सकते हैं।

### 'कॉनक्लेव ऑन जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन' में शुभारंभ

किशोर न्याय समिति के तत्वाधान में आयोजित कॉनक्लेव ऑन जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन के दौरान एससीईआरटी, लखनऊ में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस दौरान विशेषज्ञों ने बच्चों की मनोवैज्ञानिक जरूरतों, उनके सामाजिक वातावरण और सीखने की प्रक्रिया को समझने पर बल दिया।

### इसलिए जरूरी है 'नवारम्भ'

1- संरक्षण गृहों में रहने वाले बच्चे सामान्य वातावरण से दूर हो जाते हैं
2- उनमें सीखने की रफ्तार और मनोवैज्ञानिक चुनौतियां अलग होती हैं
3- शिक्षक यदि इन बच्चों की विशेषताओं को समझें, तो वे तेजी से आगे बढ़ सकते हैं
4- डिजिटल लर्निंग और जीवन कौशल उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में मदद करेंगे

### इन पर रहेगा फोकस

- किशोर न्याय प्रणाली
- जुवेनाइल बच्चों की मानसिकता व चुनौतियां
- सीखने की बाधाएं
- समावेशी एवं त्वरित अधिगम
- सुरक्षा और संरक्षण
- डिजिटल लर्निंग
- कंप्यूटेशनल थिंकिंग
- शिक्षक की भूमिका और प्रभावी शिक्षण रणनीति

## बिस्मिल सभागार में किसान दिवस का आयोजन

# जिलाधिकारी ने सुनी किसानों की समस्याएं

**एआर कोऑपरेटिव बोले- जनपद में पर्याप्त मात्रा में है डीएपी खाद**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं को सुना गया। बैठक में डीएम ने एआरको-ऑपरेटिव को निर्देशित किया कि जनपद में खाद की उपलब्धता के संबंध में किसानों को अवगत कराएं। एआर कोऑपरेटिव अखिलेश प्रताप सिंह ने खाद की उपलब्धता के संबंध में बताया कि जनपद में डीएपी एवं एनपीके खाद्य पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं।



जिलाधिकारी ने निर्देश दिए किसानों को यूरिया देने की तैयारी अभी से कर ली जाए। एआर को-ऑपरेटिव ने बताया कि यूरिया 1700 एमटी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक समिति पर लगभग 900 बोरी यूरिया की भेजी जा चुकी है आवश्यकता पड़ने पर और उपलब्ध कराई जाएगी यूरिया की जनपद में कोई कमी नहीं है। जिलाधिकारी ने एसआईआर के संबंध में अवगत करते हुए किसानों से कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सभी लोग अपने फार्म को भरकर बीएलओ को अवश्य उपलब्ध करा दे इससे मतदाता सूची में नाम शामिल हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी किसान दिवस में किसानों की समस्याएं प्राप्त हुई है उनका निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, उप निदेशक कृषि पी के सिंह, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति फेस-5 अंतर्गत बाल कल्याण संरक्षण समिति की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बाल दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति फेस.5 के तहत डीएम एवं सीडीओ के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत रनमस्तपुर एवं जमौर में किया गया। बैठक का उद्देश्य बाल संरक्षण, सुरक्षा और कल्याण विषयों पर जागरूकता बढ़ाना तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी देना था। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकार एबाल श्रम निषेध एविभागीय सहायता योजनाओं की जानकारी समुदाय में बच्चों की सुरक्षा को सहयोगी तंत्र का निर्माण लैंगिक उत्पीड़न साइबर क्राइम



घरेलू हिंसा पर प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए तथा बाल संरक्षण हेतु मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में रजनीश कुशवाहा ग्राम प्रधान, ममता सक्सेना प्रधानाध्यापक, अनुपमा रानी, विभा गुप्ता, अरुणा देवी महिला कल्याण विभाग अमृता दीक्षित, रश्मि, सुप्रिया अवस्थी, अवनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### साइबर क्राइम, घरेलू हिंसा को लेकर विचार साझा किए

**शाहजहांपुर।** बाल दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति फेस-5 के तहत जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के आदेश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत रनमस्तपुर एवं जमौर में किया गया। बैठक का उद्देश्य बाल संरक्षण, सुरक्षा और कल्याण विषयों पर जागरूकता बढ़ाना तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी देना था। बैठक में बाल विवाह की रोकथाम, बाल अधिकार, बाल श्रम निषेध, विभागीय सहायता योजनाओं की जानकारी, समुदाय में बच्चों की सुरक्षा हेतु सहयोगी तंत्र का निर्माण, लैंगिक उत्पीड़न, साइबर क्राइम घरेलू हिंसा सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए तथा बाल संरक्षण हेतु मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में उपस्थित रजनीश कुशवाहा प्रधान, ममता सक्सेना प्रधानाध्यापक, अनुपमा रानी एनम, विभा गुप्ता आंगनवाड़ी, अरुणा देवी आशा, महिला कल्याण विभाग से अमृता दीक्षित जिला मिशन कोऑर्डिनेटर, रश्मि जेंडर स्पेशलिस्ट, सुप्रिया अवस्थी सामाजिक कार्यकर्ता, अवनीश कुमार आउटरीच वर्कर उपस्थित रहे।

### बहू, बेटा ने करवा ली धोखाधड़ी से रजिस्ट्री, सीओ को महिला ने शिकायती पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

**जलालाबाद-शाहजहांपुर।** जरियनपुर की बुजुर्ग महिला से धोखाधड़ी से गुमराह करके कूटरचित फर्जी तरीके से एक पुत्र व बहु ने सारी जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली। पीडिता ने मामले की शिकायत सीओ से की है। थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव जरियनपुर निवासी महिला बडी बेटी ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी गाटा संख्या 1600, 1639,1547,1355,1555क, 1569 व कुल 6 खेतों का उसका 1/6 भाग रकवा वृद्धावस्था पेंशन एवं आंख बनवाने का बहाना बनाकर दान पात्र के रूप में उसकी धोखाधड़ी से रजिस्ट्री करवा ली। यह जमीन जरियापुर गांव में है। पीड़ित बुजुर्ग महिला ने बताया 5 जून को उसकी पुत्रवधू पेंशन निकलवाने के बहाने से घर से लाई और रास्ते में कई लोगों से मिले। इन सब ने एक राय बनाकर उसको गुमराह करके धोखाधडी से कई जगह 15-16 कागजों पर उसके अंगूठे लगवाये। और तहसील कलान में ले जाकर फर्जी कूट रचित धोखाधड़ी करके कीमती जमीन का दानपत्र रजिस्टर्ड करवा लिया। 5 महीने बाद उसे कूट रचित दानपत्र की जानकारी हुई। तब से वह बहुत परेशान है। महिला ने थाना मिर्जापुर में शिकायत की थी। पुलिस ने उनकी एक भी ना सुनी। बुजुर्ग महिला ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

### सहयोग संस्था के द्वारा लगाया गया मेडिकल कैंप, देखे गए 350 मरीज




**शाहजहांपुर।** जनपद की समाजसेवी संस्था सहयोग ने जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित जमुना वाटिका के प्रांगण में एक भव्य मेडिकल कैंप का आयोजन किया , जिसमें पूरे क्षेत्र के 25 ग्रामों से आए 350 मरीजो का परीक्षण किया गया, और सभी को निशुल्क दवाई, ड्रॉप ब चश्मे बांटे गए । संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता ब महासचिव विकास सक्सेना ने बताया कि हमारे जनपद की शान कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हमारी संस्था की ओर से लगातार पूरे सप्ताह के लिए समाज सेवा के कार्यक्रम किये जा रहे हैं , जिसके क्रम में इस सप्ताह का आज यह पांचवां कार्यक्रम संपन्न हुआ है । कैंप में पहुंचे डॉक्टर पुनीत टंडन, डॉक्टर रजत अग्रवाल, डॉक्टर नागेंद्र पाल, डॉक्टर कृष्णकांत तिवारी, डॉक्टर अभिराज का संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान ब शाहनवाज खा एडवोकेट ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया , और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । इस मौके पर आंखों के डॉक्टर पुनीत टंडन ने बताया कि सबसे ज्यादा मरीज आंखों के आए हैं,क्योंकि इस समय मोबाइल ज्यादा देखने के कारण भी आंखे कमजोर हो रही है। कई बच्चों की भी आंखें कमजोर पाई गई। लगभग 250 आंखों के मरीज देखे गए जिसमें 118 को चश्मा भी दिया गया और 15 मरीज मोतियाबिंद के निकले है,जिनका जल्द ही सीतापुर अस्पताल में ऑपरेशन किया जाएगा। दांतों के डॉक्टर रजत अग्रवाल ने बताया कि तंबाकू की पुड़िया खाने से खूब दांत खराब होते हैं, इसलिए दांतों के भी 100 से ज्यादा मरीज कैंप में आए । कार्यक्रम में महेंद्र दुबे,जितेंद्र सिंह एडवोकेट,अमरजीत सिंह खालसा, शिवम वर्मा, हरजीत सिंह, राजविंदर सिंह राजा, संगीता गुप्ता, सैयद अनवर, डॉक्टर उजमा अफजल, शीबा, ममता यादव,रामजी गुप्ता, सागर गुप्ता, यशपाल सिंह, श्रीकांत दीक्षित, लड्डन अली, रामपाल, सूरज, रजनीश शुक्ला, पायल कपूर, प्रियांशु मिश्रा, प्रदीप यादव, प्रेम किशोर मिश्रा, शिवराज वर्मा, आशीष तिवारी,आयुष बंसल, नीरज, गीता सक्सेना, पुष्पेंद्र कनौजिया आदि सभी उपस्थित रहे।

# लावारिस हालत में रोते हुए मिली 6 वर्षीय बच्ची, पुलिस परिजनों की तलाश में जुटी

**जैतीपुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे में श्रीराम जानकी महाराज मंदिर के पास बुधवार दोपहर करीब 1 बजे एक नाबालिग लड़की रोते हुए मिली। उसकी उम्र लगभग 6 वर्ष बताई जा रही है। समाजसेवी पूरन लाल मिश्रा ने लड़की को रोते हुए देखा। उन्होंने उससे परिजनों के बारे में पूछा, लेकिन लड़की कुछ भी बताने में असमर्थ रही। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। उन्होंने थाने में सूचना देकर लड़की को पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया कि एक लावारिस बच्ची मिली है। बच्ची ने अपना पता दिल्ली और पिता का नाम हंसराज बताया है।



पुलिस को आशंका है कि लड़की किसी रिश्तेदारी में जैतीपुर आई होगी और अपने परिजनों से बिछड़ गई है। पुलिस उसके परिजनों की तलाश कर रही है।

# शाहजहांपुर में उद्योग लगाने को जापानी कंपनी ने दिखाई रुचि, प्रस्तावित साइट का किया निरीक्षण

**जापान से एक छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल बुधवार को पहुंचा शाहजहांपुर**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में औद्योगिक विकास को नई गति मिलने की संभावना तब और प्रबल हो गई, जब जापान की एक छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल टीम बुधवार को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पहुंची। टीम जिले में उद्योग स्थापित करने के संभावित प्रोजेक्ट के लिए जमीन का निरीक्षण करने आई है। प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले शहबाज़नगर क्षेत्र स्थित प्रस्तावित



भूमि का निरीक्षण किया। स्थल की भौगोलिक स्थिति, संसाधन उपलब्धता और परिवहन सुविधाओं का बारीकी से अध्ययन करने के बाद दल कैंट स्थित गेस्ट हाउस पहुंचा। यहां टीम की मुलाकात उत्तर प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा और अपर नगर आयुक्त एस.के. सिंह सहित अन्य अधिकारियों से हुई। बैठक में उद्योग स्थापना से संबंधित संभावनाओं, आवश्यक सुविधाओं, निवेश प्रक्रिया और सरकारी नीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। जापानी टीम ने जनपद में उपलब्ध संसाधनों एवं औद्योगिक वातावरण में गहरी रुचि दिखाई। अधिकारियों ने उन्हें निवेश तथा औद्योगिक विकास के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल की यह पहल शाहजहांपुर में औद्योगिक विकास के नए द्वार खोल सकती है। स्थानीय लोगों में भी इस संभावित निवेश को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है।

# ऑल सेंट्स स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को दिए महत्वपूर्ण यातायात के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत स्थित ऑल सेंट्स स्कूल में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। उन्होंने छात्रों एवं शिक्षकों को यातायात सुरक्षा से जुड़े महत्त्वपूर्ण नियमों की विस्तृत जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को सलाह दी कि वे हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा ट्रैफिक संकेतों को गंभीरता से समझें। साथ ही बच्चों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात व्यवहार ही दुर्घटनाओं में कमी लाने का सबसे प्रभावी उपाय है। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह ने पोस्टर एवं मॉडलों के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।



बच्चों द्वारा तैयार किए गए आकर्षक चार्ट व मॉडल कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे, जिनमें से कई उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने पुलिस अधीक्षक श्री द्विवेदी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, छात्रों एवं पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति रही।

# विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते मत्स्य निरीक्षक को रंगेहाथ किया गिरफ्तार

**मछुआरा समिति पंजीकरण में राहत के नाम पर मांग रहा था 1 लाख, पहली किस्त की 20 हजार लेते ही धरा गया**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर में बुधवार को विजिलेंस विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए मत्स्य विभाग के निरीक्षक संजीव कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई एसपी ऑफिस के ठीक पास स्थित एक होटल के बाहर की गई, जहां आरोपी निरीक्षक पीड़ित से पहली किस्त लेने पहुँचा था। कार्रवाई इतनी तेज और गोपनीय तरीके से हुई कि मौके पर मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही पूरा घटनाक्रम सुर्खियों में आ गया।

**पंजीकरण के नाम पर 1 लाख की अवैध मांग, 80 हजार पर बनी बात:** रोशनपुर ददरौल निवासी मुकेश कश्यप ने अपनी मछुआरा समिति का पंजीकरण कराने के लिए मत्स्य विभाग से संपर्क किया था। इसी दौरान निरीक्षक संजीव कुमार ने प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के नाम पर 1 लाख रुपये की रिश्वत मांग डाली। मुकेश कश्यप ने कई बार राहत देने की गुजारिश की, लेकिन निरीक्षक अपने रुख पर अड़ा रहा। आरोप है कि काफी बातचीत के बाद 80 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। इसके बावजूद आरोपी निरीक्षक किस्तों में रकम देने की बात पर भी जोर देता रहा। पीड़ित मुकेश कश्यप निषाद पार्टी से जुड़े हुए हैं। बड़ी रकम देकर पंजीकरण कराने का दबाव बढ़ने पर उन्होंने सीधे विजिलेंस ऑफिस में शिकायत दर्ज करा दी।

**होटल के बाहर बिछा था जाल, जेब में नोट डालते ही पकड़े गए:** शिकायत की पुष्टि के बाद बरेली विजिलेंस टीम ने शाहजहांपुर में ट्रैप बिछाया। बुधवार दोपहर टीम ने एसपी ऑफिस के पास एक होटल के बाहर घेराबंदी की। तय समय पर मुकेश कश्यप और निरीक्षक की मुलाकात हुई। जैसे ही मुकेश ने 20 हजार रुपये की पहली किस्त आरोपी को सौंपी, संजीव कुमार ने नोटों को हाथ में लेने के बजाय सीधे अपनी पैंट की जेब में रखने का इशारा किया। नोट जेब में डालते ही विजिलेंस टीम ने चारों ओर से उसे घेर लिया और मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। पकड़े जाने के बाद संजीव कुमार के चेहरे का रंग उड़ गया। टीम तुरंत उसे साथ लेकर निकल पड़ी।

**तिलहर थाने में पूरी हुई औपचारिकताएँ, आगे की कार्रवाई बरेली में:** गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम आरोपी निरीक्षक को लेकर बरेली की ओर रवाना हुई। रास्ते में तिलहर कोतवाली में आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई की गई। माना जा रहा है कि टीम उसके मोबाइल फोन, पर्स और कपड़ों की भी जांच करेगी। जरूरी पंचनामा तैयार करने के बाद आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए बरेली विजिलेंस यूनिट ले जाया गया। घटना के बाद मत्स्य विभाग और विकास भवन परिसर में हड़कंप जैसी स्थिति रही। कर्मचारियों और अधिकारियों में चर्चाओं का दौर देर शाम तक चलता रहा।

**भ्रष्टाचार पर बड़ी चोट, विभाग में खलबली:** मत्स्य विभाग में लंबे समय से पंजीकरण व निरीक्षण संबंधी प्रक्रियाओं में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आती रही हैं। इस गिरफ्तारी ने पूरे विभाग में खलबली मचा दी है। माना जा रहा है कि आगामी दिनों में और भी मामलों की जांच तेज हो सकती है।

# हादसे में दो की मौत, बाइक सवार किशोर और साइकिल सवार बुजुर्ग की जान गई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले में मंगलवार रात दो अलग-अलग सड़क हादसों में बाइक सवार 17 वर्षीय युवक और साइकिल सवार 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस वाहन चालकों की तलाश कर रही है। थाना निगोही के जठियूरा गांव निवासी 17 वर्षीय अमन कुमार की पतराजपुर तिराहा पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। पिता रामबहोरे ने बताया कि अमन एक टेंट हाउस में कैटरिंग का काम करता था और मंगलवार शाम परिजन सुमित व रवि के साथ एक शादी समारोह में गया था। रात करीब 11 बजे काम खत्म कर वह बाइक से घर लौट रहा था, तभी पतराजपुर के पास दुर्घटना हो गई। परिजन उसे घायल अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। परिवार ने बताया कि हादसे के समय अमन ने हेलमेट नहीं पहना था। निगोही थाना प्रभारी ने बताया कि टक्कर किस वाहन से हुई, इसकी जांच की जा रही है। उधर रोजा थाना के बरनई नौगवां गांव निवासी 65 वर्षीय बहादुरलाल की दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर जमुका दोराहा के पास डीसीएम की टक्कर से मौत हो गई। पुत्र धर्मवीर ने बताया कि बहादुरलाल फ्लोर मिल में काम करते थे और मंगलवार शाम करीब छह बजे ड्यूटी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे जमुका दोराहा पहुंचे, डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक भाग निकला। ग्रामीण की सूचना पर परिवार मौके पर पहुँचा और पुलिस की मदद से बहादुरलाल को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

### कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी 21 नवंबर को

**शाहजहांपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेजिड्यू एवं सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन योजनांतर्गत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए कृषक चयन की ई-लॉटरी 21 नवंबर को अपराह्न 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। यह प्रक्रिया जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में सम्पन्न होगी। विभाग के अनुसार जिन कृषि यंत्रों में लक्ष्य के अनुरूप ही बुकिंग प्राप्त हुई है, उनके सभी कृषकों की बुकिंग पहले ही कन्फर्म की जा चुकी है, इसलिए उन पर ई-लॉटरी नहीं होगी। ई-लॉटरी में चयनित कृषकों को मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से चयन की सूचना एवं बिल अपलोड करने की अंतिम तिथि भेजी जाएगी। लक्ष्य के अनुरूप चयनित लाभार्थियों की संख्या के अलावा लक्ष्य का 300 प्रतिशत तक प्रतीक्षा सूची भी तैयार की जाएगी। निर्धारित समय में चयनित कृषक द्वारा यंत्र न खरीदने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची के क्रम में अगला लाभार्थी चयनित किया जाएगा। ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले कृषकों को जमानत धनराशि अधिकतम छह माह में वापस कर दी जाएगी।

# यातायात जागरूकता को नुक्कड़ नाटक

**मंथन आर्ट्स सोसायटी ने एसपी और सीओ के समक्ष प्रस्तुत किया नुक्कड़ नाटक**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जीआईसी तिराहा तद्रुष्ट पर मंथन आर्ट्स सोसायटी के कलाकारों द्वारा शिवा सक्सेना के निर्देशन में यातायात नियमों की जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का किया गया।

नाटक के माध्यम से समस्त जनता को बताया गया कि ट्रिपलिंग करना, प्रकाश बिंदुओं का पालन न



करना, हेलमेट न लगाना, ओवरस्पीडिंग करना इत्यादि के कारण रोज़ाना कई ज़िंदगियाँ मौत को दावत दे रही हैं। यदि हम इसका पालन करके सड़क पर चलेंगे और नियमों की अनदेखी नहीं करेंगे तो हमारा जीवन बच सकता है, अन्यथा काल के गाल में समा सकते हैं। नियमों का पालन करने वाले राहगीरों को एसपी द्वारा गुलाब देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर टीएसआई विनय पांडेय सहित भारी संख्या में पुलिस विभाग के कर्मचारी व दर्शक मौजूद रहे।

# गुस्साए ग्रामीणों ने तालाब पर मिट्टी डालने का किया विरोध, मिट्टी भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां वापस

**मिट्टी डालकर तालाब पाटने का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने तिलहर एसडीएम व पुलिस से भू माफिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की**

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

फीलनगर गाँव के महेश तिवारी ने तिलहर एसडीएम एवं पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गाँव के पूर्वी उत्तर दिशा में स्थित तालाब का ग्राम फीलनगर के द्वारा मान सरोवर योजना के तहत सौंदर्य करण कराया गया था।



जिस पर गाँव के दबंगो ने जबरदस्ती मिट्टी डालकर तालाब को पाटने का कार्य शुरू कर दिया। जबरिया मिट्टी डाल रहे दबंगो ने विरोध करने पर झगड़ा फसाद करते हुए जान मारने की धमकी दी हैं। तालाब में डाली गई मिट्टी की उच्च अधिकारियों से ग्रामीणों ने शिकायत करके कड़ा विरोध जताया है और हंगामा करते हुए मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियों को तालाब को पाटने से रोक दिया हैं ग्रामीणों के कड़ा विरोध करने पर गांव के दबंग तालाब में मिट्टी नही डाल पाए। इस दौरान महेश तिवारी ने ग्रामीणों के साथ एसडीएम कार्यालय एवं थाना पुलिस से शिकायत करके तालाब में मिट्टी डालने वाले दबंगो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। पूर्व प्रधान इरशाद अहमद ने बताया है कि मेरे कार्यकाल के दौरान गांव के तालाब का मुख्यमंत्री जल बचाओ अभियान के अंतर्गत तालाब का सौदर्यकरण कराया गया था। लेखपाल कमलेश मिश्रा ने बताया कि मौके पर पहुँचकर ग्रामीणों की शिकायत पर तालाब में मिट्टी डालने का काम रुकवा दिया है। आरोपियों को कार्यवाही करने की सख्त हिदायत देकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया है।

## नाबालिगों के अपराध

हाल ही में, दिल्ली के विजय विहार इलाके में लूट का विरोध करने वाले एक ऑटो चालक की निर्मम हत्या में पांच नाबालिगों की गिरफ्तारी गंभीर चिंता बढ़ाने वाली है। देश में नाबालिगों के बालिगों की तर्ज पर गंभीर अपराधों को अंजाम देने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। वहीं दिल्ली की घटना में गिरफ्तार किशोरों की स्वीकारोक्ति डराने वाली है कि वे नशे के आदी हैं और पैसे जुटाने के लिये लूटपाट जैसे अपराधों में लिप्त रहते हैं। यह घटना हमारे समाज में पनप रही विकृतियों की ओर इशारा कर रही है। साथ ही यह भी संकेत कि अब वक्त आ गया है कि किशोर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये सख्त कानूनों के प्रावधान हों। इसकी वजह यह है कि किशोरों को अपराध करने के बाद सामान्य जेलों में रखने के बजाय बाल सुधार गृहों में भेज दिया जाता है। लेकिन बाल सुधार गृहों में रहने के दौरान भी ऐसे अपराधी किशोरों में बड़ा बदलाव नजर नहीं आता। अक्सर देखा जाता है कि बाल सुधार गृहों में रहने की सीमित अवधि के बाद कई किशोर फिर अपराधों की दुनिया में उतर जाते हैं। समाज विज्ञानियों का मानना है कि किशोर अपराधों को लेकर कानून के अस्पष्ट और लचर होने की वजह से भी दोषियों को दंडित नहीं किया जा सकता। अक्सर कहा जाता है कि नाबालिगों की सजा के मामले में अभियुक्त की उम्र को घटा दिया जाए। दरअसल, बदलते परिवेश में समय से पहले किशोरों में वयस्कों की नकारात्मक प्रवृत्तियां पनपने लगी हैं। जिसके चलते वे बड़ों के जैसे अपराध तो करते हैं। लेकिन उन्हें उस अनुपात में सजा नहीं दी जा सकती। वैसे यह भी हकीकत है कि किशोरों के सामने लंबा भविष्य होता है। यदि परिस्थितिवश या मजबूरी में वे कोई अपराध करते हैं तो उन्हें सुधरने का मौका दिया जाना चाहिए। वैसे भी दंड का अंतिम उद्देश्य व्यक्ति में सुधार ही होता है। दरअसल, इस तथ्य पर भी विचार करने की जरूरत है कि यदि किशोर सजा काटने के बाद भी लगातार अपराध की दुनिया में सक्रिय रहते हैं तो उसके लिये दंड के सख्त प्रावधान होने चाहिए। वहीं, अपराध के मूल में आर्थिक विषमताएं भी हैं, जिसके चलते वे पढ़-लिख नहीं पाते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में तमाम सामाजिक विद्रूपताएं भी किशोर मन में नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। जैसे कि दिल्ली की घटना में लिप्त किशोरों ने स्वीकारा कि वे नशे के आदी हैं, यह घटना हमारे समाज में नशे के नासूर से उपजे संकट की ओर इशारा करती है। ऐसे में नशे पर अंकुश के साथ ही उन सामाजिक विसंगतियों पर नजर रखने की जरूरत है जो किशोर मन के भटकाव को जन्म देती हैं। दूसरा संकट भारतीय समाज में जीवन मूल्यों का तेजी से होता पराभव भी है। किशोरों को नैतिक शिक्षा का पाठ सही ढंग से न स्कूलों में मिल पा रहा है और न ही घरों में। इस संकट का एक बड़ा पहलू इंटरनेट पर जहरीली व अश्लील सामग्री की प्रचुरता भी है। अक्सर किशोरों व वयस्कों के अपराधों के कारण जानने पर पता चला कि उन्होंने इंटरनेट पर अश्लील सामग्री देखने के बाद यौन हिंसा को अंजाम दिया। ऐसे में बच्चों को संस्कार स्कूल और घर के बजाय मोबाइल से मिल रहे हैं। इंटरनेट पर प्रसारित आपत्तिजनक सामग्री को कौन और किस उद्देश्य से डाल रहा है, कहना कठिन है। लेकिन इतना तय है कि सोशल मीडिया व इंटरनेट से जुड़े विभिन्न माध्यमों में परोसी जा रही विषैली सामग्री बाल मन पर बुरा असर डाल रही है। ऐसे में नशा, अश्लीलता और अपराध उन्मुख कार्यक्रम किशोरों को अपराध की गलियों में गुजरने के लिए उकसा रहे हैं। बहरहाल, अब समय आ गया है कि नीति-नियंताओं को विचार करना चाहिए कि हत्या-बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त किशोरों के लिये कैसे कानून बनें। निश्चय ही कानून का मकसद किसी अपराधी में सुधार ही होना चाहिए। लेकिन इस छूट को सजा से छूट का हथियार बनने देने से भी रोकना चाहिए। अन्यथा किशोरों के अपराधों का सिलसिला बेकाबू हो सकता है।

# राजनीतिक कुलों में संग्राम

प्रमोद भार्गव



बिहार चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल की करारी हार के बाद दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार में वर्चस्व का संग्राम छिड़ गया है। लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव और रमीज खान को चुनाव में हार के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया है। परिवार के सदस्यों में मानसिक विकृति किस हद तक होती है, इसका उदाहरण देते हुए रोहिणी ने कहा है कि 'मुझे गालियां देते हुए कहा गया कि मैं गंदी हूं और मैंने अपने पिता को अपनी गंदी किडनी लगवा दी। इसके बदले में मैंने करोड़ों रुपए और चुनावी टिकट लिए। मुझे अब अपनी उदारता पर पछतावा हो रहा है। मेरा देश की सभी बेटियों से अनुरोध है कि जब आपके मायके में कोई बेटा या भाई हो तो भूल कर भी अपने पिता को नहीं बचाएं।

लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव भी रोहिणी के समर्थन में खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने यहां तक कह दिया है कि यदि बहन रोहिणी का माता-पिता ने किसी भी तरह का मानसिक उत्पीड़न दिया है तो उसकी जांच होनी चाहिए। तेजप्रताप ने यहां तक कह दिया कि जयचंदों को जमीन पर दफन कर देंगे। राज और राजनीतिक वंशों में देखने में आया है कि जब तक वे प्रगति कर रहे होते हैं, तब तक उनमें एकता बनी रहती है, लेकिन पतन के समय ये कुनबे बिर जाते हैं। कुदरत का यह ऐसा जाल है कि वह वंशों के डीएनए में ही अलगाव के बीच बो देता है।

भारतीय लोकतंत्र की जमीन पर जड़ें जमाते राजनीति के वंश-वृक्ष देश की संवैधानिक संप्रभुता की जड़ां में मट्ठा घोलने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस समेत हरेक क्षेत्रीय राजनीतिक दल में राजनीतिक उत्तराधिकार और वंशवाद को राजनीति के फलक पर स्थापित करने की होड़ लगी है। भाजपा में भी वंशवाद का रोग पनपा हुआ है। वामदलों को जरूर हम अपवाद के रूप में देख सकते हैं। इसीलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जरूर परिवारवाद को बढ़ावा दे रहे दलों की मानसिकता पर कुठाराघात करते हुए उन्हें लोकतंत्र और संविधान की मूल भावना का विरोधी बताते हुए हमेशा हमलावर रहे हैं। उन्होंने इस प्रवृत्ति को सामंतशाही की संरक्षक और लोकतांत्रिक मूल्यों और मान्यताओं के लिए घातक बताया है।

इसमें दो राय नहीं कि विकृत वंशवादी मनोवृत्ति के चलते बहुदलीय शासन प्रणाली, एकतंत्रीय व्यक्तिवाद की गिरफ्त में आती जा रही है। इस नाते देश के प्रमुख राष्ट्रीय दल संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था को एकध्रुवीय बनाने की कोशिश में लगे रहे हैं। कांग्रेस ने तो समूची राजनीति को राहुल गांधी और क्षेत्रीय दलों ने परिवार के मुखियाओं पर केंद्रित कर दी है। जबकि संवैधानिक व्यवस्था बहुदलीय है। लोकतंत्र को राजतंत्र में बदलने का यह खेल न तो देश की बुनियादी समस्याएं भूख, अन्याय और असमानता से लड़ने में कामयाब हो सकती हैं और न ही सीमाई संप्रभुता व आंतरिक समस्याओं से निपटने में दो-चार हो सकती हैं। दरअसल, आसानी से मिला राजनैतिक उत्तराधिकार का वैभव व्यक्ति की मानसिकता को सुविधा-भोगी और व्यक्तिवादी महत्वाकांक्षा को बढ़ाने का काम करता हैं। वह राजसी भोग-विलास में भी लग जाता है। प्रजातंत्र में यह स्थिति अपरोक्ष रूप से सामंती मूल्यों को स्थापित करने वाली है।

स्वतंत्रता के बाद अस्तित्व में आए संविधान में समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता के आदर्शों के साथ देश को एक मजबूत राष्ट्र में गढ़ने की परिकल्पना की गई थी। किंतु जब साल 1952 में स्वतंत्र भारत का पहला आम चुनाव हुआ तो संविधान में दर्ज आदर्श को पलीता लगाने का काम कांग्रेस समेत अनेक राजनीतिक दलों ने धर्म और जाति के आधार पर उम्मीदवारों का चयन और वोट मांग कर किया। अब आजादी के 78 साल बाद भी धर्म और जाति तो अपनी जगह कायम हैं ही, खरपतवार की तरह वंशवादी ऐसे बरगदी वृक्ष भी उग आए हैं, जो प्रजातांत्रिक मूल्यों और भावनाओं को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। बुंदेलखण्ड में एक कहावत प्रचलित है कि चंबल नदी की गहराई एक दर्जन खाटों की बान से भी नहीं नापी जा सकती। लेकिन प्रजातंत्र की मिट्टी में वंशवाद की जड़ें जितनी गहरी होती जा रही हैं, उन्हें तो दो दर्जन खाटों के बान से भी नापा जाना मुश्किल है।

कालांतर में कई राजनेताओं के परिवार वंशवाद की डगर पर चले। इसमें वे लोहियावादी भी शामिल हैं, जो कई दशकों तक वंशवाद को कोसते हुए इन्हें लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा बताते रहे। लेकिन क्षेत्रीय दलों के प्रमुख बनने और सत्ता की बागडोर हाथ में आते ही उन्होंने देश के सामने कोई आदर्श उदाहरण पेश करने के बजाय स्वयं वंशवाद के बरगद बने। लालू प्रसाद, मुलायम सिंह और रामविलास पासवान इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लालू को जब चारा घोटाले के मामले में बिहार का मुख्यमंत्री रहते हुए जेल जाने की नौबत आई, तो उन्हें अपना राष्ट्रीय जनता दल में ऐसा एक भी होनहार नेता नहीं दिखाई दिया जो मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने की काबिलियत रखता हो। आखिरकार यह योग्यता उन्हें अपनी निरक्षर धर्मपत्नी राबड़ी देवी में ही दिखाई दी। अंततः लालू ने प्रजातांत्रिक राज्य सत्ता राबड़ी को मनोनीत करके हस्तांतरित कर दी। स्वतंत्र भारत में राज्यसत्ता के पारिवारिक उत्तराधिकारी को ही हस्तांतरित किए जाने की यह मनोवृति सबसे शर्मनाक स्थिति रही है। बाद में लालू के दो पुत्र और दो पुत्रियां राजनीति में सीधे दखल देने लग गईं। किंतु 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद लालू कुनबे की कलह सड़क पर आ गई।

मुलायम सिंह यादव की कहानी भी लालू जैसी ही है। इनके पूरे कुनबे ने ही राजनीति में हस्तक्षेप करके गांधी और सिंधिया परिवार को पीछे छोड़ दिया है। मुलायम के भाई रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव राजनीति में हैं। बेटा अखिलेश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और अब समाजवादी पार्टी उन्हीं की मुट्ठी में है। अखिलेश की पत्नी डिंपल भी सांसद हैं। भतीजे धर्मेन्द्र और अक्षय भी सक्रिय राजनीति में हैं। उसी तरह रामविलास पासवान के भाई रामचंद्र और पारस पहले ही राजनीति में थे। रामविलास पासवान के निधन के बाद उनके पुत्र चिराग के हाथो में लोक जनशक्ति पार्टी की कमान है।उसी तरह भारतीय राजनीति में वंशवाद के शुरुआती उदाहरणों में गांधी परिवार के साथ मध्य प्रदेश के सिंधिया परिवार का भी नाम शामिल है। दक्षिण में भी वंश-वृक्ष खूब फल-फूल रहे हैं। आठ दशक पुराने क्रांतिकारी द्रविड़ आंदोलन और हिन्दी के विरोध की कोख से जन्मी द्रविड मुनेत्र कशघम यानी द्रमुक भी वंशवाद की राह पर है। एम करुणानिधि की राजनैतिक विरासत का वास्तविक उत्तराधिकारी कौन है, इस सवाल को लेकर उनके दोनों बेटों में खूनी जंग भी छिड़ चुकी है। हालांकि बड़े बेटे एमके अलागिरी की बजाए करुणानिधि ने छोटे बेटे एमके स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था इसलिए पार्टी और राज्य सत्ता की कमान स्टालिन के हाथ है। उनकी बेटी कनिमोझी भी सासंद हैं। 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाले में वे जेल भी जा चुकीं हैं। हालांकि करूणानिधि और उनका दल साम्यवाद से प्रभावित रहा है। मार्क्स का जो ऐतिहासिक भौतिकवाद है, वह प्रजातंत्र में कुनबापरस्ती का विरोध करता है, लेकिन करुणानिधि का वंश इसी कुनुबापरस्ती की गिरफ्त में है। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी और बहुजन समाजवादी पार्टी की सुप्रीमो मायावती अविवाहित हैं, बावजूद वंशवादी मानसिकता के चलते अपने भतीजों को आगे बढ़ा रही हैं।

तेलंगाना में केसीआर का उत्तराधिकारी कौन हो इसे लेकर भाई-बहन आपस में टकरा रहे हैं। बेटी कविता साल 2023 के शराब घोटाले में गिरफ्तार हुई तो भीतर का संघर्ष सड़क पर आ गया। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे के अलग होने के बाद साल 2022 में शिंदे की बगावत ने शिवसेना के दो फाड़ कर दिए। इस अलगाव की वजह से बाल ठाकरे की विरासत कमजोर हुई तो भाजपा सत्ता के सिंहासन पर जा बैठी।

आंध्र प्रदेश में वाईएसआर की मौत के बाद साल 2023-24 में पैतृक संपत्ति पर अधिकार को लेकर जगन और उर्मिला के बीच विवाद सामने आया और दोनों अलग-अलग दलों में पहुंच गए। महाराष्ट्र में शरद पवार की राजनीतिक विरासत पर रस्साकशी के बाद साल 2023 में अजीत पवार भाजपा-शिंदे सरकार में शामिल हो गए, जिसके चलते पार्टी दो हिस्सों में विभाजित हो गई, इस विभाजन के साथ ही महाराष्ट्र में कई सीटों पर कांग्रेस-शिवसेना और अन्य गठबंधनों के साथ समीकरण बदल गए। जिसका नतीजा कांग्रेस शरद पवार और शिवसेना को भुगतना पड़ा।

आज देश में दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह निर्मित हो गई है कि एक जमाने में वंशवाद के जो प्रबल विरोधी थे और जिन्हें गांधी परिवार फूटी आंख नहीं सुहाता था, वे इसके समर्थक व निष्ठानवान अनुयायी हो गए हैं। इसी कारण राजनीतिक वंशवाद ने अब एक ब्रांड का रूप धारण कर लिया है। आम जनता को इससे सचेत होने की जरूरत है। ब्रिटेन के लोकतंत्र का उल्लेख करते हुए दार्शनिक रूसो ने कहा था, 'इग्लैण्ड की जनता समझती है कि वह आजाद है तो यह उसका भ्रम है। जनता की आजादी केवल वहीं तक है, जहां तक वह माननीय सांसदों का चुनाव करती है। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जनता को गुलाम कैसे बनाए रखा जाए, इस दूषित मानसिकता का दुश्चक्र तुरंत घूमना शुरू हो जाता है।' भारत में यह कथन सत्य के निकट है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# आम चुनाव में बिहार की विनिंग टीम के साथ ही उतरेगी बीजेपी



संजय सक्सेना

भारतीय जनता पार्टी बिहार में भले ही नंबर एक की पार्टी उभरी हो, लेकिन दूसरे नंबर की पार्टी जतना दल युनाइटेड के नेता नीतीश कुमार को ही वह वायदे के अनुसार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा रही है तो इसके पीछे तमाम किंतु-परंतु हैं। दरअसल, नीतीश के साथ सरकार बनाते समय बीजेपे इस लिये कोई नया प्रयोग नहीं करेगी क्योंकि उसकी नजर 2029 के लोकसभा चुनाव पर टिकी हुई है। बिहार में सत्ता समीकरण को लेकर पार्टी का रुख यह बताता है कि वह यहां किसी बड़े प्रयोग से बचना चाहती है और स्थिरता पर जोर दे रही है। पिछली सरकार के दौर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बीजेपी के दो उपमुख्यमंत्रियों के संतुलन ने गठबंधन को कार्यात्मक बनाए रखा था। अब जब विधानसभा में बीजेपी की स्थिति मजबूत है, तब भी आलाकमान का यही फैसला कि वही पुरानी टीम बनी रहेगी, एक सोची-समझी रणनीति का परिणाम है।

बीजेपी समझती है कि बिहार का सामाजिक और राजनीतिक ताना-बाना बेहद संवेदनशील है। यहां सत्ता चलाने से ज्यादा मुश्किल उसमें निरंतरता बनाए रखना होता है। ऐसे में अगर पार्टी किसी नए चेहरे या ढांचे के साथ प्रयोग करती, तो पुराने गठबंधन समीकरणों में हलचल हो सकती थी। मुख्यमंत्री पद पर नीतीश कुमार को यथावत बनाए रखने और दोनों पुराने डिप्टी सीएम को फिर से दोहराने का निर्णय उसी स्थिरता की गारंटी देता है, जो जनता दल (यू) और बीजेपी के रिश्तों को सहज बनाती रही है। दरअसल, बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व का लक्ष्य सिर्फ बिहार की सरकार चलाना नहीं, बल्कि आने वाले 2029 के लोकसभा चुनाव में राज्य से अपना आधार और सीटें और मजबूत करना है। 2019 के चुनाव में पार्टी और उसकी सहयोगी जदयू ने अच्छा प्रदर्शन किया था, लेकिन 2024 में जो हल्की गिरावट दिखी, उसने बीजेपी आलाकमान को यह सोचने पर मजबूर किया कि बिहार में संगठन के साथ-साथ सत्ता में भी सहजता का माहौल बनाकर जनता का भरोसा दोबारा अर्जित किया जाए। इसके लिए विनिंग कॉम्बिनेशन यानी विजयी फॉर्मूले को न छेड़ना ही सबसे व्यावहारिक रास्ता है।

ऐसा इसलिये है क्योंकि अक्सर राज्य स्तरीय राजनीति में बदलाव संगठनात्मक विचलन लाता है। अगर बीजेपी अपने डिप्टी सीएम या सरकार में चेहरों में बदलाव करती, तो इसका संदेश नीचे के स्तर पर यह जा सकता था कि पार्टी फिर से प्रयोगों के दौर में है। बिहार के मतदाता प्रयोगों से ज्यादा परिणाम देखना चाहते हैं। एक स्थिर सरकार को वे पसंद करते हैं, जो काम में निरंतरता दिखाए। आलाकमान यह समझता है कि बिहार में जो संतुलन नीतीश कुमार और बीजेपी के बीच तैयार हुआ है, उसी के भरोसे 2029 तक राजनीतिक ज़मीन तैयार की जा सकती है। नीतीश कुमार का चेहरा अभी भी बिहार की राजनीति में संतुलनकारी माना जाता है। हालांकि उनकी लोकप्रियता पहले जैसी नहीं रही, लेकिन वे अभी भी सामाजिक समीकरणों को संभालने वाले नेता के तौर पर स्वीकार्य हैं। बीजेपी को उनकी यही छवि चाहिए, ताकि वह बड़े पैमाने पर वोटों का ध्रुवीकरण किए बिना ही सत्ता और संगठन दोनों को मजबूत रख सके। यह रणनीति 2029 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसलिए भी अहम है क्योंकि बीजेपी को केंद्र में अपना जनाधार मजबूत रखने के लिए बिहार जैसे बड़े राज्य से कम से कम 35 से



अधिक सीटों का लक्ष्य चाहिए। पार्टी जानती है कि इसके बिना उत्तर प्रदेश पर ज्यादा दबाव बढ़ जाएगा। इसलिए बिहार में यदि गठबंधन स्थिर और प्रभावी रहता है, तो लोकसभा में सीटों की गारंटी लगभग तय मानी जाती है।

इसके अलावा, बिहार से जुड़े अन्य समीकरण भी बीजेपी नेतृत्व के ध्यान में हैं। जातीय जनगणना, आरक्षण और समाज के कमजोर वर्गों की भागीदारी जैसे मुद्दों पर नीतीश कुमार के माध्यम से सॉफ्ट पोलिटिकल हैंडलिंग की जा रही है। अगर बीजेपी इन मुद्दों को सीधे अपने नेतृत्व में संभालती, तो संभव है विपक्ष इसे ध्रुवीकरण के एजेंडे से जोड़ देता। नीतीश कुमार का रहना इसीलिए बीजेपी के लिए एक कुशन का काम करता है। दूसरी ओर, पार्टी का लक्ष्य राज्य संगठन को मजबूत करने का भी है। सरकार में पुरानी टीम के बने रहने से शीर्ष स्तर पर कोई असंतुलन नहीं होगा, जिससे संगठन जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर चुनावी तैयारियों पर पूरी ऊर्जा लगा सकेगा। जब सरकार और संगठन दोनों में टकराव न्यूनतम होता है, तब लोकसभा चुनाव के लिए ग्राउंड मैकेनिज्म अधिक परिणामकारी बनता है।

बीजेपी की यह रणनीति यह भी दर्शाती है कि वह अब बिहार को सिर्फ सहयोगी दल की राजनीति का मैदान नहीं मान रही। आलाकमान की कोशिश है कि धीरे-धीरे अपना वोट आधार स्वतंत्र रूप से इतना मजबूत किया जाए कि भविष्य में नीतीश कुमार जैसे सहयोगियों पर निर्भरता कम की जा सके। लेकिन फिलहाल, पार्टी के लिए नीतीश के साथ स्थिर रिश्ते बनाए रखना फायदेमंद सौदा है। कुल मिलाकर, बीजेपी ने यह निर्णय लेकर यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका फोकस अल्पकालिक राजनीतिक लाभ पर नहीं, बल्कि दीर्घकालिक रणनीतिक मजबूती पर है। वही पुरानी विनिंग टीम बनाए रखना सिर्फ सत्ता की निरंतरता का प्रतीक नहीं, बल्कि 2029 के लक्ष्य की दिशा में बिछाई जा रही राजनीतिक बिसात का हिस्सा है। बिहार में स्थिरता का यह फॉर्मूला अगर अगले कुछ वर्षों तक कायम रहता है, तो 2029 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को इसका सीधा लाभ मिलने की पूरी संभावना है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

साहित्य



## नेटवर्क नरभक्षी...!


**संजय एम तराणेकर**

डॉक्टर नाम सुनते ही हमें दिखाई देता है ईश्वर,
इलाज होते ही लम्बे समय तक हो जाते नश्वर।
इन्हें दुआओं की जरूरत बताता रहता डॉक्टर,
कभी न बंद होने देता वह जिन्दगी का चैप्टर।

शाहीन-ये ऊंचाई पर उड़नेवाला शिकारी पक्षी,
मुल्कों में आतंकी डॉक्टरों के नेटवर्क नरभक्षी।
न जाने महिला होते हुए आ गई कितनी शक्ति,
स्थापित नेटवर्क दुरूपयोग किया डूबी कश्ती।

जिंदगी देने वालों के फेहरिस्त में ऊपर डॉक्टर,
अब जिसके शब्दों में होता है जबरदस्त असर।
चंद सिक्कों की खातीर क्यों? किया पेशा बेनूर,
न पसीजा दिल तुम्हारा मर गए कितने बेकसूर।
(संदर्भ -डॉ.शाहीन ने बनाया था आतंकी डॉक्टरों का नेटवर्क)





## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः-** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# चुनाव आयोग पर हमलावर राहुल पर भड़के बुद्धिजीवियों की नसीहत



स्वदेश कुमार

देश के राजनीतिक माहौल में एक बार फिर सियासी तापमान बढ़ गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा हाल ही में चुनाव आयोग को लेकर दिए गए बयान ने नई विवाद की लपटें उठा दी हैं। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को "चोर" कहकर संबोधित किया था, जिसके बाद देश की लगभग 250 जानी-मानी हस्तियों ने उनके इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। इन हस्तियों में करीब सवा सौ पूर्व नौकरशाह, कुछ पूर्व जज, पूर्व सैन्य अफसर, शिक्षाविद, कलाकार और वरिष्ठ वकील शामिल हैं। इन सभी ने संयुक्त रूप से एक पत्र जारी कर राहुल गांधी के बयान को 'लोकतांत्रिक संस्थाओं पर असंवैधानिक हमला' करार दिया है। उनका कहना है कि देश की संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है, चाहे वह आम आदमी हो या किसी बड़े राजनीतिक दल का शीर्ष नेता। पत्र में यह भी कहा गया है कि राहुल गांधी जैसे स्थापित नेता जब सार्वजनिक मंचों से इन संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं, तो इससे देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचता है और जनता के विश्वास को ठेस लगती है।

पूर्व नौकरशाहों और बुद्धिजीवियों के समूह ने यह भी कहा है कि विपक्ष का काम सवाल करना जरूर है, लेकिन वह आलोचना सभ्य संवाद की सीमा में रहकर होनी चाहिए। पत्र में लिखा गया है कि राहुल गांधी का यह बयान न केवल चुनाव आयोग की साख को धूमिल करता है, बल्कि यह चुनाव प्रक्रिया में अविश्वास का माहौल भी पैदा करता है, जो किसी भी लोकतांत्रिक समाज के लिए घातक है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में एक जनसभा के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि आयोग सत्तारूढ़ दल के इशारों पर काम कर रहा है। उन्होंने अपने भाषण में आरोप लगाया कि आयोग का व्यवहार निष्पक्षता की सीमाओं से बाहर जा चुका है और विपक्षी दलों को बराबरी का मौका नहीं मिल रहा। राहुल गांधी के इस बयान के बाद राजनीति के गलियारों में हड़कंप मच गया। सत्तापक्ष के नेताओं ने इसे लोकतंत्र की मूल संस्थाओं का अपमान बताया। वहीं विपक्ष ने राहुल के बचाव में कहा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा है और संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठाना नागरिक अधिकार है।

हालांकि, जिन बुद्धिजीवियों ने यह विरोध पत्र लिखा है, उनका मानना है कि राहुल गांधी की टिप्पणी 'लोकतंत्र के बुनियादी आदर्शों के विपरीत' है। उनके मुताबिक, लोकतंत्र में संस्थाएं किसी राजनीतिक लाभ या हानि से ऊपर होती हैं और उन पर इस प्रकार के आरोप लगाना जनता को भ्रमित करता है। एक पूर्व कैबिनेट सचिव ने कहा कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल राजनीतिक विमर्श में नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब चुनाव निकट हों। इन हस्तियों में से कई ने पहले भी संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान की वकालत की है। कुछ पूर्व जजों का कहना है कि चुनाव आयोग ने अब तक देश में कई कठिन परिस्थितियों में भी निष्पक्ष चुनाव कराए हैं, और इस संस्था पर सवाल उठाना बिना ठोस सबूत लोकतंत्र को कमजोर करने के बराबर है। वहीं, कुछ पूर्व राजनयिकों का मानना है कि जब सार्वजनिक जीवन के बड़े नेता ऐसी टिप्पणियां करते हैं, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की लोकतांत्रिक छवि को भी क्षति पहुंचती है।

इन हस्तियों ने अपने पत्र में कांग्रेस द्वारा शुरू किए गए 'संविधान बचाओ, संस्थाएं बचाओ' (एसआईआर) अभियान पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह अभियान एक तरह से संवैधानिक संस्थाओं की कार्यशैली पर सामूहिक अविश्वास जताने जैसा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी संस्था से असहमति है तो उसके खिलाफ सबूतों के साथ कानूनी प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए, न कि सार्वजनिक मंचों से संस्थाओं को 'जनता का दुश्मन' बताने का अभियान चलाया जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आज जब भारत विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब नेताओं को जनता में भरोसा और एकता का संदेश देना चाहिए, न कि उन्हें संस्थाओं के खिलाफ भड़काना चाहिए। समूह ने यह अपील की है कि सभी राजनीतिक दल चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं का सम्मान करें और उन्हें राजनीतिक विवादों से दूर रखें, ताकि लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो सकें।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस कभी संस्थाओं के खिलाफ नहीं रही है, बल्कि उसने हमेशा उनकी जवाबदेही की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी का बयान सत्ता पक्ष द्वारा चुनाव आयोग को अपने हित में उपयोग करने के संकेतों पर आधारित था, जो लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जब संस्थाएं सरकार के दबाव में काम करती दिखती हैं, तो जनता का विश्वास पुनः स्थापित करने के लिए प्रश्न पूछना भी लोकतांत्रिक कर्तव्य है। इस पूरे विवाद ने राजनीतिक गलियारों में एक बड़ा विमर्श खड़ा कर दिया है क्या संवैधानिक संस्थाओं की आलोचना लोकतंत्र की सेहत के लिए आवश्यक है या यह उसकी जड़ों को कमजोर करती है? कई विशेषज्ञ इसे 'दो धार वाली तलवार' मानते हैं। उनके अनुसार, लोकतंत्र में संस्थाओं की जवाबदेही पर सवाल उठाना जरुरी है, लेकिन उसे व्यक्तिगत या अपमानजनक शब्दों में रूपांतरित करना अनुचित है। ह्यपत्र जारी करने वाले समूह ने अंत में यह अपील भी की है कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों को शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। जब देश के नेता या बड़े राजनीतिक चेहरे खुले मंच से संज्ञात्मक हमले करते हैं, तो समाज में नकारात्मकता फैलती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र भाषणों से नहीं, बल्कि संस्थाओं के प्रति विश्वास और सम्मान से मजबूत होता है। अब यह विवाद किस दिशा में बढ़ेगा, यह आने वाले समय में ही तय होगा। लेकिन यह साफ है कि राहुल गांधी के बयान ने राजनीतिक विमर्श को नई दिशा दे दी है जहां एक तरफ संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और गरिमा पर बहस तेज है, वहीं दूसरी ओर सत्तापक्ष और विपक्ष अपने-अपने दृष्टिकोण से लोकतंत्र की रक्षा की बात कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने यह जरूर दिखा दिया है कि भारत के लोकतंत्र में बहस और मतभेद की परंपरा जिंदा है, लेकिन उसे संयम और जिम्मेदारी के दायरे में रखना ही समाज के हित में है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### सड़क हादसे में मृत छात्र का हुआ अंतिम संस्कार

**भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात उद्योग नगरी के समीप ट्रैक्टर की टक्कर से जान गवांने वाले छात्र के परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक छात्र मौदहा के एक महाविद्यालय से बीएससी कर रहा था। वह मंगलवार को कानपुर में आयोजित सीजीएल परीक्षा देकर बाइक से वापस घर लौट रहा था। इस घटना में मृतक के दो साथी भी घायल हुए हैं मौदहा कोतवाली के घटकना गांव निवासी अभिषेक यादव पुत्र जयवंत यादव अपने साथी किशन धुरिया, हृदेश प्रजापति के साथ बीती रात कानपुर से सीजीएल परीक्षा देकर वापस बाइक से लौट रहा था। फैक्ट्री एरिया के समीप ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकरा गई और अभिषेक यादव की मौत हो गई। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने मां-बाप की एकलौती संतान है और मौदहा में एक महाविद्यालय से बीएससी कर रहा था। बुधवार को मृतक के पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। शव गांव आते ही परिजनों की चित्कार से लोगों का कलेजा कांप उठा देर शाम उसका गांव में अंतिम संस्कार किया गया।

### ट्रैक्टर ने बाइकसवारों को मारी टक्कर, एक की मौत

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे से मौदहा की तरफ जा रहे बाइक को फैक्टरी एरिया में एचयूएल के सामने ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप घायल हो गए। उसी समय मौदहा की तरफ से आ रही एंबुलेंस के पायलट एवं ईएमटी ने इन्हें पीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। मौदहा कोतवाली क्षेत्र के घटकना निवासी अभिषेक यादव 21 वर्ष अपने साथी किशन धुरिया 22 वर्ष व हृदेश के साथ बुलेट बाइक से बिना हेलमेट लगाए मौदहा की तरफ जा रहे थे। तभी रात करीब नौ बजे एचयूएल के सामने ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से इन्हे पीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अभिषेक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों घायलों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### विक्षिप्त किशोरी के साथ दुष्कर्म, मां की तहरीर पर दुष्कर्म दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** मानसिक विक्षिप्त किशोरी से गांव के ही हवशी भेड़िए ने दुष्कर्म की घटना शिकार बना डाला हालांकि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मां की तहरीर पर दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है मौदहा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि, बीते 16 नवम्बर को रात आठ बजे गांव का ही श्रीराम पुत्र बाबू उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसला कर गांव के बाहर बने कालेज के पीछे खेतों में ले गया और मुंह दबा कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया इतना ही नहीं आरोपी ने कहीं भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी है और उसकी बेटी मानसिक रूप से कमजोर है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी की तलाश जारी है।

### अलग-अलग घटनाओं में दो गंभीर रूप से घायल

**मौदहा, हमीरपुर।** अलग-अलग घटनाओं में दो विवाहित घायल हो गई जिन्हें गंभीर स्थिति में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत एक की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बे के बाकी तलैया निवासी राधा सोनकर 19 वर्ष पत्नी शिव सोनकर अपने ही घर में सीढ़ी से गिरकर घायल हो गई गंभीर अवस्था में परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी कड़ी में शायर गांव निवासी गरिमा 18 वर्ष पत्नी उमेश बुधवार की दोपहर अपने बाडे में गाय को बाध रही थी वहीं पर छुपे सर्प ने महिला के हाथ में काट लिया गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां खबर लिखे जाने तक महिला का इरादा जारी है।

### राज्य महिला आयोग की सदस्या ने जनसुनवाई कर सुनी समस्याएं

**महोबा।** राज्य महिला आयोग की सदस्या अनुपमा सिंह लोधी की अध्यक्षता में महिला/बालिका उत्पीडन एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जनसुनवाई,समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन पीडब्लूडी ऑफिस के बगल में आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान 11 पीड़ित महिलाओं/बालिकाओं द्वारा शिकायती प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये गये, जिसमें सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों द्वारा 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, अवशेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सदस्या द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण किये जाने हेतु आदेश दिये गये। सदस्या द्वारा मुख्यालय स्थित जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम में शिवकुमार जिला खण्ड शिक्षा अधिकारी, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य मधुबाला चौरसिया,जिला कार्यक्रम अधिकारी/जिला प्रोबेशन अधिकारी हर्षवर्धन नायक,महंत प्रजापति श्रम प्रवर्तन अधिकारी,परियोजना अधिकारी डूडा,बाल विकास परियोजना अधिकारी शिवम सुलेरे,पूर्ति निरीक्षक, प्रवीण वर्मा,महिला थाना प्रभारी,शशिकान्त सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी श्यामबाबू विश्वकर्मा, संरक्षण अधिकारी,जिला बाल संरक्षण इकाई, संगीता राजपूत, संरक्षण अधिकारी, प्रिया गुप्ता, डीएमसी महोबा,रीता चौरसिया व रूचि द्विवेदी, जेण्डर स्पेस्लिस्ट क्षमा, केन्द्र प्रबंधक, वन स्टॉप सेन्टर, केस वर्कर अर्चना एवं भुजबल सिंह आउटरीच वर्कर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करहरा कला निवासी मोहन सिंह राजपूत के 38 वर्षीय पुत्र मदन सिंह राजपूत ने घर के बाहर से निकली विद्युत लाइन में लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में घायल किशोर ने तोड़ा दम

**महोबा।** सड़क दुर्घटना में घायल किशोर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया किशोर की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में मृतक किशोर के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि विगत सोमवार को बाइक में सवार होकर मुख्यालय स्थित संत जोसफ स्कूल से पेपर देकर अपने साथी सोनू के साथ वापस लौट रहे विकास पुत्र जंग बहादुर उम्र 17 वर्ष की बाइक अनियंत्रित होकर बस से टकरा गई थी। हादसे में बाइक सवार विकास और सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए थे दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था जहां प्राथमिक उपचार के बाद विकास की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### रात्रिकालीन औचक निरीक्षण कर सीओ ने डायल-112 पीआरवी वाहनों की तत्परता पर दिए कड़े निर्देश



**कुलपहाड़/महोबा।** क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड द्वारा देर रात्रि में भ्रमणशील रहते हुए सर्किल कुलपहाड़ क्षेत्र में संचालित विभिन्न आपातकालीन सेवा डायल-112 पीआरवी वाहनों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पीआरवी वाहनों में ड्यूटीरत पुलिस कर्मियों की मौके पर उपलब्धता सुनिश्चित की गई तथा उनकी तैनाती एवं कार्यप्रणाली का गहन परीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा पीआरवी वाहनों में नियुक्त कर्मियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त होने वाले प्रत्येक इवेंट पर तत्काल एवं प्रभावी रिस्पांस सुनिश्चित करें। रात्रि गश्त के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। किसी भी आपात परिस्थिति में पीड़ित व्यक्ति को तत्काल सहायता और आवश्यक सेवा प्रदान करें। उन्होंने यह भी कहा कि डायल-112 सेवा आमजन के लिए भरोसे का प्रतीक है, इसलिए इसकी तत्परता एवं सक्रियता में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने हेतु ऐसे निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर सत्यपाल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### वांछित घटना में प्रयुक्त रायफल, कारतूस व खोखा के साथ गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफतारी के साथ-साथ अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी वरिष्ठ उपनिरीक्षक कन्हैयालाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमा धारा 288/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अशोक कुमार राजपूत पुत्र धुजपाल राजपूत उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम दादरी को रिवई मोड से गिरफ्तार कर पुलिस हिरासत में लिया। इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से उपरोक्त मुकदमा की घटना में प्रयुक्त एक रायफल 315 बोर पहने हुए लोवर पैन्ट की बांयी जेब से एक कारतूस व एक खोखा 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के कब्जे से बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 3/25(9) आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी, अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित करते हुये न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया ।

# किसानों के लिए बेहतर कार्य कर रही केंद्र एवं प्रदेश सरकार: विधायक

▶ **किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त पर हुआ कार्यक्रम**

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी होने का लाइव प्रसारण ब्लाक सभागार में किसानों को दिखाया गया। इस मौके पर पहुंचे सदर विधायक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वह किसानो की समस्याओं के निराकरण के लिए 24 घंटे उपलब्ध है। बुधवार को ब्लाक सभागार में किसान सम्मान निधि का लाइव प्रसारण दिखाकर प्रधानमंत्री का संबोधन किसानों को सुनाया और दिखाया गया। इसी बीच पहुंचे सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकारे अन्य सरकारों की तुलना में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वह खुद चुकी किसान परिवार से हैं इसलिए किसानों की दुश्वारियों से भरी भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि वह किसानो की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तैयार है। कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख जयनरायण सिंह यादव ने भी संबोधित किया। संचालन जिला उद्यान अधिकारी/प्रभारी खंड विकास अधिकारी आशीष कटियार ने किया। बीज भंडार प्रभारी अनूप कुमार ने आभार जताते हुए किसानों को शासन से उपलब्ध कराए गए उन्नतशील बीजों की जानकारी प्रदान की।

## जिला विधिक प्राधिकरण ने दोनों पक्षों में सुलह करा कर वापस घर भेजा



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं. 802/2025 रीता पुत्री मूलचन्द्र निवासी राठ और पवन पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी राठ के मध्य दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त्त मध्यस्थ अधिवक्ता चन्द्रशेखर गौतम द्वारा दोनो पक्षो से वार्ता कर सुलह कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्ष को बधाई दी गयी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

## बड़ी देवी मंदिर के परिसर में दो दिवसीय बुन्देलखण्ड महोत्सव का शुभारंभ

**मौदहा, हमीरपुर।** वीरांगना महारानी लक्ष्मी बाई जी की 197वीं जयंती एवं बुंदेलखंड नवनिर्माण सेना के स्थापना दिवस के मौके पर नगर के बड़ी देवी मंदिर परिसर में मंगलवार की शाम दो दिवसीय बुंदेलखंड महोत्सव का शुभारंभ हो गया जिसमें बुंदेली भजन संध्या व राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस भजन संध्या के कार्यक्रम की शुरुआत मुंबई से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक पंडित पवन तिवारी ने राम भक्त ले चला रे राम की निशानी भजन गाकर किया। इसके अलावा उन्होंने अन्य भजन सुना कर श्रोताओं को मंत्र मुक्त कर दिया। इस मौके पर मुंबई से ही आए भजन गायक अयोध्या दास निमावत व उनकी टीम ने अपने भजनों से सभी का मन मोह लिया इसके अलावा नगर की बालिका



वैष्णवी प्रजापति ने भी अपना भजन सुनाकर श्रोताओं की तालियां बटोरी। कार्यक्रम में समाजसेवी दुष्यंत परिहार, राकेश पालीवाल प्रबंधक, सुनील सिंह पूर्व सभासद, धनंजय सिंह पूर्व प्रधान व आनंद देव महाराज समेत अन्य गणमान्य श्रोताओं ने इस कार्यक्रम का देर रात तक आनंद उठाया। इस कार्यक्रम के आयोजक बुंदेलखंड नवनिर्माण सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी ने कार्यक्रम में मौजूद भजन गायको व अतिथियों का आभार जताया।

## न्यायालय में स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता फोरम की विधिक जानकारी के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



न्यायालय हमीरपुर के सभागार में स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता फोरम के क्षेत्राधिकार विषय वस्तु, निर्णय व निष्पादन की प्रक्रिया व आदि के सम्बन्ध में विधिक जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गयी। उक्त संगोष्ठी में जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की उपस्थिति में स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष महेश चन्द्र कुशवाहा व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा विचार व्यक्त किये गये। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष द्वारा स्थाई लोक अदालत का गठन, क्षेत्राधिकार, निर्णय देने की प्रक्रिया व स्थाई लोक अदालत के माध्यम से आम जन मानस को क्या लाभ प्राप्त हो सकते है के बारे में बताया गया। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि बीमा, परिवहन, डाक, दूर संचार बिजली पानी व अस्पताल व शिक्षा सम्बन्धित मामलों में स्थाई लोक अदालत के समक्ष वाद प्रस्तुत कर मामलों को शीघ्र और त्वरित न्याय पा सकते हैं। इस अवसर पर उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि उपभोक्ता फोरम में दायर किये जा सकने वाले वाद, उनके निस्तारण की प्रक्रिया या उपरोक्त वादों का निष्पादन किस प्रकार किया जा सकेगा के बारे में बताया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम को और अधिक संख्या में कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया जनपद न्यायाधीश द्वारा कहा गया कि यह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की एक सराहनीय पहल है निश्चित रूप से आम जनता की भलाई में महत्वपूर्ण सिद्व होगा। इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। अन्त में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा माननीय नालसा द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं व निःशुल्क विषय विधिक सहायता की आवश्यकता पर जानकारी व धन्यवाद देते संगोष्ठी का समापन किया गया। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, महामंत्री अश्वनी प्रजापति सहित भारी संख्या में अधिवक्तागण, पीएलवीगण, लीगल एड डिफेंस काउसिंल के अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### घर के बाहर सो रहे किसान की ठंड लगने से मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** ठंड के समय घर के बाहर लेट जाने से क्षेत्र के एक किसान को ठंड लग गई परिजन गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सिसोलर थाना क्षेत्र के छोटा लेवा गांव निवासी कृषक लक्ष्मी नारायण 35 वर्ष पुत्र जयनाथ सिंह मंगलवार की देर रात घर के बाहर सो गया क्षेत्र में पड़ रही ठंड लग गई परिजनों ने सुबह देखा तो चाचा राजकुमार सिंह अन्य पड़ोसियों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी एक लड़के और दो लड़कियों को रोता भी बिलखता छोड़ गया चाचा राजकुमार सिंह ने बताया की रात समय बाहर लेट कर शो गया सुबह देखा तो पूरा शरीर अकड़ गया था अस्पताल लेकर गए डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक के नाम तीन बीघे जमीन है बच्चों के सिर से पिता का साया उठ जाने पर भरण पोषण की समस्या खड़ी हो गई।

## रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर वर्णिता ने श्रृद्धा सुमन किये अर्पित

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने महारानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि रानी सही अर्थो में अद्धुत शौर्य की साक्षी थीं। इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका जन्म 19 नवंबर 1828 वाराणसी में मोरोपंत तांबे और भागीरथी बाई के घर हुआ था। मां की मौत के कारण इनके पिता बिठूर चले गए थे। वहीं पर इनकी परवरिश हुई। इनका नाम मणिकर्णिका तांबे था। इन्हें मनु नाम से भी जाना जाता था। मनु ने वहीं पर घुड़सवारी एवं अस्त्रों शस्त्रों के बारे में सीखा। 14 वर्ष की उम्र में ही इनका झांसी के राजा गंगाधर राव से विवाह हो गया। पुत्र की मौत के बाद इन्होंने दामोदर राव को गोद ले लिया। 1953 में राजा की मौत होते ही अंग्रेजों ने झांसी को हड़पना चाहा। तब रानी ने कहा था कि मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी। इसके बाद गोरों से मोर्चा लिया लेकिन भितरघातियों के





कारण रानी की पराजय हुई। उस समय इनकी हमशक्ल बहादुर महिला झलकारी बाई इनकी सेना मे थी। उसने रानी को झांसी से बाहर जाने में स्वयं गोरों से लड़कर मोर्चा लिया। तब रानी कालपी चली गयीं। रानी ने गोरों के दांत खट्टे किए लेकिन राजाओं में एकजुटता न होने के कारण रानी अपने लक्ष्य में सफल न हो सकी। कालांतर में रानी का ग्वालियर के निकट कोटा के सराय में गोरों से संघर्ष हुआ, जिसमें अद्धुत वीरता का परिचय देते हुए 18 जून 1858 को रानी मात्र 30 वर्ष की उम्र में शहीद हो गयी। इनका बलिदान सदैव याद रहेगा। इस कार्यक्रम में सिद्धा, प्रेम, सागर, रिचा, पंकज सिंह, रामनरायन सोनकर, रामबाबू, दयाराम सोनकर, विकास, सतेन्द्र, राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ वांछित अभियक्त गिरफ्तार

**महोबकंठ/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र व कारतूस की बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम तथा ऐसे अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गौंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमा धारा 288/352/ 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त थानाक्षेत्र अन्तर्गत भूरा टूड़र मोड़ पर बने यात्री प्रतीक्षालय ग्राम भूरा टूड़र से अवैध शस्त्र व कारतूस लिये राममिलन राजपूत पुत्र स्व. करन सिंह राजपूत उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम दादरी को पुलिस हिरासत में लिया गया। जिसके कब्जे से एक देशी तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना महोबकंठ पर धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सम्पादित करते हुये अभियुक्त को न्यायालय पेशी हेतु भेजा गया ।

## एसडीएम-सीओ के संयुक्त नेतृत्व में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाकर की गई कार्रवाई

**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपदीय पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध कच्ची शराब के निर्माण एवं तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मुढ़ारी स्थित कबूतरा डेरा में पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड एवं उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ प्रदीप कुमार के नेतृत्व में की गई इस संयुक्त छापेमारी के दौरान मौके पर अवैध कच्ची शराब तैयार करने हेतु प्रयुक्त भट्ठी, बॉयलर ड्रम,



टंकियां आदि उपकरणों को नष्ट किया गया। करीब 5000 लीटर मिश्रित लहन तथा 120 लीटर कच्ची शराब को मौके पर ही जेसीबी से नष्ट किया गया। इस दौरान प्रभारी थाना कुलपहाड़ निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, आबकारी विभाग के अधिकारी एवं भारी संख्या में पुलिस तथा प्रशासनिक अमले की मौजूदगी रही।

## जिला पंचायत के बैरियरों पर अवैध वसूली का बड़ा खुलासा

▶ **खनिज वाहनों से मनमानी वसूली पर उठे सवाल**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में जिला पंचायत द्वारा लगाए गए बैरियरों पर अवैध वसूली का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। परिवहनकर्ताओं और स्थानीय व्यापारियों ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि जिले के कई मार्गों पर खनिज सम्पदा लदे वाहनों-डंपर, ट्रक सहित अन्य परिवहन साधनों को रोककर जबरन शुल्क वसूला जा रहा है। यह वसूली किसी भी कानूनी अधिकार के दायरे में नहीं आती, बल्कि शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। सूत्रों के अनुसार जिला पंचायत के पास न तो उपखनिजों पर रॉयल्टी वसूलने का अधिकार है और न ही टोल टैक्स, मोटर वाहन कर, रोड टैक्स या प्रवेश



शुल्क लेने का। यह अधिकार पूरी तरह भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग, आरटीओ सहित संबंधित सरकारी एजेंसियों के पास सुरक्षित है। इसके बावजूद कई स्थानों पर बैरियर लगाकर वाहनों को रोका जा रहा है और रसीदें देकर भी अवैध वसूली की जा रही है।

**परिवहनकर्ताओं ने बताया:** किसी नियम,दर या आदेश की कोई जानकारी नहीं दी जाती। बस गाड़ी रोकी जाती है और मनमाना पैसा लिया जाता है। यह वसूली पूरी तरह अवैध है।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल:** स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बैरियर खुलेआम संचालित हैं, जहां गाड़ियों को रोककर दबंगई के साथ पैसा लिया जाता है। विरोध करने वाले चालकों को धमकाया भी जाता है। आरोप है कि जब यह वसूली गैरकानूनी है,तो फिर प्रशासन द्वारा कोई रोक-टोक क्यों नहीं की जा रही।

**कानूनी तौर पर यह मामला शासनादेशों की अवहेलना और खनिज नियमावली का उल्लंघन**

व्यवसायियों, वाहन मालिकों एवं खनन कारोबार से जुड़े लोगों ने एक सुर में कहा कि यदि प्रशासन सख्ती दिखाए, तो कुछ घंटों में सभी अवैध बैरियर हटाए जा सकते हैं। साथ ही यह भी मांग की गई कि अवैध वसूली में शामिल लोगों और उन्हें संरक्षण देने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए। जनपद में वर्षों से चल रहे इस अवैध वसूली तंत्र पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है,क्या अवैध बैरियर हटेंगे या यह वसूली तंत्र इसी तरह चलता रहेगा।

# एसपी की अध्यक्षता में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा बैठक संपन्न

▶ **सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, प्रभावी अपराध नियंत्रण की दिशा में दिए निर्देश**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार देर शाम रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत सैनिक सम्मेलन से की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक ने जनपदीय पुलिसकर्मियों की समस्याओं का अनुश्रवण करते हुए उनके समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थानों में नियमित रूप से सैनिक सम्मेलन आयोजित कर पुलिस कर्मियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करें।

**जनपद ने सीसीटीएनएस में पांचवीं बार प्राप्त किया प्रथम स्थान:** बैठक के दौरान सीसीटीएनएस में लगातार पाँचवीं बार प्रथम रैंक प्राप्त करने पर नोडल अधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह को पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**बीट प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु दिए जरुरी दिशा निर्देश:** पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि बीट पुलिस अधिकारी अपनी बीट बुक में सभी आवश्यक विवरणों का पूर्ण अंकन सुनिश्चित करें, क्षेत्र के सभी अपराधियों का विस्तृत खाका तैयार रखें तथा उनके सत्यापन की प्रक्रिया में शत-प्रतिशत अनुपालन कराएं। उन्होंने कहा कि असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक रखते हुए उन पर सतत निगरानी रखी जाए तथा सर्राफा बाजार, मुख्य बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए।

**यातायात माह नवंबर पर जागरुकता व प्रवर्तन पर दिया विशेष जोर:** यातायात माह नवंबर के तहत संचालित जागरूकता अभियानों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनपद में रैंडम चेकिंग के साथ प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित किया जाए तथा यातायात नियमों की अनदेखी कर स्वयं एवं दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने जनसुनवाई प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आईजीआसएस पोर्टल, पीजी पोर्टल एवं अन्य माध्यमों पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गौंड, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, थाना प्रभारी जीआरपी एवं शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### अपराध समीक्षा कर लम्बित विवेचनाओं पर जताई नाराजगी

**महोबा।** एसपी ने जनपद में कानून-व्यवस्था की स्थिति को बेहतर और नियंत्रण में बनाए रखने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का गहन होमवर्क करें, प्रत्येक छोटी-बड़ी गतिविधि पर सतर्क दृष्टि रखें तथा जुआ-सट्टा, अवैध शराब एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाएं। अपराध समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं एवं पंजीकृत अभियोगों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने लम्बित विवेचनाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि लम्बित विवेचनाओं के निस्तारण हेतु अभियान चलाकर शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निर्देशित किया कि जुआ अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, गैंगेस्टर एक्ट तथा गुण्डा एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। किसी भी घटना पर पंजीकृत मुकदमे की प्राथमिक जांच 24 घंटे के भीतर पूरी कर पीड़ित पक्ष से संवाद स्थापित करने के भी निर्देश दिए गए।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने इस क्षेत्र के एक दिवसीय दौरा में कई जगहों पर औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद तहसील सभागार में जनसुनवाई की, जहाँ करीब 17 पीड़ित महिलाओं ने अपनी-अपनी शिकायतें रखीं। मौके पर ही 6 शिकायतों का निस्तारण कराया गया। पांडेय ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़ी कोई भी शिकायत आए तो उसे तत्काल व समयबद्ध तरीके से निपटाएं। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करेगा या शिकायतों का समय से निस्तारण नहीं करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। दौरे के अंतिम चरण में सौ शैया अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। यहाँ इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को घर से कंबल लाना पड़ रहा था और अधिकांश दवाइयाँ व जांचें बाहर से करानी पड़ रही थीं। इस लापरवाही पर पुष्पा पांडेय ने डॉक्टरों व स्टाफ की कड़ी फटकार लगाई तथा चेतावनी दी कि अस्पताल को लूट का अड्डा न बनाएँ और सरकार को बदनाम करने की कोशिश न करें। सभी खामियों को तुरंत दूर करने के आदेश दिए तथा कहा कि यदि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी लापरवाही बरतेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## दंपति के झोले से सोने का हार चोरी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम कपूरपुर से कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम कटिया अपने गांव जा रहे दंपति के झोले में रखा सोने का हार गायब हो गया। पीड़ित दंपति ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। फर्रूखाबाद जनपद थाना कम्पिल के ग्राम कटिया निवासी इख़लाक़ पुत्र इलियास खान ने बताया कि वह अपनी पत्नी सोनी बेगम के साथ ग्राम कपूरपुर स्थित अपनी ननिहाल साजिद के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। बुधवार की सुबह वह अपने गांव बापस जा रहे थे।

ग्राम बहोरिकपुर में बस से उतरने के बाद उन्होंने अपने झोले में देखा तो उनका सोने का हार गायब था। पीड़ित दंपति ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

# मानदेय नहीं मिलने से आक्रोशित आशा कार्यत्रियों ने किया धरना प्रदर्शन

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आशा कार्यकत्री और आशा संगिनियां एकजुट होकर धरना प्रदर्शन करने पहुंचीं।

उनका कहना है कि पिछले चार महीनों से उन्हें मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। रक्षाबंधन, करवाचौथ, दीपावली और भाईदूज जैसे प्रमुख त्योहार भी बिना पैसे के फीके गुजर गए। दो वक्त की रोटी के लिए परिवार तरस रहा है।

आशा कार्यकत्रियों ने बताया कि अधिकारी पोर्टल बंद होने का हवाला देकर भुगतान रोक रहे हैं, लेकिन पोर्टल क्यों बंद है, इसका कोई स्पष्ट जवाब नहीं देते। जब भुगतान ही नहीं हो रहा तो उनसे लगातार काम क्यों लिया जा रहा है। आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने समेत कई अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ भी उन पर डाली जा रही हैं, लेकिन उनका अलग से कोई भुगतान नहीं हो रहा। गुस्साई आशाओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मानदेय नहीं दिया गया तो सभी काम ठप कर दिया जाएगा और बड़े स्तर पर हड़ताल की जाएगी। धरना के दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ राहुल मिश्रा ने आश्वासन दिया कि मानदेय जल्द दिलाया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें ज्ञापन भी सौंपा।

# मनु ने भारत को दिलाया कांस्य पदक



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर की होनहार बेटी एवं अंतरराष्ट्रीय लॉन बॉल्स खिलाड़ी मनु पाल ने हांगकांग क्लासिक विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए महिला एकल वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया। इस उपलब्धि से पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर रोशन हुआ है। दिल्ली के आर.के. पुरम में 28-31 अगस्त को आयोजित इंडिया कैंप एवं सेलेक्शन ट्रायल में मनु पाल ने शीर्ष प्रदर्शन कर भारतीय टीम में जगह बनाई थी। हांगकांग क्लासिक में 32 देशों के 64 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और सभी मुकाबले नॉकआउट आधार पर खेले गए। मनु ने प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड को 13-2, 8-5 से और क्वार्टर फाइनल में मलेशिया को 11-2, 4-8 व टाई-ब्रेकर में 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में हालांकि हांगकांग की खिलाड़ी से दोनों सेट हारकर उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

यश भारती सम्मान से सम्मानित मनु पाल कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उनकी इस नई सफलता पर कन्नौज जनपद में खुशी की लहर दौड़ गई है और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा में कृष्ण जन्म होते ही गूंज उठे जयकारे

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



नगर के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी ब्रह्मलीन महेश चंद तिवारी की नवमी पुण्यतिथि पर सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम पृथ्वीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। भक्ति गीतों पर महिलाओं ने जमकर डांस किया। व्यास पीठ से आचार्य साहित्याचार्य पंडित हरिशंकर शुक्ल ने कहा जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। आचार्य जी ने कहा जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल भजन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां देने के साथ मिठाईयां बाटी गई। आचार्य श्री ने इसके अलावा रामकथा में श्रीराम अवतार, अयोध्या कांड, वनगमन, रावण वध के प्रसंग भी रोचक शैली में सुनाए।

इससे पूर्व परीक्षित की भूमिका में श्रीचंद्र (ललुआ) तिवारी, सपना तिवारी, विश्वनाथ तिवारी एवं प्रीतिका तिवारी ने ब्रह्मलीन पितामह आशुकवि भगवत दयाल तिवारी, राजरानी तिवारी, पिता महेश चंद तिवारी एवं चाचा दिनेश चंद तिवारी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। रोजाना दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक चल रही कथा में सिद्ध पीठ निर्जन आश्रम के बाबा अजय, श्रीमती पुष्पा तिवारी, श्रीमती मुनेश तिवारी, श्रीया, आशीष तिवारी व प्रांशु दुबे, डॉ प्रदीप सिंह, सुंदरकांड वाचक भानुप्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## जयंती पर याद की गई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 107वी जयंती धूमधाम से मनाई। अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं इंदिरा गांधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष विनोद दुबे सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर विनोद दुबे ने कहा स्व. इंदिरा गांधी ने देश के लिए अपने प्राणो की आहुति दी थी। देश उनकी कुर्बानी को कभी नहीं भुला सकता। उनका जन्म 19 नवंबर 1917 को इलाहाबाद में हुआ था। इंदिरा गांधी ने भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी के शब्दों में, भारत का भविष्य इसके युवाओं के हाथों में है आज हम इंदिरा गांधी के जन्मदिन पर उनके आदर्शों को याद करते हैं और उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। इस मौके पर देवकीनंदन दुबे मुन्ना, अजय दुबे, आसाराम यादव, प्रिया श्रीवास्तव, अर्चना चौहान, राजीव अग्निहोत्री, राजीव कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

## साईकिल सवार वृद्ध की वाहन की टक्कर से मौत

**फ़रधान खीरी।** थाना क्षेत्र में पीलीभीत बस्ती मार्ग पर कोरैया जंगल के पास सुबह नौ बजे साईकिल सवार बुजुर्ग रामअवतार की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल ओयल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली सदर लखीमपुर शहर के मोहल्ला उदयपुर महेवा निवासी राम अवतार आयु 68 वर्ष थाना फ़रधान क्षेत्र गांव कोरैया जंगल के संविलियन विद्यालय कोरैया जंगल निर्माणाधीन इमारत में मजदूरी करते थे। रोज की भांति राम अवतार बुधवार की सुबह तैयार होकर साईकिल से काम करने के लिए विद्यालय जा रहे थे। स्कूल के पास पहुंचकर जैसे ही वह लखीमपुर गोला हाईवे स्कूल पास पहुंचे और स्कूल की तरफजाने के लिए मुड़े उसी समय सामने से अज्ञात वाहन की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें राम अवतार गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल हो गये।

# धूमधाम से मनाई गई रानी लक्ष्मीबाई एवं भाऊराव देवरस की जयंती



छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

श्रीमती गंगादेवी चतुर्वेदी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वंदना सत्र के दौरान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरसंघचालक भाऊराव देवरस की जयंती बड़े उत्साह से मनाई गई।

मुख्य वक्ता एवं फर्रुखाबाद विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख रजनीश दुबे तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार शुक्ला ने दोनों महान व्यक्तित्वों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। रजनीश दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संघ कार्य की मजबूत नींव भाऊराव देवरस ने ही रखी थी। कार्यक्रम में बहन जानकी पाठक ने रानी लक्ष्मीबाई, कनक चतुर्वेदी ने झलकारी बाई तथा भैया शुभ गुप्ता ने भाऊराव देवरस का प्रतिरूप धारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कई छात्र छात्राओं व आचार्या श्रीमती पापल ने लक्ष्मीबाई पर ओजपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम संयोजक आचार्य संजय ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आचार्य अनुराग, अरुण, हरेंद्र, विपिन, योगेंद्र, सपना, संजीव, अंशिका, सीमा, अनंत, प्रिया, आलोक आदि उपस्थित रहे।



## एसपी ने चेक की बीट बुक, आरक्षियों को दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनपद के विभिन्न थानों पर तैनात आरक्षियों की बीट बुक का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आरक्षियों से उनके बीट क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ हासिल कीं और क्षेत्र में कानून– व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत फीडबैक लिया। एसपी ने बीट क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों, विवादित स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था और संवेदनशील बिंदुओं पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आरक्षी अपने बीट में नियमित भ्रमण करे और स्थानीय जनता से निरंतर संपर्क बनाए रखे, ताकि समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो सके और लोगों का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हो। पुलिस अधीक्षक ने जोर देते हुए कहा कि फील्ड में सक्रियता और जनता से संवाद ही प्रभावी पुलिसिंग की कुंजी है। उन्होंने सभी आरक्षियों को फीडबैक संग्रहण, सतर्कता, तथा बेहतर समन्वय के साथ बीट प्रणाली को और मजबूत करने के निर्देश दिए, ताकि जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# छात्र- छात्राओं ने विभिन्न करियर विकल्पों पर लगाएं स्टॉल

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।



स्टाल का अवलोकन करते डीआईओएस, प्रधानाचार्य व अतिथिगण

क्षेत्र के फतेहपुर- जसोदा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज में बुधवार को करियर गाइडेंस फॉर स्टूडेंट्स के तहत करियर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. हेमेंद्र सिंह प्राचार्य डॉ भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय अनौगी, डॉ. नागेंद्र सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. विष्णु कांत गुप्ता व पंख नोडल संदीप कुमार शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मेले की थीम सही दिशा, सफल भविष्य रही। छात्र- छात्राओं ने विभिन्न करियर विकल्पों पर स्टॉल लगाकर विशेषज्ञों के प्रश्नों के उत्तर दिए। विशेषज्ञों ने भी बच्चों को करियर से जुड़े मार्गदर्शन व सुझाव दिए। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने छात्रों को गुरुजनों के मार्गदर्शन पर चलकर सही करियर चुनने की प्रेरणा दी। अतिथियों ने विद्यालय के करियर हब, यूथ/ इको क्लब और कक्षों का निरीक्षण किया। सभी विशेषज्ञों ने छात्रों के स्टॉल देखकर उनकी सराहना की और सफलता के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार, डॉ. नीरज यादव, डॉ. अजय सिंह भदौरिया, समग्र शिक्षा अभियान के जिला समन्वयक अजय कुमार, पंख नोडल अशफाक अहमद खान व रागिनी मिश्रा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंच संचालन शिक्षक आकाश गुप्ता ने किया।

## पंचायत भवन में चोरी क्षेत्र में मचा हड़कंप

**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम अच्छरोला स्थित पंचायत भवन में चोरों ने ताला तोड़कर बड़े पैमाने पर सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्राम पंचायत अधिकारी ब्रह्म प्रकाश तिवारी द्वारा थाना मितौली में दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार रोजगार सेवक से सूचना मिलने पर पहुंचकर देखा गया कि पंचायत भवन में रखा कंप्यूटर, दो बैटरा, इनवर्टर, कुर्सियाँ, मेज सहित पूरा सामान गायब था। चोर ताला तोड़कर सभी सामान उठा ले गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी मितौली ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है और शीघ्र ही चोरी का वर्कआउट कर चोरों का पता लगाया जाएगा।

# राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने गन्ना भुगतान को लेकर सौंपा ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ, लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।

गन्ना किसानों के बकाया भुगतान को लेकर राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन ने मंगलवार को एसडीएम को डीएम संबोधित ज्ञापन सौंपकर गंभीर नाराजगी जताई। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि पिछले पेराई सत्र का पूरा भुगतान 24 नवंबर तक नहीं हुआ तो किसान 25 नवंबर से विराट सत्याग्रह शुरू करने को बाध्य होंगे। संगठन ने आरोप लगाया कि बजाज ग्रुप की गोला गोकर्णनाथ, खंभारखेड़ा और पलिया कलां चीनी मिलें वर्षों से किसानों का गन्ना तो खरीदती हैं लेकिन भुगतान समय पर नहीं करतीं। इससे किसानों को बच्चों की शिक्षा विवाह बीमारी और खेती से जुड़े खर्चों के लिए लिए गए बैंक ऋणों का बोझ बढ़ गया है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रमुख सचिव गन्ना एवं चीनी विकास वीना कुमारी मीणा और गन्ना आयुक्त को कई बार शिकायतें भेजी गई लेकिन भुगतान अब भी लंबित है। जबकि उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति एवं खरीद विनियमन अधिनियम के तहत गन्ना खरीद का तत्काल भुगतान अनिवार्य है। शुगरकेन कंट्रोल ऑर्डर में 14 दिन के भीतर भुगतान का स्पष्ट प्रावधान है तथा देरी होने पर 15 प्रतिशत ब्याज देने की व्यवस्था है परंतु चीनी मिलें इन नियमों की खुलेआम अवहेलना कर रही हैं। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि मिलें सरकार को गलत आंकड़े देकर गुमराह करती रही हैं और अधिकारियों की मिलीभगत से किसानों के करोड़ों रुपये रोककर आर्थिक लाभ उठाती हैं। संगठन ने जिला प्रशासन से मांग की कि जिले की तीनों चीनी मिलों के विरुद्ध दर्ज मुकदमों में किसानों द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए ।

## सड़क हादसा में युवक की मौत, महिला गंभीर

**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के सीतापुर- कस्ता मार्ग स्थित ग्राम रेवाना के पास एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। यहां मोटरसाइकिल और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार साहिल ;35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके साथ बैठी महिला जाहिरा गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों अमीर नगर के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस चौकी प्रभारी कस्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल महिला को तत्काल उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया। वहीं मृतक युवक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। बताया जाता है कि साहिल अपनी रिश्तेदारी में सीतापुर दावत खाने गए थे और लौटते समय रेवाना के पास यह भीषण हादसा हो गया।

# बीएलओ ने एसआईआर फार्म भरवाकर मतदाताओं को किया जागरुक

अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

विकास खंड कुम्भी गोला क्षेत्र की ग्राम सभाओं में बूथ लेवल अधिकारियों ;बीएलओ द्वारा मतदाता गणना प्रपत्र भरने का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फर्जी मतदाताओं को रोकना और मतदाता सूची में नए नाम जोड़ना है। इस पहल के तहतए बीएलओ घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। इसी क्रम में विधानसभा गोला की ग्राम सभा उमरिया यासीनपुर, पिपरिया में बीएलओ प्रदीप सिंह कुमार ने बुधवार को घर.घर जाकर फॉर्म भरवाए। बीएलओ प्रदीप सिंह ने उन मतदाताओं को संक्षिप्त पुनरीक्षण ;एसआईआर प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी जिन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने मतदाताओं को भरने के लिए गणना फॉर्म दो प्रतियों में दिए। एक फॉर्म मतदाताओं से भरवाकर अपने पास रखा जबकि दूसरा फॉर्म मतदाता को अपने पास रखने के लिए कहा गया। बीएलओ ने बताया कि मतदाताओं को अपनी नवीनतम फोटो चिपकानी होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो लोग एक गांव से दूसरे गांव या किसी अन्य स्थान पर जाकर रहने लगे हैं और दोनों स्थानों पर वोटर बने हुए हैं उनका एक वोट काटा जाएगा। इस प्रक्रिया का उद्देश्य फर्जी मतदाताओं को रोकना और मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना है।

## ओवरलोड बस पर कार्रवाई की गिरी गाज, 38 बार चालान कटने के बाद भी नहीं सुधरा चालक

**निघासन खीरी।** निघासन चौराहे से कुछ ही दूरी पर उस समय हड़कंप मच गया जब सीओ निघासन शिवम कुमार ने अचानक पलिया रोड पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण शुरू कर दिया। औचक जांच के दौरान सड़क किनारे खड़ी एक प्राइवेट बस में ओवरलोड सवारियां ठूंस.ठूंसकर भरी मिलीं। सीओ ने बिना देर किए मौके पर ही बस के कागजातों की पड़ताल की जिसमें कई गंभीर खामियां सामने आई। कागजात संदिग्ध मिलने पर सीओ ने तुरंत निघासन थाने से एसआई दिनेश सिंह को बुलाकर विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए। एसआई मौके पर पहुंचे और बस चालक से पूछताछ करने के बाद बस के दस्तावेज खंगाले। जांच में यह तथ्य सामने आया कि यह बस पहले भी कई बार यातायात नियमों का उल्लंघन कर चुकी है। एसआई दिनेश सिंह ने बताया कि अब तक 38 बार इस बस का चालान किया जा चुका है।

# बेरहम स्कूल प्रबंधक की पिटाई से नौनिहाल छात्र सहमा

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

**अभिभावक ने लगाये विद्यालय प्रबंधक पर गंभीर आरोप**

स्कूल को शिक्षा का मंदिर एवं संस्कारों का स्थल कहां जाता है। मगर इस स्थानों पर जब वहां जाने वाले जो नौनिहालों के साथ दुर्व्यवहार होने लगे तो फ़िर ऐसे स्थानों की उपयोगिता पर सवालिया निशान लगने लगते हैं। नगर के मोहल्ला विजय नगर में संचालित एफ़एफ़ मैमोरियल शिक्षण संस्थान में गत दिवस कुछ ऐसा ही वाकया हुआ जिसके चलते यह स्कूल चर्चाओं में आ गया। स्कूल में पढ़ रहे एक छात्र अबुजर खान के पिता शाहनवाज पुत्र सज्जन खां निवासी सदनपुरी उरई ने आलाअधिकारियों को एक शिकायती पत्र देकर अवगत कराया की स्कूल के प्रबंधक शादाब उर्फ बब्बू पुत्र आई. एम. बेग ने अकारण उनके पुत्र को उनके सामने ही इस कदर पीटा कि वह गिर गया और उसका आई कार्ड आदि टूट गया। कक्षा चार में पढ़ने वाले बच्चे के साथ प्रबंधक की इस प्रकार की शैली को लेकर आहत छात्र के पिता ने तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रबंधक ने अपनी कोई खुन्नस मेरे पुत्र पर निकाली।

# ज्वार-बाजरा की खरीद केंद्र से उठान न होने से खरीद प्रभावित

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।



नवीन गल्ला मंडी में नीलामी चबूतरे पर खोले गए धान, ज्वार व बाजरा खरीद केंद्र पर उठान न होने के चलते नीलामी चबूतरे पर उपज रखने के लिए जगह नहीं बची है। जिसके चलते खरीद प्रभावित हो रही है। नवीन गल्ला मंडी में नीलामी चबूतरे पर धान, ज्वार व बाजरा की खरीद के लिए सरकारी क्रय केंद्र खोला गया है। सरकारी क्रय केंद्र प्रभारी राजकपूर ने बताया कि केंद्र पर अब तक 3000 क्विंटल ज्वार की खरीद हो चुकी है। 700 क्विंटल बाजरा खरीदा गया है। केंद्र पर मोटा धान खरीदा जा रहा है। लेकिन क्षेत्र में मोटे धान की पैदावार अधिक न होने के चलते धान केंद्र पर कम ही आ रहा है। केंद्र पर 300 क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य मिला था। हालांकि धान की खरीद लक्ष्य से अधिक ही हो चुकी है। अब तक केंद्र पर 500 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी है । बताया कि क्रेंद्र पर रखी उपज की चार दिन से उठान नहीं हुई है। उपज की उठान न होने से नीलामी चबूतरे पर उपज रखने की जगह नहीं बची है। जिसके चलते खरीद प्रभावित हो रही है। केंद्र प्रभारी राजकपूर ने बताया कि जगह न होने से खरीद प्रभावित हुई है। फ़िलहाल केंद्र पर आने वाले किसानों को टोकन दिया जा रहा है। टोकन के हिसाब से एक या दो दिन में उनकी खरीद की जा रही है। खरीदी गई उपज की उठान होने के बाद खरीद प्रक्रिया सुचारू हो जाएगी।

# चेकिंग अभियान में तीन युवकों को गांजा सहित पकड़ा

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।

शुक्रवार की रात कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन युवकों को अवैध गांजा के साथ पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 5 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफपुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार की रात पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एसआई मनीष तिवारी व बेचेलाल ने उरई मार्ग पर हरकौती गायर तिराहे के पास से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे तीन युवकों को पकड़ा। पकड़े गए युवकों की तलाशी लेने पर पुलिस ने भवानीराम निवासी राघवेंद्र सिंह के पास से दो किलो, खंडेराव निवासी पवन कुमार के पास से दो किलो और हरकौती निवासी विवेक कुमार के पास से पुलिस ने 5.100 किलो गांजा बरामद किया है। पूछतांछ में युवकों ने बताया कि वह क्षेत्र में गांजा बेचने के लिए ले जा रहे थे। एसएसआई संजय यति ने बताया कि गांजा लेकर जा रहे युवकों के नाम कोतवाली में तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**सूचना**

पंजाब नेशनल बैंक की तिर्वा शाखा में चल रहे बचत खाता संख्या 733000100072356में त्रुटिवस मेरा नाम राजू अंकित हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम राजू सिंह है। मेरे आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम राजू सिंह ही दर्ज है। अत एव बचत खाता मेरा नाम राजू सिंह अंकित कर लें।

**राजू सिंह पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम उमरायपुर्वा मौजा कडेरा पोस्ट बस्ता तहसील तिर्वा जनपद, कन्नौज।**

# स्टेयरिंग फेल होने से रेलिंग तोड़कर रामगंगा नदी में जा गिरा गन्ने से लदा ट्रक

**चालक ने साहस दिखाते हुए तैरकर किसी तरह बचायी जान**



रामगंगा पुल की टूटी रेलिंग



रामगंगा पुल पर दरार जो बनी हादसे का कारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

देर शाम गन्ने से लदा ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए रामगंगा में समा गया। चालक ने साहस का परिचय देते हुए किसी तरह अपनी जान बचायी। फिलहाल ट्रक को निकालने के लिए जेसीबी और हाइड्रा मशीन बुलायी गयी है। जानकारी के अनुसार पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर के थाना अल्लहगंज क्षेत्र की सीमा में रामगंगा पुल पर मंगलवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। रूपापुर मिल के लिए गन्ना लेकर जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर जर्जर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए सीधे रामगंगा नदी में जा गिरा। हादसे के समय ट्रक चालक राजपाल पुत्र नेकशे यादव निवासी रुस्तमपुर बिलारी, जनपद मुरादाबाद ने साहस का परिचय देते हुए करीब 200 मीटर तैरकर एक मंदिर तक पहुंचकर अपनी जान बचाई। चालक राजपाल ने सुबह राहगीरों की मदद से पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अल्लहगंज के दरोगा राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और घायल चालक को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। स्थानीय लोगों के अनुसार रामगंगा पुल लंबे समय से जर्जर है। चालक राजपाल के मुताबिक अचानक स्टेयरिंग फेल होने के कारण ट्रक अनियंत्रित हुआ व हादसा हो गया और कई जगह गड्ढे होने के कारण हादसों की आशंका बनी रहती है। थाना राजेपुर प्रभारी सुदेश कुमार ने बताया कि घटना थाना अल्लहगंज क्षेत्र की है। गन्ना भरा ट्रक नदी में गिरा है। जिसे निकालने के लिए जेसीबी और हाइड्रा मशीन मंगायी गयी है।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर रन फार यूनिटी पदयात्रा का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**




पदयात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर रन फार यूनिटी और एकता पद यात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा नगर के रेलवे रोड एसएनएम इण्टर कालेज से शुरू होकर ट्रान्सपोर्ट चौराहा, शिवाजी की मूर्ति, भूसा मण्डी, पटवन गली, चिलांका, पुल गलिब, तहसील रोड, काजम खाँ, बजरिया, लोहाई बाजार, मैन चौराहा होते हुए गल्ला मन्डी पहुंची। यात्रा का समापन विद्या मन्दिर डिग्री कालेज में हुआ। विद्या मन्दिर पहुंचते ही कार्यकताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एक जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमे देश की एकता व अखण्डता में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष ब्रजेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा भूदेव राजपूत, विधायक डा0 सुरभि गंगवार, पूर्व विधायक अमर सिंह खटिक, शमसाबाद पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय गुप्ता, कायमगंज पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुनील चक, ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे, ब्लाक प्रमुख पति अरुण दुबे, डॉ. विकास शर्मा, अमर दीप दीक्षित, नगर अध्यक्ष देवेन्द्र दुबे, अम्बुज गंगवार, अमर गुप्ता, अखलेश शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं सहित कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन मिश्रा, क्राइम इंस्पेक्टर कामिल खाँ, उपनिरीक्षक अयूब सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## चार के खिलाफ मारपीट व गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी रघुवीर सिंह का पुत्र कल्लू रविवार की सुबह अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी समय गांव ही निवासी विक्रम उसके घर के पास आया और दोनों की आपस में पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज होने लगी। विवाद बढ़ने पर दोनों के परिजन मौके पर पहुंचे, तभी अचानक दोनों पक्षों में एकाएक लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से कल्लू, उसकी बहनें खुशबू, पूजा, भाई रवी प्रताप व दूसरे पक्ष से अंकित और विक्रम घायल हो गए। परिजनों की सूचना पर एम्बुलेंस लेकर पहुंचे पायलट दलसिंह व ईएमटी रजनीश ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां मौजूद चिकित्सक डॉ0 वशिष्ठ कटियार ने अंकित व विक्रम की हालत गंभीर देख उन्हें लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। रघुवीर सिंह ने थाना पुलिस को विक्रम के खिलाफ तहरीर दी। आरोप लगाया कि विक्रम व उसके परिजनों ने घर में घुसकर जातिसूचक गाली-गलौज कर मुझे व मेरे परिजनों के साथ मारपीट की। पुलिस ने रघुवीर की तहरीर के आधार पर विक्रम सिंह, अंकित पुत्रगण वीरपाल, नीलम देवी व वीरपाल के खिलाफजाति सूचक गाली-गलौज व मारपीट करने में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दिव्यांग बच्चों के एक्सपोजर विजिट का किया गया आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



एक्पोजर विजिट के दौरान मौजूद बच्चे

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निर्देशन में 152 दिव्यांग बच्चों का एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। एक्सपोजर विजिट को मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। एक्सपोजर सबसे पहले बौद्ध स्थल संकिसा में कम्बोडिया मंदिर में जाकर बच्चों ने देखकर बड़े उत्साह से सेल्फी में अधिक रुचि ली और सिवारी मंदिर के स्थल पर जाकर दर्शन कर पूजा की। इन बच्चों को श्रीलंका मंदिर के बारे में बताया गया। समस्त दिवांग बच्चों को लाने एवं घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी समस्त स्पेशल एजूकेटर की थी। सभी बच्चों को सुगमता से घर तक पहुंचाया गया। विजिट में जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र सिंह पूरे कार्यक्रम में उपस्थित रहकर दिशा निर्देशन देते रहे। विशेष शिक्षक रोहिताश कुमार, अजय कुमार, अवधेश कुमार, विनोद कुमार, सरिता मिश्रा, रुचि राठौर आदि विशेष शिक्षक मौजूद रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मानसिक तनाव के चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना कादरीगेट के अंतर्गत ग्राम भाऊपुर स्थित शक्ति ट्रेडर्स सीमेंट फैक्ट्री के पास एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजेपुर के रजौरी निवासी 35 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र स्वर्गीय ओमपाल के रूप में हुई है। वह इसी फैक्ट्री में काम करता था और वहीं रहता था। बुधवार सुबह गांव वालों ने संतोष को आम के पेड़ से रस्सी के फंदे पर लटका देखा। तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही आईटीआई चौकी इंचार्ज विशेष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि संतोष शराब पीने का आदी था और उस पर काफी कर्ज हो गया था। बताया गया कि वह अपनी शादी न हो पाने के कारण भी परेशान रहता था और डिप्रेशन में था। चौकी इंचार्ज विशेष कुमार ने बताया कि संतोष ने इन्हीं कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## एक माह बाद मां ने लोडर चालक पर दर्ज कराया मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव देवसनी निवासिनी शेषवती पत्नी स्व0 राजेन्द्र सिंह ने छोटा हाथी यूपी76के4158 के अज्ञात चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 17 अक्टूबर को बाइक द्वारा मेरा पुत्र ब्रजेश फर्रुखाबाद से वापस घर लौट रहा था। जब वह अचरा नवाबगंज रोड टीवीएस एजेंसी के पास पहुंचा कि तभी उक्त लोडर के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए मेरे पुत्र की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे मेरा पुत्र घायल हो गया था। एंबुलेंस से उपचार हेतु लोहिया ले जाया गया था। इसके बाद एक निजी अस्पताल में उपचार कराया गया था। आराम ना होने पर परिजन कानपुर ले गए। वहां भी फायदा नहीं हुआ। वहां से परिजन घर ले आए थे। घर से आगरा ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि तब तक दिनांक 23 अक्टूबर को मेरे पुत्र बृजेश की मृत्यु हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



मीटर की चेकिंग करती टीम

## एसडीओ ने टीम के साथ बकायेदारों पर कसा शिकंजा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** एसडीओ ने टीम के साथ विद्युत चोरी को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। चोरी करते पाये गये उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को एसडीओ विनोद कनौजिया ने टीम के साथ बिजली चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़िया के वर्तमान प्रधान साजिद खाँ उर्फ भैया, बव्वन, तबस्सुम को बिजली चोरी करते पकडा। इसके बाद उन्होंने गाँव लाल बाग में तारिख अन्सारी को कटिया डालकर विद्युत चोरी करते पकड़। एसडीओ विनोद कनौजिया ने बताया की बकाया बिलों के रूप मे उन्होने 3 लाख 90 हजार की वसूली की है। एसडीओ ने बताय कि बकायेदारों के खिलाफ अभियान बराबर जारी रहेगा।

# खबरें एक नजर में

## बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों ने लिया संज्ञान

समृद्धि न्यूज़ की खबर का असर...

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** याकूतगंज के दरियावगंज रोड पर 11 हजार लाइन का पोल कई महीनों से टूटा पड़ा था। जिसकी खबर को समृद्धि न्यूज ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसका संज्ञान लेकर अवर अभियंता अजीत राजपूत ने नया पोल लगवाने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार गुगौरा याकूतगंज बिजली फीडर है। इस फीडर के दरियाबगंज रोड पर 11 हजार का पोल कई महीनों से टूटा पड़ता था। जिसकी समस्या को समृद्धि न्यूज ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद अवर अभियंता अजीत राजपूत ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तुरंत नया पोल स्थापित करने का आदेश दिया है।

## बालिका के साथ अश्लील हरकत करने वाला युवक गिरफ्तार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने बालिका के साथ अश्लीलता करने वाले युवक अमित जॉन को गिरफ्तार कर लिया। मोहल्ला किदवई नगर निवासी पीड़ित महिला ने अंबेडकर नगर निवासी अमित जॉन पुत्र राजन उर्फअल्बर्ट जॉन के विरुद्ध बेटी के साथ अश्लील हरकतें करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। काशीराम कॉलोनी अंबेडकर नगर में रहने वाला अमित पहले किदवई नगर में रहता था। वह अक्सर पीड़ित महिला के घर आता जाता था। अमित जॉन ने बीती शाम 7 बजे टॉफी खिलाने के बहाने महिला की 5 वर्षीय बेटी को घर के बाहर बुलाया और उसे गोद में बैठकर अश्लील हरकतें करने लगा। जब बालिका चिल्लाई तो उसकी मां घर के बाहर निकली,. तभी अमित जॉन पकड़े जाने के भय से भाग गया। अमित जॉन अपनी मां व भाई के साथ रहकर पुताई का काम करता है। बताया गया कि विवाह न होने पर अमित जॉन एक महिला को घर लाया था जिसके दो बच्चे थे। अमित जॉन महिला को प्रताड़ित करता था जिसके कारण महिला अपने बच्चों को लेकर घर से चली गई। कमालगंज थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि अमित जॉन को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है।

## देशी अधिया व दो कारतूस सहित एक गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाया जा रहे अभियान को क्रम में एक अभियुक्त को 01 देशी अधिया 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज की पुलिस द्वारा गश्त संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से अवैध 01 देशी अधिया 315 व 02 जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने अपना नाम नितिन पुत्र वेदराम निवासी ग्राम वीरपुर थाना नवाबगंज बताया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर उसके खिलाफ मु0अ0सं0 294/25 धारा-3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तीन निरीक्षकों को थानों में दी गयी तैनाती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए एसपी आरती सिंह ने तीन उप निरीक्षकों को थाने में तैनाती दी है। इन तबादलों के तहत पुलिस लाइन से निरीक्षक योगेंद्र सिंह सोलंकी को थाना मोहम्मदाबाद भेजा गया है।




पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

इसी प्रकार पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक नीतू यादव को फतेहगढ़ कोतवाली भेजा है। पुलिस लाइन से ही निरीक्षक इंद्रजीत सिंह को थाना राजेपुर भेजा गया है। इन सभी स्थानांतरणों का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना बताया गया है।

# हीटर से पानी गर्म करते समय महिला को लगा करंट, अचेत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



लोहिया अस्पताल में भर्ती महिला

हीटर से पानी गर्म कर रही महिला करंट लगने से अचेत हो गयी। आनन-फानन में परिजनों ने उसे लोहिया अश्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट निवासी सुभाषचंद्र की पत्नी शिव देवी (40) बुधवार को हीटर पर पानी गर्म कर रही थी, तभी उसके जोरदार करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गयी। यह देख परिजन घबरा गये और आनन-फानन में उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर उसका उपचार शुरु कर दिया। उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल महिला का उपचार जारी है।

# रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का धरना दूसरे दिन भी जारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



धरने पर बैठे रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ता

रेवेन्यू बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का धरना बुधवार को दूसरे दिन भी तहसील परिसर में जारी रहा। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी वे अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें न माने जाने पर भविष्य में कलम बंद हड़ताल भी की जाएगी। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीडी यादव ने रियल टाइम खतौनी में अंश निर्धारण को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अंश निर्धारण गलत तरीके से किया जाता है और सुधार के नाम पर पीड़ितों से मनमानी वसूली की जाती है। उन्होंने तहसील में प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की शिकायत भी उठाई। धरने पर बैठे वकीलों ने बताया कि खतौनी में दर्ज कई पुराने आदेशों को लागू नहीं किया जा रहा है। उनका कहना था कि 40 साल से दर्ज जमीनों को असंक्रमणीय रूप में रखा गया है, लेकिन उनका निफाज (कार्यान्वयन) आज तक नहीं हुआ है। मृतक खातेदारों के नाम हटाने और वारिस जोड़ने जैसी आवश्यक प्रक्रियाएं भी वर्षों से लंबित हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी बताया कि कई मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी आदेश जारी नहीं किए जा रहे हैं। जिससे जनता को महीनों तक तहसील के चक्कर काटने पड़ते हैं। बार एसोसिएशन ने दोहराया है कि जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। धरने के दौरान सचिव अवनीश गंगवार, अनोखेलाल शाक्य, फहीम खान, ईश्वर चंद्र, आनंद शर्मा, अभिषेक प्रताप, जौहरी सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरुक

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



छात्र-छात्राओं को जागरुक करती पुलिस

कंपिल स्थित वीएचएल स्कूल में बुधवार को मिशन शक्ति फेस-5.0 के तहत पुलिस विभाग ने छात्र-छात्राओं के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को विभिन्न सुरक्षा पहलुओं के प्रति जागरूक करना था।

कार्यरक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को संकट की स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त करने के लिए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपातकालीन सेवाओं के लिए किन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। अधिकारियों ने 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 महिला सहायता और 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के उपयोग और महत्व को विस्तार से समझाया। इसके अतिरिक्त छात्र-छात्राओं को सतर्क रहने, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने और डिजिटल सुरक्षा के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर, सतर्क और जागरूक बनाना था, ताकि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में सही निर्णय ले सकें। पुलिस विभाग के इस प्रयास को छात्र-छात्राओं द्वारा सराहा गया।

## रात में लघुशंका को उठे शिक्षक जीने में गिरे, उपचार के दौरान मौत



मृतक शिक्षक का फाइल फोटो

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत के मोहल्ला अलेपुर के निवासी प्राथमिक विद्यालय ललौर के प्रधानाध्यापक रमेश चंद की दुखद मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार 28 अक्टूबर की शाम शिक्षक रमेश चंद घर में लघुशंका के लिए उठे थे। उसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह जीने की सीढ़ियों से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में परिजन उन्हें तुरंत फर्रुखाबाद के एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक स्थिति देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली पहुंचने पर डॉक्टरों ने उपचार से इनकार कर दिया। मजबूरी में परिजन उन्हें वापस घर ले आए। घर पहुंचने के कुछ ही देर बाद रमेश चंद की हालत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पत्नी लक्ष्मी और पुत्र गोविंद का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की तीन बेटियां हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। वह तीन भाई थे। अचानक हुई इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है। क्षेत्र के तमाम विद्यालयों के शिक्षक मृतक के घर पर पहुंचे और मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर दुख व्यक्त किया।

## दरवाजे पर शराब पीकर गाली-गलौज कर रहे लोगों को रोकने पर पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम सियापुरा निवासी हृदय राम पुत्र इतवारी लाल ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया मेरे गांव में बुधवार को समय करीब 5:30 बजे पीड़ित एवं रीना पत्नी जयवीर गीता पत्नी हृदय राम अपने दरवाजे पर बैठकर बातें कर रहे थे, तभी पड़ोसी सर्वेश पुत्र सोनेलाल, नेकराम पुत्र सोनेलाल, शिवजीत पुत्र सर्वेश, शोभित पुत्र सर्वेश, राजन पुत्र नेकराम, संदीप पुत्र नेकराम एवं नेकराम पुत्र सोनेलाल उपयोक्त लोग शराब के नशे में दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी लोगों ने एक राय होकर लाठी-डंडों से आकर मारपीट कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पीड़ित एवं उसके सहयोगियों का मेडिकल परीक्षण करवा कर शिकायत दर्ज कर ली है।

# पॉश कालोनी आवास विकास में दूसरी बार फायरिंग से दशहत में लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जांच पड़ताल करती पुलिस

शहर की पॉश कालोनी आवास विकास में बुधवार दोपहर फायरिंग होने से कालोनी में दशहत फैल गयी। लोगों का कहना है कि बारह दिनों में यह दूसरी बार फायरिंग हुई है। फायरिंग की घटनाओं ने कानून व्यवस्था पर कई सवाल खड़े कर दिये हैं।

जानकारी के अनुसार आवास विकास कॉलोनी में बुधवार दोपहर किसान नेता के पुत्र पर हुए कथित हमले ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। यह 12 दिनों में दूसरी बार है जब इसी क्षेत्र में खुलेआम फायरिंग की घटना सामने आई है। किसान यूनियन नेता संजय सोमवंशी निवासी मसेनी चौराहा ने थाना कादरीगेट में तहरीर देकर बताया कि उनका पुत्र शोलाज सिंह सोमवंशी अपने साथियों तरुण राठौर और तरुण सारस्वत के साथ घर लौट रहा था। दोपहर करीब 1:20 बजे गुलाटी मेडिकल स्टोर के पास अंकित यादव निवासी आवास विकास कॉलोनी व आकाश उर्फ तड़का शाक्य निवासी महमदपुर तराई ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की और हमला कर दिया। परिजनों के मुताबिक बचाव में जैसे ही शोलाज ने पत्थर उठाया, तभी एक युवक ने तमंचे से फायर कर दिया। शोलाज झुक गया। जिससे वह बाल-बाल बची। दोबारा उठने पर अंकित यादव ने फिर फायरिंग की, लेकिन वह गिर पड़ा और बच गया। आरोप है कि आकाश शाक्य ने भी फायर किया। जो मिस हो गया। परिजनों ने दोनों युवकों को अपराधी प्रवृत्ति का बताया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि आवास विकास के आसपास में लगातार हो रही ऐसी घटनाएं पुलिस की पकड़ और तत्परता पर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। गौरतलब है कि 7 नवंबर को भी इसी क्षेत्र में एक दबंग युवक और उसके पिता ने टहलने निकले दंपत्ति पर फायरिंग की थी। थाना प्रभारी कादरीगेट कपिल कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मौके का निरीक्षण किया है। प्रथम दृष्टया जांच में फायरिंग की पुष्टि नहीं हुई है। मारपीट की घटना सामने आयी है। फिलहाल जांच की जा रही है।

## भूमि न देने पर युवक के साथ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव नगला जोधा निवासी दिलीप कुमार जाटव मंगलवार शाम नवाबगंज से घर वापस जा रहा था। जैसे ही दिलीप मंझना मार्ग स्थित ब्रह्मदेव के पास खड़ा था। उसी समय थाना क्षेत्र के गांव डभऊआ निवासी भूरे सिंह अपने बरतल निवासी साथी रामवीर के साथ दिलीप से एक बीघा जमीन देने की बात कहने लगा। जिस पर दिलीप ने जमीन देने से मना कर दिया। जमीन देने से मना करने पर भूरे सिंह व रामवीर ने दिलीप को जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जिस पर दिलीप ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो भूरे सिंह व रामवीर ने दिलीप कुमार जाटव के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में दिलीप कुमार जाटव चोटिल हो गया। दिलीप कुमार जाटव ने थाने पहुंचकर पुलिस को भूरे सिंह व रामवीर के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



घायल का उपचार करते चिकित्सक

कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर हजियांपुर चौराहे के आगे एक कोल्ड स्टोर के सामने बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक चालक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लगभग 30 मिनट तक मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। जनपद एटा के अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव किशनपुर निवासी शैलेंद्र (55) अपनी बाइक से अंगदपुर के तेजपाल को लेकर मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव हरसिंहपुर में एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, तभी फर्रुखाबाद की ओर से आ रहे दूसरी बाइक के चालक मोतीलाल से उनकी आमने-सामने टक्कर हो गई। सूचना पर 112 पुलिस व फैजबाग चौकी इंचार्ज प्रदीप कुमार मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमसाबाद भेजा। यहाँ डॉ. अलीम अंसारी ने बाइक चालक शैलेंद्र को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल मोतीलाल को लोहिया अस्पताल रेफर किया गया, जबकि तेजपाल का प्राथमिक उपचार किया गया। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया कि दो बाइकों की जोरदार टक्कर में एक बाइक चालक शैलेंद्र की मौत हो गई है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की है।

# 13 महीने बाद भी नहीं लिखा गया मुकदमा

**चोरी की रिपोर्ट लिखवाने के लिए थाने चक्कर काट रहे अधिकारी**

चकरनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।



सरकार ने तहसील में चक्कर काटती जनता की सहूलियत के लिए पंचायतों में सचिवालयों का निर्माण कराया। जिससे जन्म, मृत्यु, आय, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र जैसी तमाम योजनाओं का जनता को लाभ मिल सके, लेकिन यहां तो पंचायत भवन से कम्प्यूटर, इन्वर्टर और बैटरा ही चोरी हो गया।

इस मामले में अधिकारी कह रहे मुकदमा लिखो चोरी हुई और पुलिस कह रही कोई चोरी नहीं। वर्ष भर बीतने के बाद भी पुलिस अधिकारियों के आदेश के बाद भी मुकदमा नहीं लिख रही है, जिससे पंचायत के सभी काम काज ठप पड़े है। काम काज के लिए जनता सचिवालय के और अधिकारी पुलिस के चक्कर काट रहे है। सहसों थाना के गांव मिटहटी में 24 सितंबर 2024 की रात्रि में मिनी सचिवालय का ताला तोड़कर चोर कम्प्यूटर, इन्वर्टर और बैटरा चोरी कर ले गए। सुबह जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और जांच करने की बात कही। जिसमें पंचायत सहायक प्रियंका यादव, ग्राम विकास अधिकारी अनुज गुप्ता, तत्कालीन एडीओ पंचायत जमुनादास के द्वारा रिपोर्ट लिखाने का काफी प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस ने इनकी एक न सुनी। इधर चोरी की घटना में मुकदमा दर्ज न होने से पंचायत सचिवालय का कंप्यूटर, इन्वर्टर और बैटरा नहीं खरीदा जा सकता और उक्त उपकरण न होने से एक वर्ष से सचिवालय के सभी सरकारी कामकाज, ग्राम पंचायत के विकास कार्य और ग्रामीणों के जरूरी कार्य ठप पड़े हैं। ग्रामीण लगातार विकास खंड कार्यालय पर पंचायत में विकास कार्य न होने की शिकायतें कर रहे है। जिससे ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक परेशान हैं। ग्राम प्रधान रूपश्री ने 12 नवंबर 2024 को तत्कालीन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा को प्रार्थना पत्र देते हुए समूचे मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी तथा तत्कालीन बीडीओ चकरनगर रविंद्र कुमार शशि द्वारा इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए 14 नवंबर 2024 को तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी चकरनगर, एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया व तत्कालीन मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की गई थी, जिसके आधार पर एसडीएम ने 18 नवंबर 2024 को थाना प्रभारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, लेकिन आश्चर्य की बात है कि अधिकारियों के आदेश के बावजूद भी 13 माह बीत गए, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा। सरकारी काम के लिए भटकती गांव की जनता ने पुलिस की लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना हैं कि जब सहसों पुलिस बीडीओ से लेकर एसडीएम के आदेश पर भी मुकदमा नहीं लिख रही, तो आखिर आम जनता के साथ कैसे न्याय करेगी। उक्त चोरी के मामले में पुलिस की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इंदल सिंह ने बताया पंचायत घर पर 13 महीने पहले चोरी हुयी थी।

एसएसपी से गुहार लगाने के 13 महीने बाद भी पुलिस ने चोरी का मुकदमा नहीं लिखा। जिससे पंचायत घर का कोई सामान नहीं खरीद पा रहे है। 13 महीने से विकास कार्य रुका है, क्यों कि पेमेंट गेटवेऐप द्वारा पंचायत घर से होता हैं और ग्रामीण विकास कार्य न होने की बार बार शिकायतें कर रहे है। अलमा अहिरवार प्रभारी निरीक्षक थाना सहसों ने बताया कि मेरे समय का मामला नहीं है, अब इतने पुराने मामले में मुकदमा कैसे लिखा जायेगा।

# जाम की समस्या से निजात के लिए प्रमुख चौराहों पर लगवाई जाए ट्रैफिक रेड लाइट : धर्मेन्द्र जैन

**यातायात नियमों का सुचारु रूप से होगा पालन**

इटावा, समृद्धि न्यूज।



पुलिस लाइन नवीन सभागार में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक एसएसपी बजेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी सहित थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलामहामंत्री धर्मेन्द्र जैन ने कहा शहर के प्रमुख चौराहों तिराहे पर ट्रैफ़िक रेड लाइट लगवाई जाए जिससे जाम की समस्या से निजात भी मिलेगा और यातायात के नियमों का सुचारु रूप से पालन भी होगा। सब्ज़ी मंडी गेट की पुलिया ओर नाली कई बरसों से बंद पड़ी हुई है खुलवाया जाए जिससे नाली का गंदा पानी शहर के प्रमुख बाज़ारों में भरने की समस्या से निजात मिल सके। महिला जिला संरक्षक सुशीला राजावत ने कहा पक्का बाग से आगे हाईवे पुल के पास नाले की पट्टियाँ टूटी हुई है जिसके कारण निकलने वाले राहगीरों आए दिन गिरते रहते हैं नगरपालिका प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतज़ार कर रहा है इसको ठीक कराया। महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाह ने कहा मोहल्ला शाहकमर उप डाकघर की कनेक्टिविटी कई महीनों से खराब पड़ी हुई है अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की है सैकड़ों व्यापारी परेशान हो रहे हैं इसको ठीक कराया। युवा जिलामहामंत्री रंजीत कुशवाह ने कहा शहर के प्रमुख बाज़ारों में बढ़ती सर्दी को देखकर पुलिस गश्त और चौकस की जाए। बैठक में लल्लू वारसी, अशोक कुशवाह, आकाश सोनी, यामीन, रिकू चौधरी, अनस वारसी, मोहम्मद उवैश, मुस्तकीम राईन आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन ने महिला को कुचला, मौत



भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज। भरथना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ऊसराहार-भरथना मार्ग स्थित ग्राम नगला भारा पुलिया के समीप मंगलवार की देर शाम करीब 7 बजे एक सड़क हादसा में बाइक पर पीछे बैठी अधेड़ महिला पार्वती देवी 52 वर्ष पत्नी होमसिंह चौहान निवासी ग्राम मंगुपुर भरथना की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सड़क हादसा में बाइक चालक मृतका का भतीजा अरबिंद चोटिल हो गया,घटना के दौरान मृतका पार्वती थाना क्षेत्र बकेवर स्थित ग्राम बरीपुरा हर्रजापुरा में अपनी बहन के घर से गांव मांगुपुर लौट रही थी। बाइक चालक अरबिंद ने बताया कि वह अपनी चाची को बाइक पर बैठा कर जैसे ही ग्राम नगला भारा के निकट पहुंचा इसी बीच सामने से आ रही एक बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारदी जिसपर वह चाची समेत सड़क पर गिर गए और पीछे से अनियंत्रित दौड़ा आ रहा अज्ञात वाहन चाची को कुचलता हुआ मय वहान के मौके से भाग जाने में सफ़ल हो गया। वहीं घटना को अंजाम देने वाले बाइक सावर भी मय बाइक के भाग निकले। पुलिस को सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। उधर सड़क हादसे में पार्वती की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### सात दिसम्बर को डीएम करेंगे प्रदर्शनी का उद्घाटन

इटावा, समृद्धि न्यूज। उप जिलाधिकारी सदर, जनरल सेक्रेटरी प्रदर्शिनी विक्रम सिंह राघव ने बताया कि जनपद प्रदर्शनी एवं पशुमेला समिति की बैठक में सर्वसम्मत से विचारोपरान्त जिलाधिकारी, अध्यक्ष प्रदर्शनी द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रदर्शनी का उद्घाटन 7 दिसम्बर दिन रविवार को तथा समापन 4 जनवरी दिन रविवार को किया जायेगा। प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सूचना प्रदर्शनी समिति से विचार विमर्श कर पृथक से दी जायेगी।

### टेलीमानस हेल्पलाइन नम्बर से सहायता प्राप्त करें मानसिक रोगी

बांदा, समृद्धि न्यूज। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ0 रतन पाल सिंह सुमन ने बताया है कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से ग्रसित व्यक्तियों को टेली-मनोचिकित्सा और टेली परामर्श जैसे डिजिटल कार्यक्रम प्रदान किये जा रहे हैं, जिसके अन्तर्गत मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्शी के समादर में वेबसाइट एनआईसी में हेल्पलाइन नम्बर की सूचना टेलीमानस हेल्पलाइन नम्बर-14416 अथवा 1800-891-4416 को डायल कर एवं टेलीमानस हेल्पलाइन नम्बर अथवा ऐप डाउनलोड कर मानसिक रोगी सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

### उप परिवहन आयुक्त ने पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ



बांदा, समृद्धि न्यूज। उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र झांसी के डी सिंह गौर ने आज जनपद बांदा की प्रवर्तन टीम के साथ मेडिकल तिराहे पर बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त प्रवर्तन कार्यवाही का नेतृत्व किया। झांसी परिक्षेत्र के उप परिवहन आयुक्त, जिनके पर्यवेक्षण में बुंदेलखंड के 7 जिलों की कमान है, आज झांसी से बांदा पहुंचे और परिवहन विभाग बांदा की सभी प्रवर्तन टीमों को लेकर शहर में व्यापक चेकिंग संपादित कराई। कार्यवाही में कुल 154 दोपहिया वाहनों का चालान किया गया, साथ ही वाहन चालकों की काउंसिलिंग भी गई। उप परिवहन आयुक्त ने बेहद रोचक और चुटीले अंदाज में सड़क पर चालकों से संवाद किया और उन्हें हेलमेट न लगाने के खतरे तथा हेलमेट लगाने के फायदे बताए। इस व्यापक प्रवर्तन कार्यवाही में के डी सिंह गौर के नेतृत्व में श्यामलाल एआरटीओ प्रवर्तन बांदा, राम सुमेर पीटीओ बांदा तरह वीरेंद्र राजभर पीटीओ बांदा मौजूद रहे।

### मेधावी व निर्धन छात्र-छात्राओं को वितरण किया गया नि:शुल्क स्वेटर



बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज। बबेरू क्षेत्र के कैलाशपति इंटर कॉलेज बेरांव में छात्र-छात्राओं को वितरण किया गया नि: शुल्क स्वेटर, स्वेटर पाकर छात्रों के चेहरे खिले। बबेरू तहसील क्षेत्र अंतर्गत कैलाशपति इंटर कॉलेज बेरांव पर बढ़ती हुई सर्दी को लेकर बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे कालेज के प्रधानाचार्य कृष्णावतार चतुर्वेदी एवं शिक्षकों के द्वारा 280 छात्र छात्राओं को स्वेटर पहनाकर ठंडी से बचने के लिए उन्हें प्रेरित किया,जिसमें 150 छात्राओं व 130 छात्रों को स्वेटर वितरण किया गया। स्वेटर पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। वहीं प्रधानाचार्य के द्वारा बताया गया कि, विद्यालय में निर्धन कोष के द्वारा मेधावी छात्र /छात्राओं और निर्धन छात्र/छात्राओं को ठंडी से बचने के लिए स्वेटरों का वितरण किया गया है। स्वेटर वितरण में विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ सुरजन सिंह कुशवाहा, रामचंद्र शुक्ल, उमाकांत द्विवेदी, ओमकार यादव,सौरभ विनय सिंह सहित शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया।

# स्व. इदिरा गांधी ने देश की खातिर जीवन बलिदान किया : प्रशान्त

इटावा, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशान्त तिवारी ने कैंप कार्यालय पर इंदिरा गांधी 108वीं जयंती मनाई एवं उन्हें याद करते हुए तिवारी ने कहा कि राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया। तिवारी ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, आर्थिक सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।

तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी का अद्वितीय और प्रभावशाली नेतृत्व, जिसमें राजनीतिक साहस झलकता था, हमेशा प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि उनकी जनता के प्रति जीवनभर की सेवा और देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए उनके बलिदान को लाखों सलाम करते हैं। तिवारी ने कहा कि इंदिरा गांधी जी की वजह से साहस, देशभक्ति और नैतिकता उन्हें अन्याय के खिलाफमजबूती से खड़े होने की प्रेरणा देती रहती है। भारत के लिए निडर फैसले लेने और हर परिस्थिति में राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखने की प्रेरणा पाई। उनका साहस, देशभक्ति और नैतिकता मुझे अन्याय के खिलाफदृढ़ रहने की प्रेरणा देती है। जयंती पर नरेंद्र यादव, राहुल यादव, प्रदीप कुमार, सुरेंद्र राठौर, अजय कुमार, हिमांशु दीक्षित, अंकित पाल, राहुल कुशवाह रहे।

### जैन धर्म गुरु बाल ब्रह्मचारी शांतानंद महाराज का मंगल आगमन



बांदा, समृद्धि न्यूज। बुधवार को जैन धर्मगुरु बाल ब्रह्मचारी शांता नन्द महाराज का मंगल प्रवेश हुआ जैन अनुयाईयों ने भव्य् अगवानी की ।बता दे की शांतानंद महाराज जी तारण पंथ के उन्नायक है जो बाल ब्रह्मचारी हैं और करीब 29 वर्ष एकांतवास में रहे हैं ओर कठिन साधना मे रत रहते है।जैन साधुओ की चर्या दिन रात आत्मध्यान मे रहती है ओर अनुयाईयों को केवल प्रवचन के माध्यम से धर्म लाभ देने का समय निकालते है, बाकी समय स्व मे ही लीन रहते है। महाराज जी छोटी बाजार स्थित तारण तरण दिगम्बर जैन चौत्यालय परिसर के पास रुके है जिनके प्रवचन रोज सुबह 8.45 बजे को एवं रात्रि 8 बजे होंगे।

# सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर दें विशेष ध्यान : सीडीओ

इटावा, समृद्धि न्यूज।



मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई।

उन्होंने कहा कि बैंक के सभी अधिकारीगण द्वारा सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद का विकास सीडी रेशियो पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में अधिक से अधिक लोन स्वीकृत करके ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन दिया जाए। बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन ओवरसीज बैंक का परफॉर्मेंस बहुत ही खराब पाया गया, इसका सीडी रेशियो 29.04 और 13.75 है, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सीडी रेशियो बढ़ाए जाने हेतु सख्त निर्देश दिए गए। सेंट्रल बैंक का सीडी रेशियो 40.45 है, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा 60: तक सीडी रेशियो बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर बैंक में 60: सीडी रेशियो होना चाहिए एवं 60 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाली बैंक्स को स्ट्रेटजी बनाकर काम करने एवं सीडी रेशियो की ग्रोथ को बढ़ाने हेतु निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, समाज कल्याण अधिकारी विकास प्रिया शर्मा, एलडीएम एवं सभी बैंकर्स सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मेन चौराहे पर जाम में फंसी एंबुलेंस व एसडीएम की गाड़ी



बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज। बबेरू कस्बे के मेन चौराहे में भयंकर जाम,लगा रहा, जिसमें जाम में एंबुलेंस व एसडीएम की गाड़ी फंसी रही। बबेरू कस्बे के मेन चौराहे में अतिक्रमण के चलते मुख्य चौराहे में घंटों जाम लगा रहता है। जाम से राहगीर परेशान रहते हैं। जिसमें बुधवार की दोपहर जाम भयंकर लग गया, जिसमें जाम में एम्बुलेंस व बबेरू एसडीएम बबेरू की गाड़ी फंसी रही, कड़ी मशक्कत के बाद एंबुलेंस और एसडीएम को गाड़ी को निकलवाया गया। बता दे की बबेरू कस्बे में अतिक्रमण के चलते जाम लगता है। जिसको लेकर मुख्य चौराहे का सुंदरीकरण भी किया जाना है। अब लोगों को जाम से निजात पाने के लिए प्रशासन के द्वारा कब मुख्य चौराहे का सौंदरीकरण होगा, यह देखने वाली बात होगी। वही लोगों ने बताया कि जल्द से जल्द मुख्य चौराहे का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण होना चाहिए, ताकि जाम से निजात मिल सके।

### मंडल स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला आयोजित



बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज। बांदा चित्रकूट मण्डल से आए सभी चारों जनपदों के बांदा चित्रकूट महोबा हमीरपुर के प्रतिभागियों ने दिखाई अपनी अपनी सुंदर प्रस्तुति, बांदा शहर के आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज के सभागार मे पर युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के द्वारा मंडल स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला का आयोजन किया गया। बांदा चित्रकूट मंडल से जनपद महोबा हमीरपुर बांदा चित्रकूट, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार पांडेय मुख्य विकास अधिकारी बांदा, सिद्धार्थ कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर मिथिलेश कुमार पांडेय के द्वारा मां सरस्वती पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की जिसमें सबसे पहले जनपद महोबा के छात्रों द्वारा सुंदर सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया । बता दें कि मंडल में प्रतिभाग हेतु चित्रकूट, महोबा, बांदा के प्रतिभागी मौजूद रहे, विधाओं में लोक नृत्य समूह, लोकगीत समूह, साइंस प्रदर्शनी, पेंटिंग, चित्रकला, कविता लेखन, आदि की सुंदर प्रस्तुतियां देखने को मिली जिसमें लोकगीत समूह में महोबा की टीम प्रथम बांदा द्वितीय एवं चित्रकूट तृतीय स्थान पर रहे, लोक नृत्य में महोबा प्रथम बांदा द्वितीय एवं चित्रकूट तृतीय रही पेंटिंग में आयुषी शुक्ला चित्रकूट प्रथम, अमन द्वितीय, रहे विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद महोबा प्रथम, बांदा द्वितीय चित्रकूट तृतीय स्थान पर रहे भाषण प्रतियोगिता में चित्रकूट प्रथम, बांदा द्वितीय, रहे निर्णायकों में मंगल प्रसाद पांडे उप प्रधानाचार्य, रमेश चंद्र, दिनेश कुमार, कमलेश कुमार एन, सी, सी ऑफिसर देशराज सिंह, मंजरी साहू, प्रमोद कुमारी, संगीत के निर्णायक धनंजय सिंह, सुबोध सोनी सुप्रभात मिश्रा ने निर्णय दिया कार्यक्रम के दौरान सतीश कुमार क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बबेरू, आदित्य कुमार, जितेंद्र कुमार, रामबाबू वर्मा शिव शंकर सहित सभी विकास खण्डों के युवा कल्याण अधिकारी एवं दर्शक मौजूद रहे वहीं पर विजई प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम का सफल संचालन अमन यादव द्वारा अपने सुंदर अंदाज में किया।

# मुरवल मेन चौराहों के गढ्ढों के विरोध में बुंदेलखण्ड इंसाफ सेना का प्रदर्शन

**पपीता व आम का पेड़ लगाकर जताया विरोध**

बांदा, समृद्धि न्यूज।



बुंदेलखंड इंसाफ सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ए एस नोमानी सहित प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि बबेरू बांदा मार्ग स्थित मुरवल कस्बे मैंन चौराहे से लगभग लाखों लोगों का आवागमन होता है तथा इसी रोड से एंबुलेंस से लेकर स्कूली बच्चे व आम जनमानस का आवागमन है, जिस पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जिसमें संगठन के पदाधिकारियों ने पपीता व आम का पेड़ लगाकर सरकार एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को जगाने का कार्य किया है।

आगे ए एस नोमानी ने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री का गड्ढा मुक्त मिशन पूरे तौर पर फेल है, और गड्ढा मुक्त के नाम पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा लगातार लाखों/करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया जा रहा है, यदि विभाग के अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचार ना किया गया होता तो आज इस गड्ढे में इंसाफ सेना के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पौधे ना लगा रहे होते, और बहुत ही अफसोस कि बात यह भी है कि इसी रोड से इस क्षेत्र के विधायक व सांसद भी निकालते हैं, लेकिन यह भी पूरे तौर पर विकास के नाम को लेकर चुपकी साधे हुए हैं, संगठन के पदाधिकारी ने यह भी ऐलान किया है कि यदि एक सप्ताह के भीतर गड्ढा मुक्त नहीं किया गया तो मुरौल कस्बे में ही हम लोग धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे, जिसके संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पुरस्कृत

बांदा, समृद्धि न्यूज।



बुधवार को सेंट जार्ज क्रिकेट अकादमी बांदा में अक्टूबर माह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया गया इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी ध्रुव कुमार, सिद्धांत, विनायक त्रिपाठी, अथर्व शर्मा, अमन पटेल, आदित्य तिवारी, आरव, ओम राजपूत, हर्षित राजपूत, गिरीश पटेल आदि को पुरस्कृत किया गया। सेंट जार्ज क्रिकेट अकादमी का लक्ष्य खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा व बेहतरीन अभ्यास सत्र के साथ अच्छा मंच प्रदान करना है। जिसके तहत सभी खिलाड़ियों की क्षमता के हिसाब से अभ्यास कराया जाता है, इसका परिणाम निकट भविष्य में सभी के सामने होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार( समाजसेवी )श्री सुनील सक्सेना, श्री शिव कुमार उर्फ बड़कू भईया, सेंट जॉर्ज क्रिकेट अकादमी के प्रधानाचार्य श्री अल्बर्ट रसकिन सर,श्री राघवेंद्र तिवारी जी के साथ अकादमी के मुख्य कोच ललित प्रताप,मनीष माधव, शुभम कुमार मौजूद रहे। सुनील सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि क्रिकेट अकादमी का संचालन मुख्य को ललित प्रताप जी के द्वारा किया जा रहा है जिसमें अंडर14 के बच्चों एवं14से उपर के खिलाड़ियों की क्षमता को बढ़ाने का सारा श्रेय उनको जाता है। आज बांदा में क्रिकेट प्रशिक्षित कोचों माध्यम से उचित मार्गदर्शन से प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसमें छोटे-छोटे बच्चे टेक्निकल बातों को ध्यान रखकर अपने आने वाले भविष्य में खेल का बेहतर प्रदर्शन करेंगे मैं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और अच्छा प्रदर्शन कर ,खेल कर अपने जनपद का प्रदेश और देश,विदेश में नाम रोशन करें यही आशा एवं उम्मीद करते हैं।

# अवैध मिट्टी खनन का डंपर पकड़ा

**इकदिल क्षेत्र में माफियाओं में हड़कंप**

इटावा, समृद्धि न्यूज।

सिविल लाइन थाना पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आईटीआई चौराहा के पास मिट्टी से भरा एक डंपर पकड़ लिया। लंबे समय से चल रहे इस अवैध कारोबार पर पहली बार इतनी सख्त कार्रवाई देखकर खनन माफ़ियाओं में भगदड़ मच गई।जानकारी के मुताबिक, सोमवार देर रात अवैध खनन इकदिल के पास मुसावली गांव से भरकर शहर में डंपिंग किया जाता था।

पुलिस की गिरफ्त में आए ड्राइवर ने स्वीकार किया कि डंपर में भरी मिट्टी मुसावली में हो रहे अवैध खनन से ही लाई गई थी। वाहन से न तो खनन की कोई वैध रसीद मिली और न ही परिवहन संबंधी कोई कागज़।तेज रफ्तार संदिग्ध डंपर ने खड़ी कर दी शंकाआईटीआई चौराहा पर वाहन चेकिंग में लगी पुलिस को देर रात एक तेज रफ्तार से आता डंपर संदिग्ध लगा। रुकवाकर जांच की गई तो पूरा मामला खुल गया। ड्राइवर से पूछताछ के बाद यह जानकारी मिलते ही पुलिस ने तुरंत अतिरिक्त बल मुसावली गांव भेजा।लेकिन कार्रवाई की भनक लगते ही खनन माफ़िया जेसीबी मशीनों और अन्य डंपरों को लेकर मौके से फ़रार हो गए। पुलिस जब मौके पहुंची, वहां सिर्फखनन के ताज़ा निशान मिले। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है, कि लंबे समय से यहां बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी निकालने का खेल चल रहा था और माफ़िया पहले से ही सतर्क थे। डंपर सीज, 1.40 लाख का जुर्मानासिविल लाइन प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि पकड़े गए डंपर पर एआरटीओ और खनन विभाग की मदद से एक लाख चालीस हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दस्तावेज न होने पर वाहन को सीज कर दिया गया है। देर रात हुई इस कार्रवाई की खबर जैसे ही इकदिल व आसपास के इलाकों में फैली, लोगों में हलचल बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से इकदिल इलाके में रातभर जेसीबी और डंपर चलते रहते थे। मिट्टी के अंधाधुंध कटान से खेतों की मेड़ों पर असर पड़ने लगा है और कई जगह जमीन कमजोर हो गई है।

# समस्याओं का प्राथमिकता से करें निस्तारण : अर्चना पटेल

**राज्य महिला आयोग सदस्य ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं**



बांदा, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पटेल ने आज सर्किट हाउस सभागार में महिला जनसुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, बालश्रम, दहेज उत्पीडन, बाल विवाह आदि से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनके प्रकरणों का निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये।

सर्किट हाउस में आयोजित महिला जनसुनवाई में उन्होंने महिलाओं के घरेलु हिंसा, दहेज उत्पीडन एवं अन्य समस्याओं से सम्बन्धित महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण किये जाने के निर्देश पुलिस एवं सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में महिलाओं के हितों का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता पर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

उन्होंने महिला जनसुनवाई में पीडित महिलाओं को आर्थिक सहायता दिलाये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि दहेज एवं घरेलू हिंसा व अन्य प्रकरणों से सम्बन्धित उत्पीडित महिलाओं की गम्भीरता पूर्वक पूरी समस्या को सुनते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण शीघ्र करायें।

उन्होंने महिला जनसुनवाई में ग्राम पचुल्ला की श्रीमती ललिता द्वारा ग्राम के सफाई कर्मी द्वारा अभद्रता करने की शिकायत पर एसएचओ कोतवाली देहात को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने बलखण्डीनाका निवासी श्रीमती शबीना के द्वारा घर पर चोरी होने की शिकायत करते हुए पुलिस विभाग द्वारा कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध प्रार्थना पत्र देने पर उन्होंने एसएचओ कोतवाली को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उन्होंने तिन्दवारी में जन चौपाल आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए उनके निराकरण के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिये।

महिला जनसुनवाई में अपर पुलिस अधीक्षक सुश्री मेविस टॉक, महिला थानाध्यक्ष मोनी निषाद, जिला सूचना अधिकारी श्री राम जी दुबे जिला दिव्यांगजन एवं पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने इंदिरा गांधी व रानी लक्ष्मीबाई को याद करते हुए दी श्रद्धांजलि

बांदा, समृद्धि न्यूज।




जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंद्रा गांधी सभागार में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रीमती इन्दिरा गांधी एवं बुंदेलखंड की आन बान शान रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर कांग्रेसियों ने अपनी सच्ची पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि ष्भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी बचपन से ही क्रांतिकारियों के सानिध्य में रहीं और देश की आजादी के लिए जेल यातनाएं भोगी, देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री का गौरव प्राप्त होने के साथ साथ देश ही नहीं वरन समूचा विश्व आयरन लेडी के नाम से जानता व मानता था, अन्तिम समय में राष्ट्र के नाम सम्बोधन में उन्होंने कहा था कि मैं जीवित रहूं या न रहूं मेरे खून का एक एक कतरा देश को मजबूती प्रदान करेगा। वहीं दूसरी ओर बुंदेलखंड की आन बान शान रानी लक्ष्मीबाई को जिन्हें 1857 में दिल्ली के सुल्तान बहादुर शाह जफर ने जंगे आजादी का कमांडर इन चीफ बनाया, रानी झांसी ने अपने दुध मुंहे बच्चे को पीठ में बांधकर ब्रिटिश हुकूमत से भीषड़ संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुई, इन दोनों वीर वीरांगनाओं का देश का प्रत्येक नागरिक सदैव ऋणी रहेगा।शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अफसाना शाह ने प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी व झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व एवम् कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सभी कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश खान, कार्यालय प्रभारी शिवबली सिंह, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, बांदा कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, के पी सेन, छेदीलाल धुरिया, राजेश गुप्ता पप्पू, जिलानी दुर्रानी, दुर्गा जाटव, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी, मोहम्मद इस्लाम, सैय्यद वारिस अली, अली बख्श, रहीसा बेगम, अशोक चौहान, रेनू शर्मा, नाथूराम सेन, केशव पाल, मेहंदी हसन, कमालुद्दीन, गोविन्द नारायण, आदित्य द्विवेदी, रामस्वरूप कुशवाहा, आनन्द कुमार कुशवाहा, रवि शंकर धुरिया, कृष्ण गोपाल धुरिया उपस्थित रहे।